आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

मां दुर्गा के नौ स्वरूप और
आध्यात्मिक यात्रा



वाराणसी, सोमवार १२ अक्तूबर, २०२६ सौर २६, आश्विन शुक्ल २, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

JOINT CENTER
BONE & JOINT INSTITUTE

रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद
मरीजों को सबसे बड़ा
पछतावा?



पहले 100
लोगों के सही उत्तर देने पर
मिलेगा एक
विशेष गिफ्ट हैंम्पर!

अपना उत्तर देने के लिए कॉल या मैसेज करें | +91 7084 167 835

रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट | घुटना एवं कूल्हा विशेषज्ञ | वाराणसी

नोट- सभी अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित हैं। नियम एवं शर्तें लागू।







मां की मूर्ति व दर्शन के लिए उमड़ी भीड़। छाया:आज

शारदीय नवरात्रि पर मां भवानी के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

गाजीपुर। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार को जनपद के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त मां के दर्शन कर परिवार की खुशहाली, सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना कर रहे हैं। नवरात्र पर अपने-अपने घरों में विधि विधान से कलश स्थापित कर पूजा प्रारंभ किया। उतरांव प्रतिनिधि के अनुसार-मुहम्मदाबाद-बलिया मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध मां कष्टहरणी भवानी मंदिर करीमुद्दीनपुर में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में अखंड दीप प्रज्वलित कर मन्नत मांगने की परंपरा के चलते यहां महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिल रही है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, सच्चे मन से मांगी गई मुराद मां कष्टहरणी भवानी के दरबार में पूरी होती है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। बड़ी संख्या में महिलाएं अखंड दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना में जुटी हुई हैं। मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिनों तक या निर्धारित अवधि में अखंड दीप जलाकर मां की आराधना करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां कष्टहरणी भवानी मंदिर में उमड़ी भीड़ क्षेत्र की धार्मिक आस्था और परंपरा को दर्शा रही है। भक्त मां के दर्शन कर परिवार की खुशहाली, सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना कर रहे हैं। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- शारदीय नवरात्र के पहले दिन स्थानीय नगर में स्थित शायर माता मंदिर सहित क्षेत्र के देवी मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं नें माता रानी से सुख समृद्धि और शांति की कामना की। सुबह से ही माता रानी के दरबार में भक्तों का ताता लगा रहा। सबसे अधिक भीड़ दिलदारनगर स्थित दो रेलवे लाइनों के बीच स्थित शायर माता के मंदिर पर रही। नगर सहित क्षेत्र में भक्ति माता रानी के मंगल दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी भक्ति माता रानी के मंगल दर्शन के लिए श्रद्धालु सुबह से ही कतारों में लग रहे। पहले दिन मां शैलपुत्री स्वरूप की आराधना से भक्त अपने जीवन में स्थिरता और सुख समृद्धि की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र का पहला दिन पूरे परिवार के लिए बेहद शुभ और मंगल कारी होता है। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को नंदगंज क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में हवन-पूजन और आरती के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धा एवं उल्लास के बीच स्थापित की गईं। प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न पंडालों में आकर्षक झांकियां और सजावट लोगों का मन मोह रही हैं। मां के भक्तिगीतों और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय होता जा रहा है। बाजार के चोचकपुर तिराहे पर इस वर्ष इसरो के चंद्रयान की थीम पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन तिराहे पर थाना गेट के समीप लंबी गुफा (कंदरा) का निर्माण कर उसमें मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। इस पंडाल की खासियत हाइड्रोलिक तकनीक के सहारे मां दुर्गा की प्रतिमा को ऊपर-नीचे करने की व्यवस्था है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पंडालों में बज रहे मां के भक्तिगीतों, गूंजते जयकारों और श्रद्धालुओं की आवाजाही से पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है। जखनिया प्रतिनिधि के अनुसार- शारदीय नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र के सिद्धपीठ हथियाराम मठ में मां के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर परिसर मे भीड रही । सिद्ध रात्रि धाम में काशी के वैदिक विद्वानों द्वारा शतचण्डी अनुष्ठान किया जा रहा है। मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर में दर्शनार्थियों के पहुंचने की भीड रही । दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। सैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार- शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई। नगर के प्राचीन देवी काली और शीतला मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे। भक्तों ने मां को गुड़हल के फूल, कपूर, नारियल और चुनरी चढ़ाकर सुख-समृद्धि मांगी।नवरात्र के लिए घरों में भी सुबह से तैयारियां चलती रहीं। श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा घर और घर की साफ-सफाई की। फिर विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा की गई। कई घरों में कलश स्थापना भी हुई। पहले दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने व्रत रखा। कुछ भक्त पूरे नौ दिनों तक मां की पूजा करेंगे।

अखंड दीप जलाने पहुंचीं महिलाएं

विधानसभा चुनाव-२०२७ की तैयारी तेज, १२ अक्तूबर से ईवीएम और वीवीपैट की जांच

गाजीपुर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) 12 अक्टूबर से शुरू होगी। यह जांच जिला निर्वाचन कार्यालय में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा की जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जांच प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक निर्वाचन से पहले चुनाव में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम और वीवीपैट की जांच एवं परीक्षण संबंधित निर्माता कंपनी के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में किया जाता है। प्रथम स्तरीय जांच में सही पाई जाने वाली यानी ओके घोषित मशीनों का ही निर्वाचन में उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि एफएलसी की पूरी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित नियमावली के अनुसार संपन्न कराई जाती है। इसकी निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से भी की जाती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से नौ अक्टूबर को लिखित रूप से अनुरोध किया गया था कि वे जांच प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए अपने प्रतिनिधियों को अधिकृत करें। इस अनुरोध पत्र की प्राप्ति की पुष्टि संबंधित राजनीतिक दलों के राज्य मुख्यालयों ने भी कर दी है। ईवीएम और वीवीपैट की जांच से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

झोपड़ी में आगजनी से गृहस्थी खाक

भांवरकोल(गाजीपुर)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेलसड़ी में अचानक आग लगने से बृजभान यादव की एक झोपड़ी तथा एक टीनशेड और उनमें रखा नगदी सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। रविवार को दोपहर में बृजभान यादव की झोपड़ी में अचानक आग लग गई । आग लगने की जानकारी होते ही ग्रामीण वहां पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीण आग पर जब तक काबू पाते काबू पाते, आग की लपटों ने बृजभान यादव की एक झोपड़ी तथा एक टीनशेड वह उसमें रखी सारा सामान को जलकर नष्ट कर दिया। बृजभान यादव की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और अगलगी के बाद सही सलामत उसके पास कुछ भी नहीं बचा है। वह झोपड़ी और टीन में परिवार सहित रहकर अपना गुजर बसर कर रहा था। अगलगी के बाद अब बृजभान का परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। अब उसके पास न तो रहने के लिए छत है न कपड़ा और न ही भोजन के लिए अनाज। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव ने बताया कि गांव के लोग प्रयत्नशील हैं और जो भी संभव होगा, आग लगी से प्रभावित परिवार की मदद की जाएगी। समाचार दिए जाने तक राजस्व विभाग का तो कोई कर्मचारी नहीं पहुंच सका था लेकिन सूचना पाकर ग्राम पंचायत में तैनात सचिव कृपेश कुमार मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार महेंद्र बहादुर ने कहा कि राजस्व कर्मी को मौके पर भेज कर जांच आख्या मंगा कर हर संभव पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी।

अपराधियों पर सख्ती बरतें, महिला अपराधों में त्वरित काररवाई करने का निर्देश

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को पुलिस लाइन में जिले के सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों, टॉप-10 अपराधियों, गुंडों, माफियाओं और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में एसपी ने थाना क्षेत्रों में होने वाले अपराधों की प्रकृति और सक्रिय अपराधियों के संबंध में जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और साक्ष्य संकलन के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने, उन्हें लिंक करने तथा कंट्रोल रूम स्थापित करने की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही पुलिस बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, पुलिस पेंशनरों की बैठक, जनशिकायतों, आईजीआरएस और ऑपरेशन दृष्टि/त्रिनेत्र के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्नान के दौरान गंगा में डूबी बालिका

भांवरकोल(गाजीपुर)। क्षेत्र के पलियां बुजुर्ग गंगा घाट पर दो अन्य लड़कियों के साथ रविवार को सुबह स्नान करने के दौरान पलियां निवासी सुनील गोंड़ की लगभग 10 वर्षीय पुत्री शिवांजली गंगा के गहरे पानी में समा गई। अपने माता-पिता की तीन संतानों में शिवांजलि दूसरे नंबर पर थी। स्वजन के अनुसार वह बलिया जनपद के भरौली स्थित निजी विद्यालय में कक्षा 3 में पढ़ रही थी। रविवार को सुबह शिवांजली अपनी चचेरी बहन स्वरागिनी तथा फुफेरी बहन स्नेहा के साथ गंगा स्नान करने चली गई थी।स्नान करते समय यह तीनों बालिकाएं डूबने लगी इस दौरान वहां मौजूद श्रीनिवास चौधरी नाव लेकर वहां पहुंच गया और उसने किसी तरह स्नेहा और स्वरागिनी को तो बचा लिया लेकिन शिवांजलि पानी में डूब गई।सूचना मिलते ही गंगा घाट पर लोगों की भीड़ लग गई ।थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय अपनी सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ ही समय में तहसीलदार महेंद्र बहादुर भी पलिया गंगा घाट पर पहुंच गए। ग्रामीण और आसपास के लोग जल डालकर गंगा में जाल डालकर लापता शिवांजली की तलाश में जुट गए । समाचार दिए जाने तक शिवांजलि का कुछ भी पता नहीं चल सका था। तहसीलदार महेंद्र बहादुर ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है।



आगजनी में खाक झोपड़ी का दृश्य। छाया:आज

फोरलेन पर दो ट्रकों की टक्कर, चालक, खलासी घायल

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर महेंगवा गांव के पास देर रात पेट्रोल पंप से निकल रहे ट्रक को मऊ की तरफ से दूसरे ट्रक ने पीछे से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए, टक्कर मारने वाली ट्रक के चालक और खलासी को मामूली चोटें आईं है। गोरखपुर से मैदा लादकर ट्रक तमिलनाडु जा रहा जा रहा था वह महेंगवा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से डीजल भरवाने के बाद ट्रक सड़क पर निकल रहा था। इसी दौरान गोरखपुर से मध्य प्रदेश की ओर जा रहा दूसरा खाली ट्रक पीछे से आकर टक्कर मार दिया ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर मारने वाली ट्रक का चालक अरविंद बैरागी निवासी सीखपुरी मध्यप्रदेश खलासी दुर्गेश बैरागी चोटिल हो गए दोनो का उपचार स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया।



क्षतिग्रस्त वाहन का दृश्य। छाया:आज



रामलीला में राम वनगमन का मार्मिक मंचन

दशरथ-कैकेयी-श्रीराम संवाद और विदाई की कोई लीला

गाजीपुर। अति प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में शनिवार की शाम हरिशंकरी स्थित श्रीराम चबूतरा पर रामलीला के पांचवें दिन राजा दशरथ-कैकेयी-श्रीराम संवाद और राम वनगमन से पूर्व विदाई मांगने की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। राजा भैया आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से ऐसा समां बांधा कि दर्शक भावुक हो उठे। लीला का शुभारंभ कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी सहित पदाधिकारियों द्वारा आरती-पूजन के साथ हुआ। लीला में दिखाया गया कि महारानी कैकेयी को जब पता चलता है कि राजा दशरथ श्रीराम को अयोध्या का राजपाट सौंपने जा रहे हैं, तो दासी मंथरा उन्हें देवासुर संग्राम के दौरान मिले दो वरदानों की याद दिलाती है। मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी कोपभवन में चली जाती हैं। राजा दशरथ उन्हें मनाने पहुंचते हैं, जहां कैकेयी अपने दो वरदानों में भरत के लिए राजगद्दी और श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगती हैं। यह सुनकर राजा दशरथ स्तब्ध रह जाते हैं। वह कैकेयी से निर्णय बदलने की गुहार लगाते हैं, लेकिन वह अपने वचन पर अडिग रहती हैं। पुत्र वियोग की आशंका से व्याकुल दशरथ मूर्छित हो जाते हैं।पिता की स्थिति जानकर श्रीराम उनके पास पहुंचते हैं। कैकेयी से वनवास की बात सुनने के बाद वह पिता के वचन और रघुकुल की मर्यादा बनाए रखने के लिए सहर्ष वन जाने को तैयार हो जाते हैं। श्रीराम माता कौशल्या से आज्ञा लेने पहुंचते हैं तो माता सीता और भाई लक्ष्मण भी उनके साथ वन जाने का निर्णय लेते हैं। राम वनगमन के दृश्य के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से लीला स्थल को गुंजायमान कर दिया।

मोबाइल छीनने वाले तीन नाबालिग गिरफ्तार

सैदपुर, गाजीपुर। पुलिस ने मोबाइल छीनने के आरोप में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। उन्हें वाराणसी-गाजीपुर हाईवे पर बडेपुर गांव के पास एक यात्री शेड से पकड़ा गया। पुलिस को मुखबिर से इसकी सूचना मिली थी। नाबालिगों के पास से एक सैमसंग कंपनी का छीना हुआ मोबाइल बरामद हुआ। उनकी तलाशी में दो मल्टीमीडिया और एक की-पैड मोबाइल भी मिला। ये सभी मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने 6 अक्टूबर 2026 को बौरवां बाजार के पास नहर की पटरी पर एक महिला से मोबाइल छीनने की घटना कबूली। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

लोकनायक की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

गाजीपुर। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर समाजवादी पार्टी और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके स्वतंत्रता संग्राम, संपूर्ण क्रांति आंदोलन और लोकतंत्र की रक्षा में दिए गए योगदान को याद किया गया। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय समता भवन में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और कुशल राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने आजादी के आंदोलन के साथ ही लोकतंत्र की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने कहा कि संपूर्ण क्रांति आंदोलन के माध्यम से जयप्रकाश नारायण ने देश की राजनीति को नई दिशा दी। उनका त्याग और समर्पण युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। सपा कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सदानंद यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन महामंत्री कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने किया। वहीं, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में गोराबाजार स्थित जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। महासभा के संरक्षक एवं मुख्य वक्ता प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया था। उनके आंदोलन ने देश की राजनीति में व्यापक बदलाव लाया।

भाज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

आध्यात्मिक यात्रा

मां दुर्गा के नौ स्वरुप



वाराणसी, सोमवार १२ अक्तूबर, २०२६ सौर २६, आश्विन शुक्ल २, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



सीजेपी समर्थकोंकी सामूहिक हिरासतपर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हिरासतका कानूनी अधिकार बताये सरकार, मेट्रो सेवाएं सामान्य करने, इंटरनेट बहाली का निर्देश

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली में सीजेपी के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को



विशेष सुनवाई के दौरान कई अहम निर्देश जारी किये। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत ने मेट्रो और रेलवे सेवाओं को सामान्य करने, इंटरनेट बहाल रखने तथा नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में मेट्रो और ट्रेन सेवाओं से संबंधित आदेशों के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किया। यह याचिका सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान परिवहन सेवाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट ने बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिए जाने के आरोपों से जुड़ी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं और अन्य संबंधित मामलों को मुख्य मामलों के साथ 13 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 का भी उल्लेख किया, जिसके तहत मौलिक अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। अदालत ने कहा कि मौलिक अधिकारों की रक्षा करना उसका संवैधानिक दायित्व है। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि शुरुआत में 57 मेट्रो स्टेशनों को बंद करने का प्रस्ताव था, लेकिन अदालत (शेष पृष्ठ नौ पर)

चार लाख भक्तोंने किया मां विंध्यवासिनीका दर्शन

विंध्याचल (ह.स.)। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां विंध्यवासिनी धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के अनुसार, प्रथम दिन चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेका। मां शैलपुत्री के दर्शन के लिए मध्यरात्रि से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गईं। भोर में मंगला आरती से पहले गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मंदिर के पांच प्रमुख मार्गों पर



नवरात्र के प्रथम दिवस विन्ध्यधाममें उमड़े श्रद्धालु

लंबी कतारें लगी रहीं और जयकारों से पूरा विंध्यधाम गूंज उठा। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए एडीजी वाराणसी नवीन अरोरा सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहे। डीएम पवन कुमार गंगवार, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार और एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विशिष्ट दर्शन के लिए पास अनिवार्य किया गया, जबकि बिना पास प्रवेश पर रोक रही। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की भीड़ रही। मंदिर परिक्षेत्र में तीर्थपुरोहितों ने दर्शन-पूजन में सहयोग किया, वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सा शिविर भी लगाया गया।





दिल्लीमें सीजेपी का लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन, सांसद सहित कई हिरासतमें

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन जारी रहने के बीच यहां कनॉट प्लेस के इनर सर्किल से और राजीव चौक से जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सांसद जॉन ब्रिटास समेत कई प्रदर्शनकारियों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। सोशल मीडिया में सामने आ रहे दृश्यों में प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर की ओर मार्च करते और ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे लगाते नजर आए। (शेष पृष्ठ नौ पर)

नेपालमें अचानक आयी बाढ़ से भारी तबाही, दससे अधिक लापता

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के गोरखा जिले में रविवार को एक नदी में अचानक आयी बाढ़ से 35 से अधिक मकान और पुल बह गये। प्राधिकारियों ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की है।

कई मकान और पुल बहे

खबर के अनुसार, चुमनुब्री ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड संख्या तीन के अध्यक्ष राम कुमार गुरुंग ने बताया कि बूढ़ी गंडकी नदी में आयी बाढ़ से सल्लेरी, पायूका और जगत में नदी किनारे स्थित मकान बह गये। बाढ़ में वार्ड को जोड़ने वाला एक पुल भी बह गया। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शुरुआती खबरों के अनुसार, सिउरीबास के ऊपरी इलाके में भूस्खलन हुआ था। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। स्थानीय लोगों को संदेह है कि चुमनुब्री-6 में लोकपा और चुमलिंग के बीच बूढ़ी गंडकी (शेष पृष्ठ नौ पर)

इंडिया ब्लाक के नेताओंसे नहीं मिलेंगे सीजेआई

विपक्षी नेताओंने सीजेआई से मिलनेका मांगा था समय

नयी दिल्ली (आससे)। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने राहुल गांधी को मिलने का समय देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह सोमवार को सीजेआई से मिलना चाहते थे। उन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर बात करनी थी। खबर के मुताबिक, सीजेआई ने राहुल गांधी के आधिकारिक ईमेल का जवाब देते हुए यह बात कही। रिपोर्ट के



मुताबिक, सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जिन मुद्दों पर राहुल गांधी बात करना चाहते हैं, वे पहले से सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसलिए इस बारे में अलग से मुलाकात करना उचित नहीं होगा। सीजेआई ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट (शेष पृष्ठ नौ पर)

सुप्रीम कोर्ट तक विपक्षका मार्च आज

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी ने सोमवार को विपक्षी दलों, युवाओं और नागरिक समाज के संगठनों के साथ सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने की घोषणा की। उन्होंने एक्स पर आरोप लगाया कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ पुलिस और भाजपा के लोगों ने मारपीट की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को दिल्ली में (शेष पृष्ठ नौ पर)

विशाखापत्तनममें ८.९८ करोड़ का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

हैदराबाद (एजेंसी)। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 8.98 करोड़ रुपये मूल्य का 5.8 किलोग्राम सोना जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डीआरआई की विशाखापत्तनम इकाई ने विशेष (शेष पृष्ठ नौ पर)

चेन्नई जा रहे इंडिगो विमानकी हैदराबादमें इमरजेंसी लैंडिंग

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई थी।धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट (शेष पृष्ठ नौ पर)



एक नजर इधर भी

बीएचयू के निर्माण कार्यों पर डीएम सख्त, तय समय में पूरा करने का अल्टीमेटम

बीएचयू में निर्माणाधीन परियोजनाओं की धीमी रफ्तार पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को सख्त रुख अपनाया। उन्होंने ट्रामा सेंटर में १९२ बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल (सीसीएच), १२०० सीटों वाले बालिका छात्रावास और ६२८ सीटर अय्यर छात्रावास का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति परखी। कार्यदायी संस्था सीपीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को शिफ्टवार श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर युद्धस्तर पर काम कराने और निर्धारित समयसीमा में परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। बीएचयू में ५७.६६ करोड़ रुपये की लागत से अय्यर छात्रावास का निर्माण और नवीनीकरण कराया जा रहा है। इसके तहत २८४ दो-सीटर कमरे बनाये जाएंगे और मौजूदा छात्रावास के ६२ कमरों का नवीनीकरण होगा। इससे विद्यार्थियों की आवास क्षमता २७२ से बढ़कर ६२८ हो जाएगी। नये ब्लाक को ३१ दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, १२०० सीटों वाले बालिका छात्रावास की भौतिक प्रगति ७६ प्रतिशत बतायी गयी। ठेकेदार का अनुबंध निरस्त होने के बाद शेष कार्य के लिए टेंडर प्राप्त हो चुके हैं। एक हॉस्टल और डाइनिंग ब्लाक ३१ दिसंबर तक, दो ब्लॉक मार्च २०२७ और शेष दो ब्लाक जून २०२७तक पूरे करने की योजना है।

खिड़की पेंट करते समय करंट लगने से छात्र की मौत

मिर्जामुराद। क्षेत्र के अरका कन्सरायपुर गांव में रविवार की शाम अपने घर की खिड़की पेंट कर रहे १७ वर्षीय किशोर छात्र की करंट लगने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अरका कन्सरायपुर निवासी योगेंद्र कुमार का पुत्र राहुल कुमार कक्षा ११ का छात्र था। नवरात्र की साफ-सफाई के बाद वह शाम को घर की खिड़की पेंट कर रहा था। इसी दौरान पास से गुजर रहे घरेलू बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने तुरंत बिजली काटकर उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। राहुल दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। पिता मछली पालन कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, वही सूचना पर मिर्जामुराद पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। बाद में परिजनों ने कछवां के बरैनी घाट ले जा कर शव का दाह संस्कार कर दिया।

नवरात्र में मैहर स्टेशन पर रूकेगी नौ जोड़ी ट्रेनें

शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नौ जोड़ी ट्रेनें मैहर स्टेशन पर रूकेगी। पांच मिनट का अस्थायी ठहराव होगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सुमित कुमार ने बताया कि ११ से २१ अक्तूबर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, २० अक्तूबर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा, १९ अक्तूबर तक पूरटच्चि तलैव्वर डॉक्टर एमजीआर सेंट्रल-छपरा गंगा कावेरी, १७ अक्तूबर तक वलसाड-मुजफ्फरपुर श्रमिक तथा १२ से १९ अक्तूबर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर रुकेगी। सीपीआरओ ने बताया कि १४ से २१ अक्तूबर तक दुर्ग-नौतनवा, १५ अक्तूबर को पुणे-गोरखपुर, १२ से १९ अक्तूबर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट, ११ से २१ अक्तूबर तक सूरत-छपरा, ११ से २१ अक्तूबर तक गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस और १२ से २२ अक्तूबर तक छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का भी ठहराव होगा। इसके अलावा १२ से २१ अक्तूबर तक छपरा-पूरटच्चि तलैव्वर डॉक्टर एमजीआर सेंट्रल (चेन्नई) गंगा कावेरी, १२ से १९ अक्तूबर तक चलने वाली मुजफ्फरपुर-वलसाड श्रमिक, १७ अक्तूबर तक रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, ११ से १८ अक्तूबर तक नौतनवा-दुर्ग, १७ अक्तूबर तक गोरखपुर-पुणे, १३ से २० अक्तूबर तक अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस और छपरा-सूरत एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर रुकेगी।

विंध्याचल में रुकेगी बनारस-एलटीटी सुपरफास्ट

शारदीय नवरात्र में बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस विंध्याचल स्टेशन पर दो मिनट रुकेगी। यह अस्थाई स्टॉपेज होगा। सीपीआरओ सुमित कुमार ने बताया कि ११ से २६ अक्तूबर तक गाड़ी संख्या १२१६७ विंध्याचल स्टेशन पर रात १०.१५ बजे पहुंचेगी। दो मिनट रुकने के बाद वह रात १०.१७ बजे रवाना होगी। इसी क्रम में ११ से २६ अक्तूबर तक गाड़ी संख्या १२१६८ दोपहर १२.१० बजे यहां पहुंचेगी। विंध्याचल स्टेशन पर दो मिनट रुकने के बाद दोपहर १२ : १२ बजे रवाना होगी।

खाते से ७५ हजार की जालसाजी, मुकदमा दर्ज

भेलूपुर थाना क्षेत्र के सरायसुर्जन बजरडीहा के रहने वाले मोहम्मद सुहैल की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को अज्ञात जालसाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। आरोप है कि उनके खाते से अज्ञात जालसाज खाते से ७५ हजार रुपये की जालसाजी कर दी। खाते से पैसा कटने के बाद जानकारी हुई। मामले में पीड़ित की शिकायत पर भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

पुरानी रंजिश में मारपीट, मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के बाराडीह बबुरहनिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में पीड़ित रामदुलार के अनुसार, शनिवार को उनके पड़ोसी अजीत कुमार, सचिन कुमार, सन्तीश कुमार और बृजेश कुमार उनके भतीजे जयप्रकाश के साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसका विरोध जयप्रकाश, उनकी भतीजी ज्योति और उनके छोटे भाई की पत्नी धन्तिरा ने किया, तो उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में तीनों को चोटें आयीं। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। वही इस मामले में कपसेठी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करते हुए आगे की काररवाई में जुटी हुई है।

एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंचने का आरोप, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के बलुआ गांव में निवासी १४ वर्षीय एक किशोर नहाते समय शनिवार को वरुणा नदी में डूब गया था जिसे एनडीआरएफ की टीम ने काफी खोजबीन किया लेकिन वह नहीं मिला। रविवार को सुबह जब एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची, तो आक्रोशित ग्रामीणों ने पूर्वाह्न १० बजे बाबतपुर कपसेठी मार्ग पर बलुआ तिराहे के पास चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही बड़ागांव पुलिस मौके पर पहुंच गयी। थाना प्रभारी बड़ागांव प्रवीण कुमार सिंह के काफी समझाने बुझाने के पश्चात एक घंटे बाद चक्का जाम समाप्त कराते हुए आवागमन प्रारंभ कराया। बताते चलें कि शनिवार को सुबह वरुणा नदी में स्नान करते समय उपरोक्त गांव निवासी किशोर शिवम गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिला। रविवार को सुबह एनडीआरएफ की टीम के न पहुंचने के कारण किशोर को खोजने के लिए परिजन और ग्रामीण चिंतित हो गये और आक्रोश में रास्ता जाम कर दिया। इस बात की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर पुनः किशोर को नदी में खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

फ्लैट बेचने के नाम पर शिक्षकों से सात लाख की धोखाधड़ी, बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फ्लैट बेचने के नाम पर शिक्षकों समेत दो लोगों से सात लाख की धोखाधड़ी किये जाने के मामले में चितईपुर पुलिस ने रविवार को दो बिल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी। सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर गौरव कुमार के निर्देश पर चितईपुर थाना में फ्लैट बेचने के नाम सीएचएस स्कूल कमच्छा के पढ़ाने वाले शिक्षक शैलेश कुमार पटेल निवासी ग्राम बट्ट मधुपुर रॉबर्टगंज, सोनभद्र, आशीष कुमार गुप्त ग्राम चक्क शाह मोहम्दाबाद, गाजीपुर के रहने वालों की शिकायत पर पुलिस बिल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने नेवादा सुंदरपुर के रहने कालिंदी उपाध्याय, अविनाश उपाध्याय, ऋषिकेश उपाध्याय, संतोष दुबे, राजेश राय के खिलाफ धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों पीड़ित शिक्षकों का आरोप हैं बड़ी पटिया इलाके में फ्लैट बेचने के नाम सात सात लाख रुपये ले लिया। वर्ष २०२२ में फ्लैट बनाकर देने का समय दिए थे। आरोपियों ने समय बीतने के बाद पैसा और फ्लैट दोनों नहीं दिया।

प्रतिबंधित चाइनीज मंझा से साड़ी कारोबारी की सड़क पर तड़प-तड़पकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

कज्जाकपुरा ओवर ब्रिज पर घटना, प्रतिबंधित मंझा को लेकर पुलिस प्रशासन की लापरवाही उजागर

जैतपुरा थाना क्षेत्र के कज्जाकपुरा ओवर ब्रिज पर रविवार को पूर्वाह्न चाइनीज मंझा की चपेट में आने से ६० वर्षीय के साड़ी कारोबारी की सड़क पर तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गयी। इस हादसा से परिवार में कोहराम मच गया। कारोबारी के बेटे की किडनी खराब है। वह नवरात्रि के पहले दिन बेटे के ठीक होने की मन्नत मांगने बाइक से मंदिर गये थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक मांझा उनकी गर्दन में लिपट गया। जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक उनकी गर्दन कट चुकी थी। एक राहगीर युवक कुछ लोगों की मदद से उन्हें बाइक से अस्पताल ले गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

बगीचे जाते समय रास्ते में बन गया काल

जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के चौखंभा निवासी सुनील कुमार गुजराती साड़ी के कारोबारी थे। रविवार की सुबह वह अपने बगीचे सारनाथ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जब वह कज्जाकपुरा पुल



पर पहुंचे, तभी प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आ गये। मांझे से उनकी गर्दन बुरी तरह कट गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। एक टोटो चालक ने तत्परता दिखाते हुए घायल सुनील कुमार को तत्काल कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। हालांकि, अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक पल में हुए इस हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं।

आखिर कब थमेगा मौत का यह कारोबार

सुनील कुमार गुजराती की मौत सिर्फ एक परिवार की व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि शहर की सड़कों पर आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर सवाल है। हर ऐसी घटना के बाद प्रतिबंध, छापेमारी और कार्रवाई की चर्चा होती है, लेकिन जब तक प्रतिबंधित मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रभावी रोक नहीं लगेगी, तब तक खतरा बना रहेगा। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस हादसे के बाद जिम्मेदार विभाग ठोस कदम उठाएंगे? क्या प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों तक कार्रवाई पहुंचेगी, या फिर एक और दर्दनाक घटना के बाद मामला कुछ दिनों की चर्चा बनकर रह जाएगा?

चाइनीज मांझे के चपेट में आने से बाइक सवार का हाथ कटा



प्रतिबंध के बावजूद चाइना मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। महमूरगंज-मंडुवाडीह आरओबी पर चाइना मांझा फंसने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शक्तिपुरम कालोनी भिटारी निवासी ४५ वर्षीय लाल बाबू यादव रिलायंस पेट्रोल पंप महमूरगंज से पेट्रोल भरवाकर मंडुवाडीह की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह महमूरगंज-मंडुवाडीह आरओबी पर पहुंचे, अचानक सड़क पर लटक रहे चाइना मांझे की डोर उनके हाथ में फंस गयी। तेज धार वाले मांझे से उनका हाथ कट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गयी। राहगीरों ने तुरंत घायल लाल बाबू यादव को नजदीकी मंडुवाडीह स्थित शांडिल्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने चाइना मांझे की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, म्योरपुर सोनभद्र

पत्रांक-1002 / लेखा / डा.बी.आर.अ.मू.यो./नि.का. / 2026-27. दिनांक- 09.10.2026

"अल्पकालीन सूचना"

क्षेत्र पंचायत म्योरपुर सोनभद्र में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि डा० बी०आर० अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत म्योरपुर के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराये जाने वाले परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित क जाती है। क्षेत्र पंचायत म्योरपुर के पंजीकृत इच्छुक ठेकेदार दिनांक-12-10-2028 से दिनांक- 19.10-2026 तक कार्यालय दिवस में निविदा निर्धारित दर रू0 1000.00 (एक हजार) की दर से लेखाकार / केशियर से प्राप्त कर सकते ळें निविदा प्रपत्र दिनांक- 26. 10.2026 तक अपनी दरें तथा वांछित संलग्न बंद लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के निविदा बाक्स में अपराहन 01:00 बजे तक डाल सकते हैं। निविदा दिनांक-28.10.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में निविदा समिति के द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों की उपस्थिति में खोला जायेगा। परियोजनाओं का विवरण निम्नवत् है:-

क्र.	ग्राम पंचायत का नाम	स्वीकृत कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी.एस.टी. छोड़कर (लाख में)	अनेस्टमनी 2 प्रतिशत (लाख में)
1	2	3	5	6
1	महुली	डा० भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुली में अम्बेडकर मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20
2	रजमिलान	डा० भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रजमिलान में अम्बेडकर मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20
3	आरंगपानी	डा० भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आरंगपानी में अम्बेडकर मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20
4	नधिरा	डा० भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नधिरा में अम्बेडकर मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20
5	कुण्डाडीह	डा० भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुण्डाडीह में अम्बेडकर मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20
6	जामपानी	डा० भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जामपानी में अम्बेडकर मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20
7	जमशीला	डा० भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नधिरा में भगवान गौतम बुद्ध मूर्ति के सुन्दरीकरण का कार्य	9.99	0.20

नियम एवं शर्ते :-

1. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि 3 माह होगी।
2 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी।
3. निविदा को दिनांक- 26.10.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे से खोली जायेगी तथा निविदा प्राप्त अथवा खोलने की तिथि पर कार्यालय यदि बन्द होता है, तो निविदाए अगले कार्यालय दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर खोली जायेगी।
4. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 के द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
5. खनन सामग्री हेतु खनिज विभाग द्वारा जारी परमीट एम0एम0 11 जमा करना अनिवार्य होगा ।
6. निविदादाता द्वारा किये गये कार्य पर नियमानुसार रॉयल्टी, जी०एस०टी०, आयकर, लेबर शेष जमा करना होगा।
7. निविदादाता का आपराधिक रिकार्ड पाये जाने पर निविदादाता को ब्लैक लिस्ट करते हुए किसी भी समय निविदा निरस्त कर दी जायेगी। उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. शासनदेश संख्या 622/23-12-2012-2 आडिट /8 टी0सी0-2, दिनांक 08 जून 2012 में उल्लिखित परफारमेन्स गारण्टी के रूप में 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर के अनुसार तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर होने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर के अनुसार बिड सिक्योरिटी के अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी दिया जाना अनिवार्य है।
9. निविदादाता को समस्त सचू नाएं / प्रपत्र निश्चित प्रारूप टी-4, टी0-5, टी0-6, पैन कार्ड, जी०एस०टी० प्रमाण पत्र, आयकर रिटर्न, (विगत 3 वर्षो का पंजीयन प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेख प्रत्येक बिड के साथ लगाना अनिवार्य होगा।
10. कार्य के अन्तिम भुगतान के उपरान्त क्षेत्र पंचायत निर्माण नियमावली में किये गये प्राविधानों तहत समुचित कार्यवाही करते हए जमानत धनराशि की वापसी की जायेगी।
11. स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्माण कार्य की लागत घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12 परियोजना पूर्ण होने के उपरांत तीन वर्ष तक निर्मित में किसी भी प्रकार की टूट-फूट मरम्मत (लघु एवं वृहद) की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार की होगी।
13. निविदा सूचना में स्वीकृत निविदा से सम्बन्धित परियोजना की अर्नेस्ट मनी को छोड़कर 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि का पृथक-पृथक राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ०डी०आर० / एन०एस०सी०/के०वी०पी० जो खण्ड विकास अधिकारी म्योरपुर के नाम बन्धक होगा, जमा करना अनिवार्य होगा ।
14. समस्त योजनान्तर्गत निर्माण कराये जाने वाले कार्यों के अनुबन्ध धन उपलब्धता के आधार पर किये जायेंगे। निर्माण कराये जाने वाले कार्यों के प्राथमिकता निर्धारण करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
15. किसी भी / सभी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी म्योरपुर में निहित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
म्योरपुर, सोनभद्र।

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-मैं अमन उपाध्याय पत्नी सचिन उपाध्याय निवासी ग्रा. गहमर गोविन्द राय शीतल भवन गहमर, थाना गहमर, जनपद गाजीपुर उ.प्र. एतद्द्वारा घोषित करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम अमन उपाध्याय था अब मैंने अपना नाम बदलकर **अमन श्रीवास्तव** रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से जाना व पहचाना जाए। मेरे सभी सम्बन्धित अभिलेखों में मेरा नया नाम मान्य किया जाय।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा सन् 2012 अनु. 3709231 का अंक पत्र सह मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **कुमारी दीपाली** पुत्री श्री अशोक कुमार पता-पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली।

सूचना

सूचना -सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरी बी.टी.सी.परीक्षा (बैच-2014) तृतीय सेमेस्टर अंक पत्र (अनुक्रमांक संख्या-45710067, क्रमांक संख्या-08516), चतुर्थ सेमेस्टर अंक पत्र (अनुक्रमांक संख्या-45410606, क्रमांक संख्या-26720) एवं बेसिक शिक्षक प्रमाण पत्र द्विवर्षीय पाठ्यक्रम बैच 2014 परीक्षा वर्ष 2017 (अनुक्रमांक संख्या-45410606, क्रमांक संख्या-4514102142) जो वास्तव में खो गया है। **अल्पना कुमारी** सुपुत्री फौजदार राम, निवासी- रस्तीपुर, सैदपुर, गाजीपुर।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबन्धक

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत नियुक्ति हेतु दो प्रतियों में आवेदन पत्र शैक्षिक अर्हता की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ रूपये 1,000/- बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0) के पक्ष में देय होगा, विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्तर्गत पंजीकृत डाक द्वारा प्रबन्धक, केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी, (उ0प्र0), पिन कोड-221101 के पते पर प्रेषित होगा। पद एवं अर्हतायें निम्नांकित है- (1) प्राचार्य एक (01) पद अर्हता (क) साहित्य अथवा व्याकरण विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी, परम्परागत (आचार्य) को वरीयता (ख) न्यूनतम आयु 30 वर्ष (ग) अध्यापन अनुभव कम से कम 5 वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर (घ) परम्परागत, पी0एच0डी0 उपाधि को वरीयता। (ङ) वेतन मान 15600/- से 39100/- ग्रेड पे 5400/- नोटः (1) निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।
प्रबन्धक
केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय
गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0)-221101

संशोधित सूचना

गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया मे जिन रिक्त पदों का विज्ञापन दिनांक 18,19,20.09.2026 को आज समाचार पत्र व हिन्दुस्तान समाचार पत्र दिनांक 17,18.09.2026 में प्रकाशित किया गया था अपरिहार्य कारणों से उस तिथि को दिनांक 20.10.2026 तक बढाया जाता है । इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।
सचिव

आवश्यक सूचना

श्री गीता साहित्य कुटीर ट्रस्टी मण्डल, कुटीर चक्के, जौनपुर के संस्थापक मण्डल/कुटीर ट्रस्टी मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चुनाव दिनांक- 16 अक्टूबर 2026 दिन शुक्रवार समय प्रात: 10:30 बजे संस्था की नियमावली के अनुसार श्री गीता साहित्य कुटीर परिसर, कुटीर चक्के, जौनपुर में होना नियत है। तत्पश्चात चुनाव परिणाम अनुमोदन हेतु कुटीर ट्रस्टी मण्डल/संस्थापक मण्डल की बैठक होगी।
व्यवस्थापक
डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

भू-स्वामी श्री **वंश भूषण उपाध्याय, देव भूषण उपाध्याय, श्रीमती श्यामा देवी, श्रीमती पुष्पा देवी, श्रीमती शशिकला, श्री जमादार, श्री दुर्गा प्रसाद, श्री विजय, श्री सुरेन्द्र, श्री अजाद उपाध्याय, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व. संतोष कुमार उपाध्याय संरक्षिका श्री अनुज कुमार उपाध्याय व श्री विवेक कुमार उपाध्याय, श्री कैलाश उपाध्याय, श्री अशोक उपाध्याय, श्री योगेन्द्र उपाध्याय, श्री दिलीप कुमार, श्रीमती मीना देवी, श्रीमती संजना देवी** द्वारा आराजी सं. -266/1, 254, 255, 256, 248, 249, 253, 257/1, 265/2, 247, 257/3, 257/277, **मौजा- नवलपुर, परगना - शिवपुर, वार्ड- शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी** पर निर्मित व प्रस्तावित विस्तारित अर्फोडेबल ग्रुप हाउसिंग भवन निर्माण को स्वीकृत कराने हेतु प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र सं0 - VDA/BP/MS/2026-27/13544 प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत स्थल पर आवे. दक द्वारा पूर्व में 2 ब्लॉक अर्फोडेबल हाउसिंग व 1 ब्लॉक ग्रुप हाउसिंग का मानचित्र स्वीकृत कराया गया था तथा वर्तमान में 1 ब्लॉक अर्फोडेबल हाउसिंग (स्वीकृत) में 2 तल विस्तार तथा 2 ब्लॉक अर्फोडेबल हाउसिंग व 1 सर्विस ब्लॉक (व्यावसायिक+क्लब) प्रस्तावित है। वाराणसी महायोजना 2031 के अनुसार प्रश्नगत भूमि का भू-उपयोग वाराणसी महायोजना 2031 (संशोधित) में 24.00 मी० मार्ग से प्रभावित है, मार्ग विस्तार से प्रभावित भाग के बाद 24.00 मी0 गहराई तक बाजार स्ट्रीट तथा उसके बाद आवासीय क्षेत्र दर्शित है। इस भू-उपयोग में वाराणसी महायोजना 2031 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार प्रस्तावित मानचित्र "सामान्य अनुमन्य" उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है। "प्रचलित प्राविधानों के अनुसार किसी ग्रुप हाउसिंग परियोजना में मूल स्वीकृति से इतर निर्माण अथवा विस्तार किये जाने हेतु न्यूनतम 30 दिन की समयावधि प्रदान करते हुये हितधारकों से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अतः प्रस्तावित परियोजना में जनता से आपत्ति / सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है।"हअतः उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति / संस्था को प्रश्नगत ऑनलाईन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करना हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव विन्यास अनुभाग वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा ।

Digitally signed by Prabhat Kumar
Date-06.10.2026
नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)
वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **अजीत कुमार सिंह व ग्राम हांसपुर, पोस्ट- रैकवारेडीह, जिला- मऊ**
राजनैतिक दल का नाम: **निर्दलीय**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम: **खण्ड शिक्षक निर्वाचन**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **गोरखपुर- फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **अजीत कुमार सिंह** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

(क)	संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं.	1- 0107/22 सरायलखंसी मऊ	2- 0435/22 सरायलखंसी मऊ	3. सी.बी.आई.ए.सी.बी. लखनऊ RC0062021A0009/21
(ख)	न्यायालय के नाम के साथ मामला सं.	न्यायालय सी.जे.एम. मऊ 0107/22	न्यायालय सी.जे.एम. मऊ 2449/26	माननीय विशेष न्यायालय सी.बी.आई. वेस्ट लखनऊ RC0062021A0009/21
(ग)	अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा..)	147, 148, 149, 506, 427 भा.द.वि.	419, 420, 467 468, 471, 506, 504, 409, 120बी. IPC	US120-B, F/W420 IPCR 13(2) R/W13 (1) (0) OF PC Act.
(घ)	अपराध का संक्षिप्त विवरण	मारपीट का आरोप एफ.आर.न्यायालय में प्रेषित	गबन का आरोप	CBI के सं. पी०ई० 006201710003 की जॉच में फाईनल रिर्पोट दिनांक 30.03.2026 न्यायालय में प्रेषित
(ङ)	क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं नहीं का उल्लेख करें)	नहीं	नहीं	नहीं
(च)	यदि उपरोक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है, नहीं तो वह तारीख दे जिसको आरोप विरचित किए गए थे	नहीं	नहीं	नहीं
(छ)	क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील / पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है। (हां या नहीं का उल्लेख करें)	नहीं	हॉ माननीय उच्च न्यायालय से योजित याचिका सं. 26041/2026 में कार्यवाही स्थगित	नहीं

(6) दोषसिद्धि के मामले,-
(i) मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि मुझे किसी आपराधिक मामले में दोषसिद्ध नहीं किया गया है।
(यदि अभ्यर्थी दोषसिद्ध नहीं किया गया है तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और नीचे विकल्प (ii) के सामने लागू नहीं होता हैं लिखें)
या
(ii) मुझे नीचे वर्णित अपराधों के लिए दोषसिद्ध किया गया है: लागू नहीं होता है।
(यदि अभ्यर्थी दोषसिद्ध किया गया है तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और उपरोक्त विकल्प (प) को काट दें, और नीचे दी गई सारणी में ब्यौरे दें)

देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूजन-अर्चन

शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना, कई घरों में कलश की स्थापना

सोनभद्र। मां जगतजननी जगदंबा की आराधना की शक्ति शारदीय नवरात्र जिले में रविवार से शुरू हो गया है। सुबह से ही देवी मंदिरों में बज रहे घंट घरियाल से समूचा माहौल भक्तिमय हो गया। पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। मां दुर्गा का दर्शन-पूजन करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी जो शाम तक दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। राबर्ट्सगंज नगर स्थित मां शीतला मंदिर, शोमनाथ मंदिर, दंडईत बाबा मंदिर में दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। राबर्ट्सगंज से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित अमराभगवती मंदिर पर सुबह से ही आसपास समेत दूर दराज इलाकों से दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। **लिलासी संवाददाता के अनुसार**-नवरात्रि पर्व म्योरपुर विकास खंड के विभिन्न ग्रामीण अंचलो मे भी नवरात्रि का पर्व पूजा-पंडाल सहित लोगो ने अपने घर मे मां दुर्गा का प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री का विधिवत पूजन-अर्चन, आरती के साथ किया। म्योरपुर, खैराही, रनटोला, रासपहरी किरबील, कुण्डाडीह सहित म्योरपुर कस्बा सहित अन्य ग्राम पंचायत मे लोगो ने मां शैलपुत्री की पूजा की। **दुद्धी संवाददाता के अनुसार**-शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को कस्बा स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मां के दर्शन एवं पूजन के लिए मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। के साथ साथ आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतार में मां भगवती के जयकारों और घंट घड़ियालों की ध्वनि से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। कस्बे भक्तों ने मां भगवती को प्रसन्न करने के लिए विधि विधान से पूजा खड़े होकर मां रानी के दर्शन किए, मत्था टेका और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

भगवान श्रीराम के जन्म होते ही जयश्रीराम गूंजा

विंढमगंज(सोनभद्र)। क्षेत्र में स्थित रामलीला फड़ में रामलीला मंचन के दौरान शनिवार देर शाम कमेटी के संरक्षक पूर्व ब्लाक प्रमुख चोपन राम सकल जायसवाल, बाबा वेद मोहनदास ब्रह्मचारी व इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर शुभारंभ किया। भगवान श्रीराम के जन्म की मनोहारी लीला का मंचन किया गया। जैसे ही मंच पर प्रभु श्रीराम के जन्म का दृश्य प्रस्तुत हुआ, पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला में दिखाया गया कि राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ कराने के बाद माता कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा के गर्भ से चार पुत्रों का जन्म हुआ। भगवान विष्णु के अवतार के रूप में श्रीराम के जन्म लेते ही अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई।

अर्चना की। मंदिर में नारियल, चुनरी एवं श्रृंगार सामग्री का अर्पण भी किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार और भजनों की गूंज बनी रही। मंदिर की व्यवस्था एवं धार्मिक अनुष्ठानों को सुचारू रूप से संचालित करने में मुख्य पुजारी रिंकू मिश्रा और कल्याण मिश्रा सक्रिय रहे। पूजा समिति ने बताया कि इस बार नवरात्र के पूजा कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्य एवं धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा। समिति के अनुसार नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सप्लायर, उसके बेटे पर दलित शिक्षिका ने लगाया उत्पीड़न, ब्लैकमेलिंग का आरोप

मुख्यमंत्री से शिकायत

रेणुकूट(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लॉक में तैनात एक दलित सरकारी शिक्षिका ने अनपरा निवासी सप्लायर और उनके पुत्र पर अपने पति का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने, लगातार शिकायतों के माध्यम से ब्लैकमेल करने तथा दलित उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस संबंध में शिक्षिका प्रीति कुमारी ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच कराने और आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक प्रीति कुमारी म्योरपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय में सरकारी शिक्षिका हैं, जबकि उनके पति सुरेंद्र कुमार दुद्धी विकास खंड में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि उनके पति की पूर्व में म्योरपुर ब्लॉक में तैनाती के दौरान कुलडोमरी ग्राम पंचायत में कार्य और सामग्री आपूर्ति करता था। शिक्षिका का आरोप है कि सप्लायर उनके पति पर गलत तरीके से सरकारी धन का आहरण करने का दबाव बना रहा था, जिसका विरोध करने पर उसने शिकायतें करना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, पति का स्थानांतरण होने के बाद भी आरोपी छोटेलाल यादव और उनके पुत्र विशाल यादव लगातार विभिन्न माध्यमों से शिकायतें कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र में अब तक 30 से 35 शिकायतें किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि संबंधित शिकायतों का निस्तारण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद उत्पीड़न का सिलसिला जारी है। प्रीति कुमारी ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपों की सत्यता के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में छोटे लाल यादव से संपर्क का प्रयास किया गया तो उनका फोन बंद था।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गूंजा पूजा पंडाल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर विकास खंड के आश्रम में रविवार को नवरात्रि पर्व का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। इस मौके पर पूजा-पंडाल में पंडित आदित्य नारायण दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ कराई। यजमान सौरभ राय ने पूजन में शामिल होकर मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री का स्मरण किया,कथा सुना तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। इस मौके पर विशाल अग्रहरी, सौरभ मद्देशिया, दिनेश जायसवाल,रामचंद्र दूबे, प्रीतम, प्रशांत, गोलू सिंह, किशन, सुनील, प्रवीण, राजेश, उज्ज्वल, पप्पू, संदीप, गुड्डू दूबे मौजूद रहे।

पंडाल में मां काली की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

शाहगंज(सोनभद्र)। स्थानीय बाजार में राजपुर रोड पर स्थित मां काली पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार को मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजन शुरू हो गया है। जय मां काली समिति ने रविवार देर शाम प्रतिमा स्थापित की। पुरोहित शिवजी मिश्रा और यजमान विकास सोनकर ने मां काली प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर आरती की और दर्शन-पूजन किया। पूरे कस्बे में जय माता दी के नारे गूंज रहे थे। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देर शाम पहुंचकर मां के दरबार में मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जय मां काली समिति के विमलेश सिंह, नंदलाल सोनी, संदीप केशरी, कुनाल गुप्ता, ज्योत प्रकाश, सुजल, सोनू, आदित्य, विजय, देव, वीरू, शुभम, मंगलम, विकास, जुगलेश, अंशु मौजूद रहे।



दुर्गा पूजा पंडालों में विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य

बिजली विभाग ने जारी किये सख्त दिशा-निर्देश

बीजपुर(सोनभद्र)। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को देखते हुए विद्युत विभाग ने पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपकेन्द्र नधिरा के अवर अभियंता द्वारा सेवका मोड़ दुर्गा पूजा समिति सहित आयोजकों को इस संबंध में औपचारिक नोटिस जारी कर विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। पूजा पंडालों में प्रतिदिन उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। विभाग ने आयोजकों के लिए नियम अनिवार्य किए हैं जिनमे पूजा समितियों को विद्युत विभाग से नियमानुसार वैध अस्थायी विद्युत संयोजन लेना अनिवार्य होगा। जनरेटर या अन्य माध्यमों से बिजली आपूर्ति करने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को लिखित सूचना देनी होगी। पंडाल की संरचना, मुख्य द्वार और सजावट को बिजली के ऊंचे तारों व ट्रांसफार्मर से नियमों के तहत सुरक्षित दूरी पर रखना अनिवार्य है। पंडाल की संपूर्ण वायरिंग सरकारी लाइसेंस प्राप्त इलेक्ट्रिकल ठेकेदार या कुशल इलेक्ट्रीशियन से ही कराई जाए। विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। इसके साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए पंडाल में अग्निशामक यंत्र तथा सूखी रेत की बाल्टियां अनिवार्य रूप से रखनी होंगी। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इन नियमों की अनदेखी करने पर यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पूजा समिति और आयोजकों की होगी।

कलश यात्रा में गूंजा मां का जयकारा

विंढमगंज(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को राम जानकी मंदिर, दिगंबर अखाड़ा के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा धोनी विस्तारक यंत्र पर जय श्री राम की जय घोष के साथ निकाली गई। बाबा वेद मोहन दास ब्रह्मचारी के नेतृत्व में निकली इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया।

चेरो समाज को किया जागरूक

सोनभद्र। राष्ट्रीय चेरो आदिवासी राजवंश के बैनर तले नगवां ब्लाक के ग्राम पंचायत पल्हारी में रविवार को राष्ट्रीय चेरो आदिवासी अगुवा पंकज सिंह चेरो की अध्यक्षता में बैठक की गई। आदिवासी समाज के महापुरुषों का चित्र पर माला अर्पण करने के बाद मुख्य अतिथि श्री चेरो ने सभी आदिवासियों को संगठित रहने,जल,जंगल, जमीन, संस्कृति, अपनी सभ्यता, अस्मिता,भाषा और संस्कृति को मजबूत करने के लिए नौजवानों को आगे आने की जरूरत और फैली कुरीतियों को दूर करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुदामा प्रसाद सिंह चेरो ने की। बैठक में मुखलाल सिंह चेरो, संजय, राकेश सिंह, दिनरावत, सत्यदेव, हरगेन अर्जुन, डॉ.राजेंद्र सिंह चेरो, पवन, तेजू राम, गंगा सिंह, चन्द्रदेव मौजूद रहे।



अपराधियों पर शिकंजा कसे जाने की तैयारी

मोरवा में मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त बैठक

सिंगरौली। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए सिंगरौली जिले के मोरवा थाने में अंतरराज्यीय बॉर्डर समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सिंगरौली शियाज के.एम. के निर्देशन में हुई बैठक में दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने मादक पदार्थों की तस्करी, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, स्थायी वारंटियों की धरपकड़ और कबाड़ चोरी एवं उसके अवैध परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर चर्चा की। बैठक में एसडीओपी अमित कुमार, मोरवा थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के पिपरी क्षेत्र के सीओ हर्ष पाण्डेय और अनपरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चौबे उपस्थित रहे। अधिकारियों ने दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सक्रिय ड्रग रूट और तस्करी के तरीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। इसके साथ ही पिछले 10 वर्षों में दर्ज एनडीपीएस मामलों की सूची का आदान-प्रदान किया गया, ताकि नशे के कारोबार से जुड़े अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। दोनों राज्यों के फरार आरोपियों की जानकारी साझा करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए समन्वित प्रयास करने पर सहमति बनी। स्थायी वारंटियों की सूची का भी आदान-प्रदान किया गया। अधिकारियों ने ऐसे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया।

नारद मोह के मंचन के साथ रामलीला का शुभारंभ

दुद्धी(सोनभद्र)। ग्राम पंचायत रजखड़ में नव युवक समिति द्वारा आयोजित श्री दुर्गा पूजा एवं रामलीला महोत्सव का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक हरिराम चेरो ने फीता काटकर किया। कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें रघुकुल नंदन श्रीराम का चित्र भेंट किया गया। पदाधिकारियों एवं युवाओं ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरिराम चेरो का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया और उन्हें प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट किया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर श्री दुर्गा पूजा एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने नव युवक समिति द्वारा की गई तैयारियों और रामलीला पंडाल की भव्य सज्जा की सराहना की। उन्होंने कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि रामलीला भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा, सत्य, धर्म एवं सदाचार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष, ब्लॉक दुद्धी की मुख्य संरक्षक श्रीमती गुंजा देवी, संरक्षक मंडल में रमेश कुमार, बृजेश कुशवाहा, इंद्र बिहारी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र मौर्य, उपाध्यक्ष अतुल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विवेक मौर्य, सचिव राकेश पटेल मौजूद रहे।

पेड़ से टकराकर पलटा डीसीएम

चार घंटे बाद चालक को निकाला गया, छत्तीसगढ़ से मक्के का बीज लादकर दिल्ली जा रहा था डीसीएम

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर थाना क्षेत्र के बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर रासपहरी गांव के पास शनिवार की देर रात मक्के का बीज लदा डीसीएम ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद पलट गया। हादसे में चालक का पैर स्टेयरिंग में बुरी तरह से फंस गया, जिससे वह केबिन में ही फंसकर रह गया। करीब चार घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद उसे बाहर निकाला जा सका। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चालक की पहचान बिहार के औरंगाबाद निवासी 48 वर्षीय जितेंद्र सिंह पुत्र राघव सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि डीसीएम ट्रक छत्तीसगढ़ से मक्के का बीज लादकर दिल्ली जा रहा था। इसी दौरान रासपहरी गांव के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही म्योरपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सरोज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। पहले जेसीबी की मदद से चालक को निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद गैस कटर की मदद से ट्रक का केबिन काटने की कोशिश की गई। इसी दौरान ट्रक में आग लगने लगी, जिसे तत्काल पानी डालकर बुझाया गया। पुलिस और राहत दल ने काफी मशक्कत के बाद स्टेयरिंग खोलकर चालक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया।

एनटीपीसी रिहंद परियोजना प्रमुख सपत्नीक ने किया घट स्थापित

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी परिसर स्थित प्रसिद्ध रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय असाटी तथा महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने संयुक्त रूप से कलश स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी राधेश्याम दुबे के मंत्रोच्चार ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश स्थापना के दौरान महाप्रबंधक प्रचालन पी के नायक,पूजा समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक एन एस कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, मानव संसाधन विभाग प्रमुख राजेश बोईपाई, अपर महाप्रबंधक पी लक्ष्मी, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष जी सी साहु, आर एन वर्मा, महासचिव प्रमोद द्विवेदी, संजय कुमार, अनिल त्रिपाठी, विजय गुप्ता, एस के बी पाठक, भीष्म सिंह, सूरज प्रजापति आदि के साथ अनेकानेक श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान एवं आरती में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। परियोजना प्रमुख ने पूजा-अर्चना के माध्यम से क्षेत्र वासियों के सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक योगेश त्रिपाठी ने बताया कि मां जगदम्बा की उपासना से भक्तों को सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

नेताजी ने सदैव समाज के कमजोर, वंचित, पिछड़े वर्गों के हितों की उठायी आवाज

अनपरा(सोनभद्र)। अनपरा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा देश के पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर ओबरा विधानसभा के पूर्व विधायक सुनील सिंह यादव समेत पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन, समाजवादी विचारधारा और देश एवं प्रदेश की राजनीति में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने सदैव समाज के कमजोर, वंचित और पिछड़े वर्गों के हितों की आवाज उठाई। उनके विचार और राजनीतिक संघर्ष आज भी समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के बताए रास्ते पर चलने तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी की नीतियों, संगठन की मजबूती और मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक योगदान पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनील सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ डा रवि गौड़ बड़कू, गैवी नाथ यादव, भोला निषाद, मुहम्मद जलालू दीन, आयुब खान नयला, जुल्फी कार अली, नागेंद्र यदुवंशी, रंजन यादव, श्रवण यादव, महेंद्र प्रजापति, अमित यादव, फिरोज खान, विजय यादव, आकाश यादव, अविनाश यदुवंशी मौजूद रहे।



सामुदायिक भवन से कुर्सी-मेज गायब

खजुरा टोला के ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

अनपरा(सोनभद्र)। ग्राम पंचायत कुलडोमरी के खजुरा टोला स्थित सामुदायिक भवन के लिए आवंटित कुर्सी, टेबल, मेज और अन्य सामान उपलब्ध नहीं होने का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने सामान गायब होने का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, भवन का निर्माण बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों और अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए किया गया है, लेकिन वहां जरूरी सामान नहीं है। उनका सवाल है कि आवंटित सामान कहां गया और भवन में क्यों उपलब्ध नहीं है। मोहन दूबे ने ग्राम प्रधान और नए ग्राम पंचायत सचिव को मामले की जानकारी दी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद स्पष्ट जवाब नहीं मिला और मामले को टालने का प्रयास किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री से शिकायत कर जांच की मांग की गई। एक सफाई कर्मचारी पर भी भवन का सामान ले जाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से भवन का निरीक्षण कर सामान की सूची, खरीद संबंधी अभिलेख और वर्तमान स्थिति का मिलान कराने की मांग की है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने की रामलीला देती प्रेरणा

ओबरा(सोनभद्र)। श्री रामचरित मानस मंदिर समिति के तत्वावधान में शनिवार की रात श्रीराम मंदिर परिसर स्थित रामलीला मैदान में वार्षिक रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम ओबरा रवि कुमार पासवान, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी देवी एवं सीओ ओबरा प्रभात राय ने संयुक्त रूप से फीता काट, दीप प्रज्जवलित कर और व्यास पीठ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मंचन की शुरुआत कराई। मुख्य अतिथि एसडीएम रवि कुमार पासवान ने कहा कि रामलीला मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देती है। विशिष्ट अतिथि चांदनी देवी ने कहा कि यह आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की धरोहर है, जो नई पीढ़ी को मर्यादा और संस्कारों से जोड़ती है। उद्घाटन के बाद रीवा मध्यप्रदेश से आये कलाकारों ने पहले दिन नारद मोह के प्रसंगों का अत्यंत सजीव मंचन किया। सुंदर दृश्यों और सधे हुए संवादों ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष बृजेश पांडेय, सचिव सुशील सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष तिवारी और कोषाध्यक्ष अभिषेक सेठ सहित अन्य पदाधिकारियों ने आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। सुरक्षा के मद्देनजर सीओ प्रभात राय के निर्देशन में पुलिस बल मौजूद रही। कार्यक्रम में ईश्वरी नारायण सिंह, देव प्रकाश मौर्या, श्रवण पासवान, रमेश सिंह यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गावती देवी, नीलकांत तिवारी, धुरंधर शर्मा, कपूरचंद पांडेय, पुष्पराज पांडेय, शिवनाथ जायसवाल, महेश जायसवाल मौजूद रहे।



गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला-रासलीला का शुभारंभ

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी क्षेत्र के तुर्रा बाजार स्थित रामलीला मंच पर शुक्रवार को श्रीरामलीला एवं रासलीला का शुभारंभ विधि-विधान से गणेश पूजन और भगवान श्रीराम-सीता की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम में दुद्धी के उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ पहुंचे और पूजा-अर्चना कर मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। तुर्रा बाजार में वर्ष 1960 से लगातार रामलीला एवं रासलीला का मंचन होता आ रहा है। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और सत्य के संदेश को आत्मसात करते हैं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 1960 से निरंतर रामलीला-रासलीला का आयोजन करना सराहनीय कार्य है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी प्राचीन परंपराओं को जीवित रखने के साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराते हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए आयोजन की निरंतरता बनाए रखने की शुभकामनाएं दीं। वहीं, रामलीला-रासलीला कमेटी के अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता ने आयोजन में पहुंचे उपजिलाधिकारी का स्वागत करते हुए सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास है कि वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी संस्कृति और धार्मिक विरासत से जुड़ी रहें।




नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

घरों में कलश स्थापना कर शुरू हुई मां दुर्गा की आराधना



बलिया। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन-पूजन कर नारियल, चुनरी, धूप, गुड़हल के फूल और प्रसाद चढ़ाया। परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिरों में मां के जयकारों और घंट-घड़ियाल की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों के कपाट भोर चार बजे से ही खोल दिए गए थे। नवरात्र को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उत्साह देखने को मिला। नगर के गुदरी बाजार और जापलिनगंज स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। वहीं ब्रह्माइन स्थित ब्राह्मणी देवी मंदिर, शंकरपुर के शांकरी भवानी मंदिर और फेफना थाना क्षेत्र के कपूरी गांव स्थित कपिलेश्वरी भवानी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नरहीं थाना क्षेत्र के कोरंटाडीह स्थित मंगला भवानी मंदिर, रसड़ा के काली मंदिर, नीबू कबीरपुर और उचेड़ा स्थित चंडी भवानी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। सिकंदरपुर के जल्पा-कल्पा मंदिर, मनियर के बुढ़ऊ बाबा और नवका बाबा मंदिर तथा रेवती के पचरूखा देवी गायघाट मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर मां का आशीर्वाद लिया। नवरात्र के पहले दिन लोगों ने अपने घरों में भी शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की। इसके साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ और मां की आराधना शुरू हुई। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर प्रमुख देवी मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर परिसरों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। वहीं खुफिया विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सादे कपड़ों में भ्रमण करते रहे, ताकि नवरात्र के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। **हल्दी।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को क्षेत्र के बहुआरा स्थित प्राचीन मां पचेवदेवी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर के पुजारी स्वामीनाथ दुबे ने बताया कि मां पचेवदेवी का मंदिर काफी प्राचीन है। मां के प्रति लोगों की गहरी आस्था है और भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता के दरबार में शीश नवाते हैं। **रतसड़।** स्थानीय नगर पंचायत सहित आसपास के गांव भक्तिमय हो गया है। नगर पंचायत में लगभग आधा दर्जन से अधिक स्थान पर पंडाल बनाने का कार्य शुरू हो गया **नरहीं।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालु गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान करने के बाद मां मंगला भवानी मंदिर पहुंचे और दर्शन पूजन किया। सुरही गांव में स्थित नवदुर्गा मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी मंदिर में 251 कलश स्थापना एवं अखण्ड ज्योति जलाई गई उजियार गंगा तट पर स्थित आदि शक्ति मां दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। **बेल्थरारोड।** स्थानीय सीयर ब्लॉक क्षेत्र में नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

सरयू में समाई ५० एकड़ जमीन, दो दर्जन मकानों पर खतरा



बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर उत्तरी दियरांचल के गोपालनगर टांड़ी और शिवाल मठिया में सरयू नदी की तेज लहरें कहर बरपा रही हैं। पिछले 24 घंटे के भीतर करीब 50 एकड़ उपजाऊ जमीन नदी में समा गई। वहीं, दोनों गांवों के दो दर्जन से अधिक लोगों के आशियानों पर कटान का खतरा मंडरा रहा है। नदी की तेज धारा मकानों से टकरा रही है। हालात ऐसे हैं कि कभी भी दर्जनभर से अधिक मकान नदी में समा सकते हैं। गोपालनगर टांड़ी में रविवार को कटान के चलते शिवजी यादव, गणेश यादव और महेश यादव के मकानों का आधा हिस्सा नदी में गिर गया। शेष हिस्सा भी कभी भी नदी की धारा में समा सकता है। इसके अलावा विजय सिंह, छोटक पहलवान, हंसराज यादव, भुटेली और संतोष यादव समेत कई लोगों के मकान नदी के निशाने पर हैं। कटान की तेज रफ्तार से इन परिवारों की चिंता बढ़ गई है। उधर, शिवाल मठिया गांव में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां गौरी चौधरी, शिवजी चौधरी, दिलीप साहनी, धनजी साहनी, कमलेश साहनी, जई साहनी और सुनील साहनी समेत कई लोगों के आशियानों पर खतरा मंडरा रहा है।

१० करोड़ से बने कटानरोधी दो कटर गंगा में समाये

बैरिया (बलिया)। गंगा के कटान से शिवपुर कपूर दियर पंचायत को बचाने के लिए बनाए गए कटानरोधी कटर (स्पर) संख्या एक को बीती रात गंगा ने अपने आगोश में ले लिया। वहीं, अर्धनिर्मित पक्के घाट पर भी कटान का खतरा मंडरा रहा है। लगातार हो रहे कटान से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने बाढ़ विभाग की ओर से कराए गए कटान रोधी कार्यों में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कटान रोकने के लिए बनाए गए स्पर ही एक-एक कर गंगा की भेंट चढ़ रहे हैं। इससे विभागीय कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगस्त में बरसात शुरू होते ही स्पर संख्या तीन का आधा हिस्सा नदी में समा गया था। अब स्पर संख्या एक भी कटान की भेंट चढ़ गया। ऐसे में शेष स्परों की सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीण चिंतित हैं। बताया जाता है कि गंगा के कटान से बचाव के लिए बाढ़ विभाग की ओर से करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से 10 कटर (स्पर) और 300 मीटर क्षेत्र में परकोपाइन विधि से कटान रोधी कार्य कराया गया था। काश्तकार निर्मल यादव ने आरोप लगाया कि कटान रोधी कार्य के दौरान किसानों के खेतों से मिट्टी निकाली गई, लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं मिला। इसके बावजूद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। खेतों को नुकसान पहुंचने के साथ ही कटान भी नहीं रुक सका। उन्होंने कहा कि यदि जिलाधिकारी पूरे मामले की जांच कराएं तो कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। स्पर संख्या एक के क्षतिग्रस्त होने से अर्धनिर्मित पक्के घाट को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण अजीत तिवारी, भीम सिंह, अशोक यादव और अविनाश तिवारी ने कहा कि कटान रोधी कार्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

घर के बाहर से चुरायी बाइक, तीन आरोपी गिरफ्तार

सिकंदरपुर (बलिया)। स्थानीय थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने 9 अक्टूबर को पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान एक घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी की थी। तीनों आरोपी चोरी की बाइक बेचने के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर तीनों को न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, 10 अक्टूबर को प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह पुलिस टीम के साथ चोरी के मामले में दर्ज मुकदमे से संबंधित आरोपियों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मनियर की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक तेज रफ्तार से आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कच्ची जमीन पर गिर पड़े। पुलिस टीम ने तीनों को पकड़कर पूछताछ की। उनकी पहचान विशाल चौहान पुत्र स्व. अशोक चौहान निवासी बलेउर, रोहित गुप्ता पुत्र घनश्याम गुप्ता निवासी उदहा और रानू कुमार भारती पुत्र स्व. मंटू राज निवासी बलेउर, थाना सहतवार के रूप में हुई। तीनों की उम्र करीब 18 वर्ष बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उन्होंने 9 अक्टूबर को रामगोविंद चौधरी की तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान घर के बाहर से बाइक चोरी की थी और उसे बेचने के लिए जा रहे थे।

त्योहारों को लेकर एसपी ने शहर में किया पैदल गश्त

संदिग्धों की जांच, लोगों से शांति, सौहार्द बनाये रखने की अपील



बलिया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त किया। इस दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, रामलीला मैदान और बाजारों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की। एसपी ने आमजन और व्यापारियों से बातचीत कर त्योहारों के दौरान शांति, सहयोग और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या अफवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। पुलिस की ओर से लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कूड़ा फेंकने जा रही युवती के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

बैरिया (बलिया)। दोकटी थाना क्षेत्र के कर्णछपरा गांव में कूड़ा फेंकने जा रही युवती के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कर्णछपरा गांव निवासी कंचन कुमारी पुत्री अशोक यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 9 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे वह घर की सफाई करने के बाद कूड़ा फेंकने जा रही थी। इसी दौरान गांव के प्रभुनाथ यादव, मनोज यादव और मंतोष यादव, पुत्र स्वर्गीय बालेश्वर यादव, ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। कंचन कुमारी ने आरोप लगाया कि उक्त लोग पहले भी उसे और उसके परिवार को बार-बार प्रताड़ित करते रहते हैं। घटना से परेशान पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता के अनुसार पीड़िता की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

उमाशंकर चौधरी पक्ष के पहाड़ थे-अंबिका चौधरी



फेफना (बलिया)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को फेफना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर संगठन के संस्थापक प्रदेश कोषाध्यक्ष उमाशंकर चौधरी की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी एवं क्षेत्राधिकारी सदर अक्षय कुमार ने संयुक्त रूप से उमाशंकर चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उमाशंकर चौधरी पक्ष के पहाड़ थे। राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहने के बावजूद वह सभी लोगों के प्रिय थे। उन्होंने बिना किसी पद पर रहते हुए सहकारिता के क्षेत्र में जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। क्षेत्राधिकारी सदर अक्षय कुमार ने कहा कि याद उन्हीं लोगों को किया जाता है, जो अपने जीवन में समाज के लिए कुछ करते हैं। समाज के लिए जीने वाला व्यक्ति कभी मरता नहीं है, बल्कि वह हमेशा लोगों की यादों में जीवित रहता है। वीरभद्र प्रताप सिंह, अच्युतानंद त्रिपाठी, बृजभूषण उपाध्याय, रामबदन भगत, प्रभुनाथ यादव, अनिल यादव, दूधनाथ चौधरी, हरेन्द्र यादव, सुधीर सिंह, कैलाशपति सिंह, अरविंद तिवारी, मंजय सिंह, हसन जावेद, शिवनारायण यादव, आनंद सिंह, धनेश पांडेय, गुप्तेश्वर पाठक, श्यामप्रकाश शर्मा, बसंत पाण्डेय, योगेश योगी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता जनार्दन सिंह तथा संचालन छोटेलाल चौधरी ने किया। नवीन कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

बलिया फोक फेस्टिवल में दिखा रंगमंच, लोकगीतों का अनूठा संगम



बांसडीह (बलिया)। भोजपुरी भाषा, लोक संगीत, लोक कला, लोक साहित्य और लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से लोकरस द्वारा आयोजित दो दिवसीय बलिया फोक फेस्टिवल का शुभारंभ शनिवार को मिश्रवलिया, मैरीटार में मुख्य अतिथि विधायक केतकी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव के पहले दिन लोक परंपराओं, रंगमंच, लोकगीतों, नृत्य, कविता और साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजक लोक गायक शैलेन्द्र मिश्र व सत्येन्द्र पाण्डेय ने मुख्य अतिथि केतकी सिंह को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता से आए फूलेन्द्र पण्डित के एकल नाटक 'सूरज' की प्रस्तुति से हुई। एकल अभिनय के माध्यम से उन्होंने रंगमंच की प्रभावशाली अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। गाजीपुर के बीएनएसडी की ओर से प्रस्तुत देवी गीत 'निमिया के डाढ़ि मइया' ने लोक आस्था और परंपरा की भावनात्मक अभिव्यक्ति की। लोक संगीत की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ऐसानी मिश्रा ने लोकगीत प्रस्तुत किया। संकल्प साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, बलिया की ओर से प्रस्तुत 'रंग कविता' कार्यक्रम ने साहित्य और मंचीय कला के बीच सुंदर समन्वय स्थापित किया। कवि सम्मेलन में डॉ. कमलेश राय, डॉ. कादम्बिनी सिंह, डॉ. शशि प्रेम देव, मेधा सिंह, मुक्तेश्वर पराशर, हृदयानंद विशाल, प्रतिभा यादव तथा शिवजी पाण्डेय 'रसराज' ने सहभागिता की। संचालन सुनील कुमार यादव और राजनंदिनी ने किया। इस दौरान लोकगीत गायक शैलेन्द्र मिश्र, आशुतोष यादव, मुकेश चंचल, सत्येंद्र पाण्डेय और राजीव राज आदि थे।

सफाई को लेकर मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

बैरिया (बलिया)। स्थानिय थाना क्षेत्र के वंश गोपाल छपरा (टेंगरही) गांव में दुकान के पीछे साफ-सफाई करने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित रामकुमार शाह ने बैरिया कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिये गये तहरीर मे बताया गया है कि घटना विगत 10 अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। रामकुमार शाह का आरोप है कि गांव के कमलेश और मिथिलेश पुत्र स्वर्गीय रामनरेश गुप्ता तथा शांति देवी ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि डंडे और ईंट के टुकड़े से हमला कर उन्हें, उनकी पुत्री रोशनी और पुत्र शुभम को पीटा गया। वहीं, उनकी दूसरी पुत्री श्रेया के साथ भी थप्पड़ और मुक्के से मारपीट की गई। पीड़ित के मुताबिक, उनकी पुत्रियां दुकान के पीछे सफाई कर रही थीं और वहां से पत्थर भी हटा रही थीं। इसी बात को लेकर शांति देवी को आपत्ति हुई, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। रामकुमार शाह ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को गाली देने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने पुलिस से घटना की सत्यता की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस जांच कर रही है। जांचोपरान्त अग्रिम कार्यवायी होगी।

रामलीला में श्रीराम के गंगा पार जाने का हुआ मार्मिक मंचन

रसड़ा (बलिया)। छोटी काशी के नाम से मशहूर रसड़ा की ऐतिहासिक रामलीला में रविवार को भगवान श्रीराम के गंगा पार जाने के मार्मिक मंचन के साथ हुआ। भगवान



प्रभु श्रीराम केवट संवाद एवं गंगा पार के दृश्य को देखने के लिये गांधीपार्क स्थित रोशा शाह के सरोवर के चारों तरफ सीढ़ीयों पर हजारों महिला पुरूष एवं बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। सरोवर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी के गंगा पार दृश्य का मंचन किया गया। गंगा पार जाने से पूर्व भगवान श्रीराम केवट के बीच मार्मिक सजीव संवाद को सुनकर सबकी आंखे बरबस ही नम हो गयी। वहीं सरोवर में गंगा पार जाने के दौरान केवट गान एवं संकीर्तन कार्यक्रम को लोग अपलक देखते रहे। सरोवर के चारों तरफ सीढ़ियों पर उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़ एवं गांधीपार्क में लगे मेला स्वयं में आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। गंगा पार मंचन के पूर्व नगर के राधे कृष्ण मंदिर से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता जानकी की शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गयी। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की पूजा अर्चन कर पुष्प वर्षा की गयी। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, टुन्ना बाबा, शिबू श्रीवास्तव सहित आदि कमेटी के सदस्य रहे।

पानी निकासी के विवाद में मारपीट

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में घर पर चढ़कर मारपीट और ईंट-पत्थर चलाने का मामला सामने आया है। घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पीड़िता पुनिता देवी पत्नी प्रेम प्रकाश सिंह ने थाने में तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार, कुछ दिन पहले गांव के ही प्रदुमन तिवारी से पानी की निकासी को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि 19 सितंबर को प्रदुमन तिवारी, प्रेमशंकर तिवारी, अनुराग तिवारी और उनके दामाद तेजतनारायण मिश्रा दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर चलाने लगे। विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट करने का भी आरोप है। घटना में पुनिता देवी, उनके पति प्रेम प्रकाश सिंह और बेटे सौरभ को चोटें आईं। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

एनएच-३१ पर मवेशियों से भरा कंटेनर फंसा, चालक फरार

क्रेन चालक को मवेशियों की जानकारी हुई तो भागा, पुलिस ने कंटेनर कब्जे में लिया



नरहीं (बलिया)। एनएच-31 पर रविवार की शाम सरंया गांव के सामने मवेशियों से भरा एक कंटेनर असंतुलित होकर सड़क किनारे फंस गया। घटना के बाद कंटेनर में मवेशियों के होने की जानकारी मिलने पर मौके पर बुलाया गया क्रेन चालक वहां से भाग गया। इसके कुछ देर बाद कंटेनर चालक भी गायब हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम गाजीपुर की तरफ से एक कंटेनर बक्सर की ओर जा रहा था। इसी दौरान नरहीं क्षेत्र में सरंया गांव के सामने कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे फंस गया। शुरुआत में किसी को भी जानकारी नहीं थी कि कंटेनर के अंदर मवेशी लदे हुए हैं। कंटेनर को निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई थी। बताया जा रहा है कि क्रेन चालक जब कंटेनर को निकालने के लिए मौके पर पहुंचा, तब उसे जानकारी हुई कि कंटेनर के अंदर मवेशी हैं। यह जानकारी मिलने के बाद वह कंटेनर निकालने के बजाय मौके से चला गया। इसके बाद कंटेनर चालक भी वहां से गायब हो गया। चालक के गायब होने और कंटेनर में मवेशी होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया। कंटेनर में कितने मवेशी लदे थे और उन्हें कहां ले जाया जा रहा था, इस संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक नजर इधर भी

नवरात्र पर बांसडीह में सजेगी डांडिया नाइट की धूम

बांसडीह (बलिया)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं में आपसी समन्वय, सहयोग एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह की ओर से 13 अक्टूबर को डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है। बांसडीह महाविद्यालय परिसर में शाम पांच बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भक्ति, संगीत और पारंपरिक उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। विधायक केतकी सिंह ने बताया कि नवरात्र केवल मां दुर्गा की आराधना का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। विधायक ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वाराणसी के प्रसिद्ध धर्माचार्यों द्वारा मां भगवती की आरती, भजन तथा पारंपरिक डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क पास के माध्यम से होगा और प्रवेश केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को दिया जाएगा। इसके साथ ही बांसडीह क्षेत्र की महिलाओं की सुविधा के लिए नि:शुल्क वाहन की व्यवस्था भी की जाएगी।

करेण्ट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

सुखपुरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में रविवार को घर में बिजली आपूर्ति ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय मजदूर अनिल कनौजिया की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, बसंतपुर निवासी अनिल कनौजिया (30) पुत्र कमला कनौजिया, अपने घर में बिजली आपूर्ति ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। तीनों बच्चे अभी नाबालिग हैं। पिता की असामयिक मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जेपी जयंती पर स्मृति सभा का आयोजन

बलिया। सोबईबांध स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित वृंदावन मिश्र स्मृति परिसर में जेपी विचार मंच और लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में एक स्मृति सभा का आयोजन लोकतंत्र सेनानी द्विजेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। श्री मिश्र ने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि दुबेछपरा इंटर कालेज में जनेश्वर मिश्र के छात्रसंघ के उद्घाटन में जयप्रकाश आए थे। जनेश्वर मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आज हमारे नेता कभी कहा करते थे जो धरती को जोते बोए वो धरती का राजा है। गोष्ठी में मुख्य रूप से लोककंत्र सेनानी शिवकुमार मिश्र, अजय बहादुर सिंह, देवेंद्र नाथ त्रिपाठी, कुमारी रोशनी राज, संतोष कुमार शुक्ल, लक्ष्मण यादव, डा.श्यामनंदन मिश्र आदि मौजूद रहे।

सिंह वाहिनी द्वार का कौशलेंद्र गिरि ने किया उद्घाटन

रसड़ा(बलिया)। क्षेत्र सरायभारती गांव स्थित मुख्य मार्ग पर सिंह वाहिनी द्वार का महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी ने फीता काटकर उदघाटन किया। ग्रामीणों ने अपने सहयोग से लगभग तीन लाख की लागत से निर्मित सिंह वाहिनी द्वारा निर्माण कराया है। इसी वर्ष 11 अगस्त को श्री रामदेव शर्मा ने वैदिक मंत्रों के बीच भूमि पूजन किया था। महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी ने कहा कि जज्बा एवं हौसला बुलंद हो तो किसी भी कार्य को पूरा किया जा सकता है। इस कार्य में ग्रामीणों के सहयोग की सराहनीय की। इस मौके पर निर्मल पाण्डेय, रवीन्द्रनाथ सिंह, रमेंद्र नाथ श्रीवास्तव, हृदय नारायण सिंह, रमेश सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, नेसार अहमद, गणेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

जेपी के विचार अब भी प्रासंगिक-नितिन गडकरी

जयंती समारोह को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल किया संबोधित







बैरिया (बलिया)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचार आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री गडकरी रविवार को सिताब दियारा के लाल टोला स्थित जयप्रभा राष्ट्रीय ट्रस्ट परिसर में लोकनायक की 125वीं जयंती पर आयोजित समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरा-बैरिया फोरलेन सड़क और महुली सड़क पुल के शिलान्यास के लिए क्षेत्र में आएंगे। पूर्व सांसद एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि जेपी के विचार कल भी प्रासंगिक थे, आज भी हैं और भविष्य में भी रहेंगे। कार्यक्रम में आलोक सिंह, स्वयं प्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख कन्हैया सिंह, मोहन सिंह, जयप्रकाश साहू, अनिरुद्ध यादव, मृत्युंजय तिवारी बबलू, चंद्रबदन मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, विजय बहादुर सिंह, निरंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

जेपी जयंती पर जुटे सर्वदलीय नेता, किया माल्यार्पण

बैरिया (बलिया)। समाज के पुरोधा व संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 125वीं जयंती पर रविवार को जयप्रकाश नगर स्थित जयप्रकाश नारायण स्मारक ट्रस्ट परिसर में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में सांसद नीरज शेखर, पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, विधान परिषद सदस्य रविशंकर सिंह पप्पू, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह और विजयालक्ष्मी सिंह आदि शामिल रहीं। भाजपा नेता चंद्रबदन मिश्रा, कांग्रेस नेता विनोद सिंह, निर्भय नारायण सिंह, अमिताभ उपाध्याय, सपा विधानसभा अध्यक्ष दशरथ यादव, व्यास जी गोंड और विद्यासागर यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी। वहीं स्मारक ट्रस्ट के व्यवस्थापक अशोक सिंह ने आभार व्यक्त किया। समाजसेवी सूर्यभान सिंह की ओर से 500 युवाओं को शर्ट और लोअर वितरित किए गए। इसके साथ ही चंद्रशेखर महाविद्यालय के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड, कप, मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कलश स्थापना के साथ आह्वान, मंदिरों में भी गूंजा जयकारा

दक्षिणमुखी देवी दरबार में भोर से ही लग गयी थी श्रद्धालुओं की कतार

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को घर-घर में कलश स्थापना के साथ मां का

शारदीय नवरात्र

घंट-घड़ियाल की ध्वनि से भक्तिमय हो गया पूरा वातावरण



आह्वान किया गया। हर दिल में आस्था की हिलोरें उठीं तो आसपास के लोग भी पूजा में शामिल हुए। घर की पूजा के बाद हर कदम चल पड़े थे देवी दरबार की ओर। रास्ते में से लेकर मंदिरों में मां का जयकारा लग रहा था। कहीं कोई दुकान पर नारियल-चुनरी खरीद रहा था, तो कोई फूल और माला। शहर में सबसे ज्यादा भीड़ चौक स्थित दक्षिणमुखी देवी मंदिर में दिखी। सुबह के आठ बजते-बजते पूरा मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से भर गया। घंट-घड़ियाल की ध्वनि के बीच मां के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज रहा था। मंदिर परिसर में प्रवेश के साथ ही लोग घंट-घड़ियाल बजाने लगे। मां का विभिन्न फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया था। मां की एक झलक पाकर भक्त निहाल हो जा रहे थे।

यहां गर्भगृह में प्रसाद चढ़ाने की तो अनुमति दी गई थी, लेकिन नारियल फोड़ने की अनुमति नहीं थी। अगर किसी की इच्छा भी थी तो उसके लिए मंदिर के गेट के पास नारियल फोड़ने का विकल्प दिया गया था। मंदिर के बाहर खिलौने-गुब्बारे की दुकानें सजी हुई थीं। दूसरी ओर घरों में प्रथम दिन कलश स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना गई, तो पुरोहितों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ किया।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार-सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा के दर्शन किए। भक्तों ने कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। नगर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

फल दुकानदारों ने भी किया नमक से परहेज

आजमगढ़। नवरात्र में नौ दिन व्रत रखने वाले एक ओर जहां फलाहार कर रहे हैं, तो वहीं तमाम दुकानदार व्रत को देखते हुए साफ-सफाई का पूरा ध्यान दे रहे हैं। फल की दुकान करने वालों ने नमक से परहेज कर रखा है। मुख्य चौक पर फल की दुकान करने वाले केदार सोनकर ने बताया कि हर नवरात्र में किसी भी फल का जूस मांगने वाले से पहले ही बता दिया जा रहा कि जूस के साथ नमक नहीं मिलेगा। कारण कि हर बार नमक की डिब्बी छूने के बाद हाथ धुलना मुश्किल होता है।

पोखरी में मिला अधेड़ का शव, मची सनसनी

बलरामपुर, आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के मंदुरी गांव में शनिवार की दोपहर तहबरपुर मार्ग स्थित पोखरी में अधेड़ का शव उतराया मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पचखोरा गांव निवासी 55 वर्षीय शैलेश राय के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, शैलेश राय शनिवार की सुबह घर से निकले थे। दोपहर करीब तीन बजे मंदुरी गांव में तहबरपुर मार्ग के किनारे स्थित पोखरी में उनका शव उतराया दिखाई दिया। पोखरी में शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कंधरापुर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की। पुलिस ने शव को पोखरी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

राज्य विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का गठन



आजमगढ़। रविवार को सिधारी हाइडिल स्थित संघ कार्यालय पर राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ की जिला इकाई की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार विश्वकर्मा और संचालन राजेश कुमार ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया, जिसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जिला संरक्षक सुरेन्द्र प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष काशीनाथ गुप्ता, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष चन्द्रशेखर राय, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, जिला सचिव रामनयन यादव, जिला उपसचिव सुरेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष रोशन यादव, जिला संगठन सचिव अरविन्द मौर्य और अजीत यादव, जिला कार्यालय सचिव विवेक श्रीवास्तव, जिला प्रचार सचिव राजेश कुमार और प्रदीप कुमार पटेल, विजय नारायण मौर्य, राम प्रताप यादव, कमलेश कुमार, राजेश कुमार विश्वकर्मा और विवेक यादव को सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद उपस्थित सदस्यों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी और कर्मचारियों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बलरामपुर, आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंजानशहीद बाजार के पास

अंजानशहीद बाजार लौटते समय हुआ हादसा, वाहन समेत चालक फरार

शनिवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल घर लौट रही महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के समुंदपुर गांव निवासी 50 वर्षीय विमला तलाक के बाद करीब 25 वर्षों से मायके में रह रही थीं। उनके पिता स्व. सुमेर का निधन हो चुका है। विमला का एक बेटा है। शनिवार को वह खरीदारी करने अंजानशहीद बाजार गई थीं। शाम को बाजार से पैदल घर लौटते समय अंजानशहीद के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। विमला की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस फरार वाहन चालक का पता लगाने में जुटी है।

उत्सर्ग एक्सप्रेस की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव के पास रविवार की भोर में उत्सर्ग एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी थाना प्रभारी तरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से करीब 28 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हुई है। काफी प्रयास के बावजूद अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवक की शिनाख्त कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद ही उसके परिजनों के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

सुखदेव पहलवान स्टेडियम में स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप २१ से

आजमगढ़। आगामी 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने

तैयारियों को लेकर जिला बैडमिंटन असोसियेशन की बैठक में विमर्श



वाली सब-जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की बैठक रविवार को कालीचौरा स्थित श्री नारायण मैरिज लॉन में संघ के अध्यक्ष डा. डीपी राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन, खेल सुविधाओं, खिलाड़ियों के ठहरने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता में कुल 1 लाख की पुरस्कार राशि रखी गई है।

अध्यक्ष डा. डीपी राय ने कहा कि जिला बैडमिंटन एसोसिएशन अपने उत्कृष्ट आयोजनों के माध्यम से प्रदेश में विशिष्ट पहचान बना रहा है। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि गंभीरता और समर्पण के साथ खेल में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिलता है। कोषाध्यक्ष रमाकांत यादव ने कहा कि नागरिक प्रत्येक खेल आयोजन को जनपद की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखते हैं। संचालन प्रतियोगिता संयोजक अजेंद्र राय ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पुनीत राय, सुनील दत्त विश्वकर्मा, अमित लता सिंह, आशा वर्मा, अंकिता यादव, राकेश सिंह, सत्येंद्र उपाध्याय, पवन पांडेय, आरुष श्रीवास्तव आदि रहे।

फरार आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

आजमगढ़। थाना सिधारी पर पंजीकृत एक मुकदमें की विवेचना एसएसआई यशवन्त सिंह द्वारा की जा रही है। मुकदमे में वांछित अभिषेक राजभर पुत्र हरेन्द्र राजभर निवासी ग्राम खुरहट, थाना रानीपुर, मऊ के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी आदेश का शनिवार को नियमानुसार तामीला कराया गया। निरीक्षक शिव कुमार यादव, सएसआई यशवन्त सिंह की टीम ने गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के घर तथा ग्राम खुरहट के सार्वजनिक एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया। साथ ही, नियमानुसार मुनादी की कार्यवाही भी कराई गई।

सूरत में मिले मदरसे से गायब दो बच्चे

आजमगढ़। सरायमीर थाना क्षेत्र के मदरसा जामिया इस्लामिया कुरियावां से 8 वर्षीय मो. साहिल एवं 16 वर्षीय निजामुद्दीन उर्फ राजिक के लापता होने के बाबत 5 अक्टूबर को पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी कि 10 अक्टूबर को दोनों बालकों के परिजन उन्हें सूरत से सकुशल थाना सरायमीर लेकर आए। पूछताछ में पता चला कि दोनों बालक अन्य लड़कों के साथ घूमने के लिए निकले थे तथा ट्रेन से सूरत चले गए थे। दोनों बालकों के सकुशल वापस आने पर परिजनों के साथ पुलिस ने भी राहत की सांस ली। प्रकरण में एसआई बनारसी यादव द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

किशोरी को अगवा करने के मामले में आरोपी धराया

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली के एसआई अमित कुमार तिवारी की टीम ने रविवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे किशोरी को अगवा करने के मामले में आरोपी भीमसेन चौहान पुत्र बलजीत चौहान निवासी ग्राम बनौरा मैनाथपट्टीको कंजरा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एक व्यक्ति की तहरीर के आधार पर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई।

महाराजा अग्रसेन की जयंती पर दिखा उत्साह और उमंग

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन अग्रकुल के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित समारोह में इस वर्ष भी समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हालांकि, इस बार नगर पालिका चौराहा से निकलने वाली शोभायात्रा को किन्हीं कारणों से स्थगित कर दिया गया था।

ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार अग्रवाल मुन्ना बाबू के नेतृत्व में नगर के अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंधक मनीष रत्न अग्रवाल, श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय में प्रबंधक सुधीर अग्रवाल, श्री अग्रसेन पुस्तकालय में प्रबंधक रवि भूषण गर्ग, श्री अग्रसेन धर्मशाला में प्रबंधक डेविड अग्रवाल के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन एवं फलाहार का प्रबंध किया गया। ट्रस्ट मंत्री शशि भूषण अग्रवाल मुकुल द्वारा दिए गए संकल्प को पूरा करते हुए अग्रसेन डिग्री कॉलेज में सर्वसमाज के हितार्थ एक आधुनिक लाइब्रेरी का शिलान्यास किया गया। आयोजन को मूर्त रूप देने में महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के साथ-साथ कोषाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, आशीष गोयल, चंदन अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, गिरिराज सिंघल, आयुष अग्रवाल और हर्षित अग्रवाल सहित तमाम गणमान्य अग्रबंधुओं की सराहनीय सहभागिता रही।



निर्वाचन आयोग का अधिकारी बनकर बीएलओ से ठगा ८१ हजार

आजमगढ़। साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी की शिकार महिला बीएलओ के खाते में 81 हजार रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। पीड़िता सुमन राजभर पत्नी विजय शंकर निवासी ग्राम मसोना, थाना जीयनपुर बीएलओ के पद पर कार्यरत हैं। निर्वाचन संबंधी कार्य के दौरान उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को निर्वाचन आयोग का वरिष्ठ अधिकारी बताकर ऑनलाइन मीटिंग के बहाने उनके व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध लिंक भेजा। लिंक खोलने के बाद पीड़िता का स्क्रीन शेयर कराकर पेटीएम वॉलेट के माध्यम से प्रक्रिया पूरी कराई, जिसके बाद उनके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से 81 हजार की ठगी कर ली गई। ठगी का एहसास होने पर महिला ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल की टीम ने

शिकायत पर साइबर सेल ने वापस करायी संपूर्ण धनराशि

तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित पेमेंट गेटवे/बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की धनराशि होल्ड कराई। इसके उपरांत आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण कराकर संपूर्ण धनराशि मूल बैंक खाते में वापस कराई गई। इस कार्रवाई में साइबर सेल के प्रभारी एसआई रवि प्रकाश गौतम, मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश जायसवाल, आरक्षी अमित कुमार सरोज व जयप्रकाश प्रजापति ने योगदान दिया।

भाजपा नेता के पिता की पुण्यतिथि पर मरीजों में फल वितरित

लालगंज, आजमगढ़। पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा लालगंज सर्वेश जायसवाल की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लालगंज के मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। सर्वेश जायसवाल के पुत्र रजनीश जायसवाल ने बताया कि सेवा कार्य के माध्यम से पिताजी के त्याग, सामाजिक सरोकार और परोपकार के आदर्शों को याद किया गया। पुण्यतिथि पर मानव सेवा के महत्व को आत्मसात, अपनत्व और सहयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह उर्फ डब्बू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, अरुण सिंह मण्डल अध्यक्ष लालगंज, रजनीश जायसवाल, आदर्श राय, आनंद राय, अशोक साहू, अरविंद कन्नौजिया, जितेन्द्र सोनकर उर्फ रोमी, संजय जायसवाल, विशाल राय, सहादुर सोनकर, अमित साहू सोनू, दीपक राय, मो. जैद, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक मद्धेशिया, विवेक सोनकर आदि मौजूद रहे ।

काव्य संध्या में रचनाकारों ने जीता सबका मन

आजमगढ़। हरिऔध साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में मड़या स्थित होटल तरुण इन में आयोजित काव्य संध्या में कवियों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं का मन जीत लिया। अध्यक्षता अखिल भारतीय काव्यमंच के संस्थापक हास्य-व्यंग्य कवि डॉ. प्रमोद वाचस्पति ने की एवं साहित्यकार संजय कुमार पाण्डेय सरस ने संचालन किया। मुख्य अतिथि नवकुंभ साहित्य सेवा संस्थान के महाराष्ट्र अध्यक्ष विनय शर्मा दीप, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय, मां शारदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निदेशक संजय सिंह, चंडेश्वर महाविद्यालय के हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवेश सिंह ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के चित्र का पूजन किया। इस मौके पर सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, संजय कुमार पाण्डेय सरस, रवि कुमार जायसवाल, अरविंद चित्रांश, अभिषेक उपाध्याय ने अतिथियों को अंगवस्त्रम और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। तमाम रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के साथ अलग-अलग संदेश दिया।

शौकत के घर ढाई घंटे रुके सुप्रीमो ओवैसी

माहुल, आजमगढ़। आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन पार्टी के मुखिया सांसद असदुद्दीन ओवैसी रविवार को ढाई घंटे रुके। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के आवास पर भोजन किया और शाम की नमाज पढ़ने के बाद शौकत अली की बेटियों को दुआ देते हुए आजमगढ़ निकल गए। ओवैसी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के फुलवरिया अंडरपास से उतर कर दिन में 3 बजकर 35 मिनट पर शौकत अली के आवास पर पहुंचे और ढाई घंटे तक रुके और छः बजकर 15 मिनट पर यहां से रवाना हुए। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं के साथ ही साथ क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय सिंह गौर,थानाध्यक्ष अतरौलिया अश्विनी दुबे, थानाध्यक्ष अहरौला राम किशोर शर्मा, चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल, माहुल चेयरमैन लियाकत अली, हाजी अकरम खान, आजम खां आदि मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मसुविवि के छात्रों ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

आजमगढ़। महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कुलपति प्रो. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विरदईया खालसा, आजमबांध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के जरिए लोगों को नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. देवेंद्र कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान शशिकला, डॉ. शिखर श्रीवास्तव, डॉ. शशि प्रकाश शुक्ला, डॉ. हरेंद्र सिंह प्रजापति एवं सूर्य प्रकाश अग्रहरि सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी तथा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में डॉ. देवेंद्र कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

लाली चुनरिया मयरिया लाली चुनरिया ना, खोला नजरिया...

लालगंज, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाई बाजार स्थित नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन के

पुलिस चौकी भवन के लोकार्पण के बाद भजनों में सराबोर हुआ परिसर

लोकार्पण के उपरांत शनिवार की शाम धार्मिक आयोजन किया गया। शाम चार बजे से सात बजे तक सुंदरकांड पाठ हुआ, जिसके बाद सात बजे से नौ बजे तक भजन, गायन व लोकगीत चला। देवरिया से आए भजन एवं लोकगीत गायक अंकुर मिश्रा और संतोष यादव व्यास ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। उन्होंने राम नाम के बिना जिंदगी कौने काम के बाटे, सबकर राम हऊव सब राम के बाटे, लाली चुनरिया मयरिया लाली चुनरिया ना, खोला नजरिया ना मयरिया, एक तूही धनवान हो बाबा बाकी सब कंगाल तथा सामाजिक संदेश देते हुए अईसन जमाना आईल बा हाथे हाथे मोबाइल बा, नईकी बहुरिया व कनिया बनावत रील बा, कईसे कही भईया भोजपूरिए अश्लील बा...सहित अन्य भक्तिमय गीतों से पुलिस चौकी परिसर को भक्तिमय कर दिया। गीतों पर उपस्थित श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। समापन अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सराहनीय कार्यशैली को देखते हुए थानाध्यक्ष गंभीरपुर अमित कुमार त्रिपाठी, चौकी प्रभारी गोसाई बाजार अश्विनी कुमार मिश्रा, एसआई वीरेन्द्र कुमार यादव और चौकी प्रभारी गंभीरपुर अभिषेक सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रामलीला के शुभारंभ से पहले देवगांव में श्रीराम-सीता शोभायात्रा

लालगंज, आजमगढ़। देवगांव बाजार की ऐतिहासिक रामलीला के प्रथम दिन रविवार की शाम भगवान श्रीराम और माता सीता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीरामलीला सेवा संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में भगवान श्रीराम और माता सीता के रूवरूप को रथ पर विराजमान कर पूरे बाजार में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। भगवान श्रीराम और माता सीता के दर्शन के लिए बाजार में जगह-जगह लोगों की भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने सड़क के किनारे खड़े होकर प्रभु श्रीराम और माता सीता के दर्शन किए तथा प्रसाद ग्रहण किया। पूरे बाजार में भक्तिमय वातावरण बना रहा। शोभायात्रा के माध्यम से रामलीला के आयोजन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

पहले ही दिन से कई स्थानों पर खुले पट और शुरू हो गया दर्शन

सिधौना/रानी की सराय, आजमगढ़। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सिधौना बाजार में मां

सिधौना, रानी की सराय सहित कई क्षेत्रों में स्थापित हुई मां दुर्गा की प्रतिमा



दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। संतोष सिंह की अध्यक्षता में उनके सहयोगियों के सहयोग से मां दुर्गा की प्रतिमा विधि-विधान के साथ विराजमान कराई गई। प्रतिमा स्थापना के साथ ही बाजार में भक्तिमय माहौल बन गया और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। राम प्रसाद मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा का विधिवत पूजन-अर्चन कराया। मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। पूजन अवसर पर राहुल, प्रवेश गुप्ता, अनिल यादव, राज गुप्ता, सत्यम सेठ आदि उपस्थित रहे।

नवरात्र प्रारंभ होते ही रानी की सराय क्षेत्र के कई स्थानों पर पूजन के बाद पट खोल दिए गए हैं। देर रात तक महिलाएं देवी पचरा गा रही हैं। पहले दिन क्षेत्र के रुदरी, बढ़या आदि कई गांवों में देवी प्रतिमा की स्थापना कर पूजन के साथ पट दर्शनार्थ खोल दिए गए। यहां प्रतिदिन महिलाएं रात में देवी का पचरा प्रस्तुत करेंगी। कस्बे के रानी पोखरा स्थित दुर्गा जी मंदिर में पहले ही दिन श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। अवंतिकापुरी मंदिर में भी दर्शन-पूजन किए। रविवार को भी प्रतिमा निर्माण स्थल से प्रतिमा पांडालों में ले जाने का क्रम बना रहा।

प्रगाढ़ हो रही आस्था, अबकी १७४८ पंडालों में विराजेंगी भवानी

जिले के १८३ स्थानों पर रामलीला का मंचन, १५५ जगह होगा रावण का पुतला दहन

आजमगढ़। दुर्गा पूजा का महापर्व शुरू हो गया है और इस पर्व को लेकर लोगों की आस्था

हमारे त्योहार

प्रतिमा विसर्जन के लिए जिले के ९२, मऊ के तीन, वाराणसी में एक जगह निर्धारित



साल-दर-साल प्रगाढ़ होती दिख रही है। कारण कि प्रतिमा स्थापना करने वालों की संख्या बढ़ रही है। अधिकतर स्थानों पर 20 अक्टूबर को दशहरा मेला का आयोजन किया जाएगा। इस बार जिले के 1748 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इसमें शहर के नगर कोतवाली और सिधारी क्षेत्रों में 90 जगहों पर प्रतिमा की स्थापना होगी, जबकि 1658 प्रतिमाएं अन्य क्षेत्रों में की जाएंगी। पिछले वर्ष इसकी संख्या जिले भर में 1665 थी। हालांकि, रामलीला मंचन की संख्या में 7 की कमी रिकार्ड की गई है। पिछले वर्ष 190 स्थानों पर रामलीला का मंचन किया गया था, जबकि अबकी 183 स्थानों पर लीला का मंचन कलाकार करेंगे। रावण के पुतला दहन के लिए 155 स्थान निर्धारित किए गए हैं। एलआईयू के सीओ अरविंद कुमार राय के अनुसार 401 स्थानों पर दशहरा का मेला लगेगा। जिले की प्रतिमा विसर्जन के लिए आजमगढ़ के 92, मऊ के तीन और वाराणसी में एक स्थान तय किया गया है। कारण कि कुछ क्षेत्रों के लिए दोनों जिलों की सीमा उपयुक्त और नजदीक होते हैं। इसी क्रम में जिले के चार स्थानों पर डांडिया का आयोजन किया जाएगा। इस बार पंडालों की

चार स्थानों पर होगा डांडिया का आयोजन, ४०१ स्थानों पर लगेगा दशहरा का मेला

संख्या देख यह कहा जा सकता है कि प्रतिमा स्थापना को लेकर हर साल लोगों का उत्साह बढ़ रहा है। वर्ष 2023 में 1250 स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई थी और दो साल बाद यानी वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 1665 पहुंच गई। वहीं साल भर में ही 83 बढ़कर 1748 पहुंच गई।

रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार-प्रतिमा निर्माण करने वाले शिल्पकार भी बढ़ रहे उत्साह को लेकर नवरात्र के पहले से ही अपनी तैयारी तेज कर दिए। प्रतिमा को अंतिम रूप देने में कलाकार रात-दिन कार्य कर रहे हैं। नवरात्र शुरु होते ही प्रतिमाओं के जाने का क्रम भी शुरू हो गया है। पहले पश्चिम बंगाल के ही कलाकार यहां आकर निर्माण करते थे, लेकिन अब स्थानीय कलाकार भी बढ़-चढ़कर प्रतिमा निर्माण कर रहे हैं। कस्बे में पटेल नगर मुहल्ले से लेकर सेमरहा तक चौदह कलाकारों द्वारा प्रतिमा निर्माण किया जा रहा है। इसमें छह स्थानीय कलाकार भी शामिल हैं। प्रतिमा निर्माण में लगे कलाकारों को महंगाई के चलते भी दिक्कतें आ रही हैं। रस्सी से लगायत पुआल, मिट्टी, बांस, रंग सभी की कीमत में उछाल है। ऐसे मे निर्माण के बाद लागत अधिक आने से प्रतिमाएं भी महंगी हो जा रही हैं। सबसे कम आठ हजार तो सबसे अधिक अस्सी हजार तक की प्रतिमाओं के कलाकारों के पास आर्डर हैं। वैसे जिले के अलावा गाजीपुर, मऊ, जौनपुर आदि जगहों पर भी यहां से निर्मित प्रतिमाएं पहले से ही जाती रही हैं। बंगाल के कलाकार वर्ष के सात माह यहीं रहकर प्रतिमा निर्माण करते हैं। निर्माण में लगे कलाकार आशीष कुमार, विवेक पाल, समरेंद्र, महादेव पाल आदि ने बताया कि इस बार आर्डर से पहले से ही निर्माण शुरू हो गया था। प्रतिमा निर्माण में दुर्गा जी के अलग-अलग रूपों को उकेरा गया है।

ग्रामीणों ने बुलंद किया 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा

लालगंज, आजमगढ़। विकास खंड लालगंज के उपेन्दा गांव में करीब 19 साल से अधूरी पड़ी सड़क को लेकर

किसी भी दल को वोट नहीं देने का संकल्प, १९ साल से अधूरी है सड़क

ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध जताया और 2027 के विधानसभा चुनाव में 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा देते हुए किसी भी राजनीतिक दल को वोट नहीं देने का संकल्प लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अधिकारी और जनप्रतिनिधि उनकी समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। प्रधान पति रामबचन राम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2005-06 में तत्कालीन राज्यसभा सांसद अमर सिंह की निधि से करीब तीन किलोमीटर सड़क स्वीकृत हुई थी। शुरुआत में पत्थर और रोड़ी डालकर काम कराया गया, लेकिन पेंटिंग नहीं होने से सड़क अधूरी रह गई। समय के साथ मार्ग जर्जर हो गया और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती गई। सड़क निर्माण के लिए विधायक को तीन बार, सांसद को दो बार और जिला पंचायत अध्यक्ष को एक बार पत्र देकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सड़क से संबंधित जानकारी के लिए आरटीआई भी दाखिल की गई, लेकिन निर्माण कराने वाले विभाग को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय नेता विकास के वादे करते हैं, लेकिन गांव की बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। इस दौरान अमृत सिंह, चंद्रभूषण सिंह, कृष्णपाल सिंह, सिद्धार्थ, राजेंद्र बनवासी, रमाशंकर, नरेंद्र सिंह, ऋतिक त्रिपाठी, राजा शर्मा, रामबचन राम, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह गब्बर, सुधांशु सिंह और हर्षवर्धन सिंह आदि मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

शव के उड़े चीथड़े, लगभग १५० मीटर के दायरे में बिखरे टुकड़ों को किया जमा



भदोही। भदोही रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर के पास रविवार को सुबह के समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से करीब 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद शव कई टुकड़ों में बिखर गया। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी विश्वजीत सिंह (32 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि विश्वजीत सिंह वाराणसी से देहरादून जाने वाली जनता एक्सप्रेस से भदोही आया था। वह भदोही में एक बाइक शोरूम में काम करता था। ट्रेन से उतरने के बाद वह रेलवे ट्रैक के सहारे पैदल अपने शोरूम की ओर जा रहा था। इसी दौरान आनंद विहार से दानापुर जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस (13258) की चपेट में आ गया। ट्रेन सुबह करीब 9:30 बजे घटनास्थल से गुजरी थी। भदोही में जनसाधारण एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने के कारण ट्रेन तेज रफ्तार से गुजर रही थी। जीआरपी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि शव बुरी तरह बिखर गया। लगभग 150 मीटर के दायरे में बिखरे टुकड़ों को जमा किया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है।

हैमर मशीन में करेण्ट उतरने से मजदूर की गयी जान

कालीन कंपनी में पुराने पिलर को तोड़ते समय हुआ हादसा



भदोही। कोतवाली क्षेत्र के जल्लापुर नई बस्ती मोहल्ले में स्थित एक कालीन कंपनी के अहाते में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। पुराने पिलर को हैमर मशीन से तोड़ते समय करंट लगने से 22 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान कटरा बाजार के चकइनायत मोहल्ला निवासी फहफूज अंसारी पुत्र शहाबुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि फहफूज जल्लापुर नई बस्ती स्थित कालीन कंपनी के अहाते में पुराने पिलर को हैमर मशीन से कटिंग कर रहे थे। इसी दौरान मशीन में करंट उतर आया और वे उसकी चपेट में आ गए। कंपनी में काम कर रहे अन्य मजदूर आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए नगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। परिजनों का तो रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना पर कस्बा चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। हालांकि परिजनों द्वारा मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई, जिसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

दुर्गा प्रतिमा पर पत्थर फेंकने का आरोप

सुरियावां। थाना क्षेत्र के पट्टी बेजाव गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित करने के लिए ले जाई जा रही दुर्गा प्रतिमा पर शनिवार रात करीब आठ बजे पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया। घटना कुंदीपुर की मुस्लिम बस्ती के पास की बताई गई है। मामले की सूचना पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए संबंधित लोगों को थाने बुलाया। पूजा समिति की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि प्रतिमा पर ईंट-पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया है। जांच में न तो प्रतिमा को नुकसान पहुंचने और न ही किसी के घायल होने की बात सामने आई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

पति की पिटाई से नाराज पत्नी सड़क पर लेटी

गोपीगंज। नगर स्थित फूलबाग मोहल्ले में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पति की पिटाई से आक्रोशित एक महिला सड़क पर लेट गई। महिला के सड़क पर लेट जाने से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए आवागमन भी बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार, फूलबाग निवासी बाबा चौहान का किसी पारिवारिक बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि पति ने पत्नी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। जान बचाने के लिए महिला घर से बाहर भागी और आक्रोश में आकर सड़क के बीचों-बीच लेट गई। महिला को सड़क पर लेटा देख आस-पास के दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने महिला को समझा-बुझाकर किसी तरह सड़क से हटाया और मामले को शांत कराया।

आंधी से ट्रांसफार्मर और तीन खंभे टूटे

ऊंज। क्षेत्र के कलापुर गांव में विगत दिनों आई आंधी से ट्रांसफार्मर गिरने के साथ ही बिजली के तीन खंभे टूट गए। इसके चलते गांव में करीब एक पखवारे से विद्युत आपूर्ति ठप है। लंबे समय से बिजली नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी योगेश कुमार मिश्रा उर्फ राहुल ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली बंद रहने से ग्रामीणों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर बदलने और टूटे खंभों को दुरुस्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाने और क्षतिग्रस्त खंभों को बदलवाकर आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है।



शांतिभंग की आशंका में १० गिरफ्तार, २२९ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर 229 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से कुल 3.40 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह यादव ने कस्बा ज्ञानपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वहीं, औराई थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक मोती सिंह यादव ने जद्दूपुर गांव से सात और तारापुर गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसके अलावा उपनिरीक्षक श्यामजी यादव ने बसंतपुर गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सभी 10 आरोपितों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। उधर, यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफसख्ती दिखाई। अभियान के दौरान 129 दोपहिया और 100 चारपहिया समेत कुल 229 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

विधि-विधान से हुई प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा

कांवल। रविवार को शारदीय नवरात्र का पहला दिन था। इस नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुजनों के द्वारा मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा मुहूर्त के अनुसार कलश स्थापन मूर्ति स्थापना करने के पश्चात हुई। जगह-जगह माता रानी के पूजा की धूम देखी गयी। बतादें कि नवरात्र के पहले दिन माता के पहले स्वरुप शैलपुत्री के पूजा को करने का विधान है। माता दुर्गा को शैलपुत्री इसलिए कहा जाता है कि वे हिमालय की पुत्री है। शैल का अर्थ पर्वत होता है हिमालय भी पर्वतो के राजा है इन्हें पर्वतराज कहा जाता है। इनका वाहन वृषभ है इसलिये इन देवी वृषभरूढा भी कहा जाता है। इन देवी के दायें हाथ में त्रिशूल तथा बायें हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा है। इन्हें सती के नाम से भी जाना जाता है। सती की कहानी लगभग सभी जानते ही है। नौ दुर्गा हिन्दू धर्म में माता दुर्गा या पार्वती के नौ रूपो को एक साथ कहा जाता है। इन नौ दुर्गा को पापो की विनाशिनी कहा जाता है। हर देवी के अलग-अलग वाहन है अस्त्र-शास्त्र है परंतु सब एक है। देवी दुर्गा के नौ रूप होते हैं। दुर्गाजी पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। ये ही नौ दुर्गाओ में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। नवरात्र-पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। इस प्रथम दिन की उपासना में योगी अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं।

आज होगी ब्रह्मचारिणी की पूजा

कांवल। आज माता के द्वितीय स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा की जायेगी। माता ब्रह्मचारिणी अपने भक्तजनों को यश-वैभव प्रदान करती हैं।

नकली आभूषणों से बैंक को चूना लगाने वाले गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

ज्ञानपुर। नकली आभूषणों को असली बताकर बैंकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले राजू सेठ गिरोह के खिलाफ गोपीगंज पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरोह के दो और सदस्यों को पुलिस ने गैर प्रांत से गिरफ्तार किया है। इनमें मोहम्मद अरमान को गुजरात के सूरत और एक अभियुक्ता को हरियाणा के गुरुग्राम से पकड़ा गया है। इस मामले में गिरोह के सरगना राजू सेठ समेत 10 सक्रिय सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, गैंग लीडर राजू सेठ पुत्र बसंतलाल और गिरोह के 21 सक्रिय सदस्य संगठित होकर आर्थिक लाभ कमाने के लिए नकली आभूषणों को असली प्रमाणित कराते थे। इसके बाद बैंकों के साथ कूटरचना और धोखाधड़ी कर उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचाते थे। गिरोह की आपराधिक गतिविधियों के संबंध में गोपीगंज थाने में वर्ष 2024 और 2025 में तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और कूटरचना समेत विभिन्न धाराएं लगाई गई थीं। इन मामलों के आधार पर गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पांच मई 2026 को गोपीगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में वांछित मोहम्मद अरमान पुत्र छेदी शाह, निवासी कटरा बाजार, थाना कोईरौना, भदोही और एक अभियुक्ता की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने अरमान को सूरत और अभियुक्ता को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ा सैलाब

गोपीगंज। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को देवी मंदिरों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री के चरणों में शीश नवाया। फूल-माला,नारियल,चुनरी आदि चढ़ाकर लोगों ने सुखद जीवन की कामना की। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पूरे दिन घंटे-घड़ियाल की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा। घरों व मंदिरों में कलश (घट) स्थापना की गई। नगर और गांव माहौल देवी मय नजर आ रहा है। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है।

रामलीला में धूमधाम से हुआ श्रीराम विवाह का मंचन

गोपीगंज। नगर के रामलीला मैदान में बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में आयोजित प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला के छठवें दिन रविवार को भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर आयोजित 17 दिवसीय रामलीला में श्रीराम विवाह की लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं और नगरवासियों की भीड़ जुटी रही। विवाह प्रसंग के मंचन के दौरान पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। मंचन के दौरान राजा जनक के दरबार में शिवधनुष भंग होने के बाद माता सीता द्वारा भगवान श्रीराम को वरमाला पहनाने के प्रसंग को आगे बढ़ाया गया। इसके बाद अयोध्या और जनकपुर में विवाह की तैयारियों तथा वैवाहिक उत्सव से जुड़े दृश्यों को कलाकारों ने सजीव अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया।

लक्ष्मीनारायण विवाह और नारद मोह की लीला का मंचन

कटरा। स्वामी गंगानन्द आदर्श रामलीला कमेटी, कोनिया मण्डल के तत्वावधान में कलातुलसी स्थित रामलीला मैदान में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य रामलीला महोत्सव 2026 का विधिवत शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुकुट पूजन, आरती एवं वंदन का अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसके उपरांत मंच पर लीला मंचन की शुरुआत हुई। लीला के पहले दिन कलाकारों ने 'लक्ष्मीनारायण विवाह' एवं 'नारद मोह' प्रसंग का अत्यंत मनोहारी और सजीव मंचन किया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि किस प्रकार देवर्षि नारद को कामदेव पर विजय प्राप्त करने का अभिमान हो जाता है। इसके पश्चात भगवान विष्णु द्वारा रचित माया नगरी में राजकुमारी विश्वमोहिनी के स्वयंवर में नारद जी के मोहग्रस्त होने और उनके वानर रूप धारण करने के दृश्य ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा, प्रकाश एवं ध्वनि की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। प्रथम दिवस के मंचन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित भारी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जदयू के तीन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोनीत



पार्टी जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को एक सप्ताह के अंदर कमेटी गठित करने का दिया निर्देश

भदोही। जनता दल (यूनाइटेड) जनपद में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए तीन प्रकोष्ठों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई। रविवार को नगर के नेशनल तिराहे के पास स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर एडवोकेट राजकमल पाल, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार और चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर डॉ.रामधारी सरोज को जिलाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एक सप्ताह के अंदर अपनी-अपनी कमेटी का गठन कर पार्टी कार्यालय को सूचित करेंगे। श्री राय ने कहा कि जदयू उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव पूरी मजबूती से और एनडीए गठबंधन के साथ लड़ेगी। चुनाव से पूर्व जिले में संगठन को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। पार्टी में काम करने वाले नेताओं को जगह दी जा रही है। जो काम नहीं कर रहे हैं और सिर्फ पद लिए है, ऐसे लोगों को संगठन से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में पार्टी के सभी फ्रंटल और प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। जो फ्रंटल और प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पहले से की गई है। वह लगातार काम करते हुए जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने में लगे हुए हैं। श्री राय ने कहा कि जिन तीन प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। वे सभी जुझारू और पार्टी के प्रति समर्पित है। आशा है कि वे भी जिले में पाटीज़ को मजबूती प्रदान करने के लिए काम करेंगे।

राजनीति के आदर्श पुरुष थे जयप्रकाश नारायण-प्रदीप यादव

सपा जिला कार्यालय पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण और महाराजा अग्रसेन की मनी जयंती



ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में लोकनायक जयप्रकाश नारायण और महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय राजनीति के आदर्श पुरुष थे। देश की आजादी की लड़ाई से लेकर वर्ष 1977 तक विभिन्न आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में चले आंदोलन ने देश की राजनीति को नई दिशा दी और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सत्ता को चुनौती मिली। उन्होंने कहा कि जेपी के क्रांतिकारी विचार समाजवादियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। प्रदीप यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का मानना था कि मानवता को पूंजी और सत्ता के प्रभाव से मुक्त कराने के लिए समाजवाद की स्थापना जरूरी है। उनके विचार सामाजिक समानता, जनकल्याण और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा देते हैं। महाराजा अग्रसेन के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि उनके आदर्श समाजवाद, सामाजिक समानता, अहिंसा, व्यापारिक समृद्धि और लोककल्याण की भावना पर आधारित थे। महाराजा अग्रसेन ने यज्ञों में पशुबलि का विरोध कर अहिंसा का मार्ग अपनाने का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज में समानता और परस्पर सहयोग की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में राजेंद्र दुबे, कल्लन यादव, लालचंद बिंद, दिलीप भीम कनौजिया, बाबा बिंद, महबूब अली, शिवशंकर पाठक, राजीव, जिला कार्यालय प्रभारी गामा प्रसाद यादव और जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नारद मोह की लीला के मंचन के साथ रामलीला का शुभारंभ

सुरियावां। नगर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ पहले दिन नारद मोह, मनु-शतरूपा और रावण जन्म की लीलाओं के भव्य मंचन के साथ हुआ। वृंदावन से आए कलाकारों ने आकर्षक अभिनय और प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला परिसर में देर तक भक्तिमय माहौल बना रहा और दर्शकों ने श्रद्धा के साथ भगवान की लीलाओं का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन एवं श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान लीला संचालक अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, संयुक्त मंत्री अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष छेदीलाल साहू, लोकेश सेठ, जय कुमार, हरिमोहन, प्रकाशचंद, संतोष, मनीष जायसवाल, सूचना मंत्री मनोज, वैभव, विशाल, अभिनंदन और आशुतोष सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



नवरात्र पर मां शीतला कड़ेवासिनी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

बाबूसराय। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां शीतला कड़ेवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्राचीन मान्यता वाले इस मंदिर में दूर-दराज से पहुंच रहे भक्त मां के चरणों में नारियल, चुनरी और फूल-माला अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। गंगा नदी के तट पर स्थित यह मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

एसपी के आदेश पर होमगार्ड के खिलाफ मुकदमा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के होलईपुर बैरी बीसा गांव निवासी योगेन्द्र कुमार उर्फ छोटकू दूबे पुत्र स्व ताड़कनाथ दूबे ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रार्थी आराजी नम्बर 431 रकबा 0.339000 हे वाका मौजा-बैरीबीसा (होलईपुर), तहसील-ज्ञानपुर, जनपद- भदोही का भूमिधर अपने भाई सुरेन्द्रनाथ, उपेन्द्र कुमार व माता फूलपत्ती देवी व भतीजा आशीष कुमार व भयहू सरला देवी के साथ सहसंक्रमणीय भूमिधर कागजात माल में दर्ज है, जो उक्त आराजी पर काबिज दखिल फसल धान कास्त किया है। जिससे अन्य किसी व्यक्ति से कोई वास्ता सरोकार नही है। किन्तु विपक्षी इन्द्रजीत पुत्र सूर्यबली निवासी होलईपुर, तालुका-कोढ़, तहसील-ज्ञानपुर, थाना- गोपीगंज, जनपद भदोही जो होमगार्ड के पद पर कार्यरत है वे जबरदस्ती प्रार्थी के खेत को जेसीबी से खोदवा कर मिट्टी निकलवा रहे थे, प्रार्थी दिनांक: 30.09.2026 ई को सुबह मिट्टी निकलवाने से मना किया तो नही मानें गाली-गुप्ता देनें लगे प्रार्थी 112 नम्बर की पुलिस बुलाया था, 112 नम्बर विपक्षी इन्द्रजीत को समझाया-बुझाया और कार्य करने से मना किया किन्तु विपक्षी इन्द्रजीत होमगार्ड होनें का नाजायज लाभ लेने की इच्छा से प्रार्थी को साले, माधरचोद, बहनचोद की गाली-गुप्ता देते हुए दिनांक- 30.09. 2026 ई को समय 12-00 बजे दिन प्रार्थी के घर आकर धमकी देने लगे कि यदि मिट्टी निकलवाने के लिए रोकोगे तो तुम्हे व तुम्हारे पूरे परिवार सहित जान से मार दूँगा और फर्जी मुकदमा एससी/एसटी का लगवाकर जीवन बर्बाद कर दूँगा। विपक्षी इन्द्रजीत अवैध मिट्टी निकालने से रोके जाने के बाबत् प्रार्थी दिनांक: 30.09.2026 ई0 को थानाध्यक्ष गोपीगंज, जनपद-भदोही को प्रार्थना पत्र दिया था।

भदोही साइकिलिंग क्लब ने चलाया जागरुकता अभियान

गोपीगंज। धरती को बचाने और इंसानी सेहत को एक नई जिंदगी देने के संकल्प के साथ रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब ने एक ऐतिहासिक और महा-अभियान छेड़ा, जिसने पूरे क्षेत्र में एक नई चेतना फूंक दी। पर्यावरण योद्धा 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में जब साइकिलों का काफिला सड़कों पर उतरा, तो नजारा देखने लायक था। इस विशाल महा-यात्रा का मुख्य उद्देश्य न सिर्फ सोई हुई पर्यावरण चेतना को जगाना था, बल्कि हर नागरिक के दिल में राष्ट्रप्रेम की उस ज्वाला को प्रज्वलित करना था जो देश की प्रगति का आधार है। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ा चौराहे से साइकिल यात्रा का शुभारंभ हुआ। जन-जागरूकता का संदेश समेटे यह यात्रा ज्ञानपुर रोड, फूलबाग जैसे मुख्य मार्गों से गुजरते हुए सायरा गर्ल्स इंटर कालेज पुरेगुलाब पहुची। साइकिल यात्रा के सायरा गर्ल्स इंटर कॉलेज पुरेगुलाब पहुँचने पर माहौल उत्सवमय हो गया। इस मुहिम को सफल बनाने डा. एस.एस. यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, बाबूलाल गुप्ता,ज्योति, मुस्तफा अंसारी सभासद, नाजरीन बानो, खुशनुमा बानो, शाहीना बानो, शाइना बानो, नर्गिस बानो, इशरत परवीन, अफरोज जहा, कोमल, माया, बनारसी बिंद, प्रमोद मौर्या, महेंद्र यादव, रितिक कनौजिया, जिगर गुप्ता, अहेम मोदनवाल, सक्षम बिंद, पंकज यादव, रोहित बिंद, रविंद्र बिंद,नीरज बिंद, पप्पू मोदनवाल, अनित बिंद, अभिनव बिंद, अश्वनी चौधरी, आफरीन, अनन्या, रुखसार, अरफा बानो, फरहीन, जोया, सबरीन सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

दो पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण का रास्ता साफ

गरीब की बेटियों की शादी के लिए मिलेंगी गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं

ज्ञानपुर, भदोही। जिले में पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। दशरथपुर पलवारपुर और बौरीबोझ में दो मंजिला पंचायत उत्सव भवनों के निमाज़्ण का रास्ता साफ हो गया है। शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी संजय कुमार मिश्र की देखरेख में दोनों भवनों के लिए टेंडर जारी कर दिया गया। इनके निमाज़्ण पर कुल 2.82 करोड़ रुपये खचज़् किए जाएंगे। वहीं, औराई विधानसभा क्षेत्र के मल्लूपुर में जमीन की तलाश पूरी होने के बाद अब डीपीआर की स्वीकृति का इंतजार है। पंचायत उत्सव भवनों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक कार्यक्रमों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इनमें निजी गेस्ट हाउस की तरह सुविधाएं विकसित की जाएंगी। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी के लिए महंगे गेस्ट हाउस का खर्च उठाने से राहत मिलेगी। इन भवनों में शादी सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम महज चार से पांच हजार रुपये के मामूली शुल्क पर आयोजित किए जा सकेंगे। शासन से बौरीबोझ और दशरथपुर पलवारपुर के लिए 2.82 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। डीपीआरओ संजय कुमार मिश्र ने बताया कि बौरीबोझ और दशरथपुर पलवारपुर में पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। मल्लूपुर के लिए डीपीआर शासन को भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही वहां भी निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

लाखों खर्च के बाद भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का काम अधूरा

ऊंज। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद बेलहुआ गांव में कचरा निस्तारण की व्यवस्था धरातल पर अधूरी नजर आ रही है। सड़क किनारे बनाया गया केंद्र केवल दीवारों तक सीमित होकर रह गया है। यहां शेड का निर्माण नहीं कराया गया है और परिसर में गंदगी व घास जमा है। ऐसे में गांव में कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे का समुचित निस्तारण नहीं हो रहा है। जगह-जगह खुले में कचरा फेंके जाने से दुर्गंध फैल रही है। इससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले में पड़े कचरे से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ ही संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर निर्माण कार्य तो शुरू कराया गया, लेकिन उसे पूरा कराकर कचरा निस्तारण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई। केंद्र की मौजूदा स्थिति देखकर योजना के क्रियान्वयन और खर्च की गई धनराशि के उपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्राम प्रधान जय नाथ पाल ने बताया कि योजना के तहत लगभग एक लाख रुपये मिले हैं, जबकि परियोजना की कुल लागत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है। उनका कहना है कि शेष धनराशि नहीं मिलने के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराने की मांग की है।



वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुर्गा पूजा पंडालों में हुई कलश स्थापना

सीतामढ़ी। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना और पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया है। विकासखंड डीघ के इटहरा, कटरा बाजार और बनकट गांव सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य दुर्गा पूजा उत्सव के तहत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश स्थापना की गई।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सफल बच्चों को किया पुरस्कृत

सुरियावां। विकास संघ पट्टी बेजांव संगठन की ओर से गत माह आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतिभा प्रतियोगिता में सफल बच्चों के सम्मान में रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें चयनित 200 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश पाल ने की। अंत में अध्यक्ष राकेश पाल ने अतिथियों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना ही आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। संचालक सुरेश चौहान ने भी सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

११२ शाखाओं का संगम, स्वयंसेवक हुए शामिल

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सर्वस्पर्शी शाखा संगम का आयोजन किया गया। इसमें जिले की 112 दैनिक एवं साप्ताहिक शाखाओं के 800 से अधिक स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। कार्यक्रम में संघ के शताब्दी वर्ष के उद्देश्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर जोर दिया गया।

ग्रामीण पत्रकार असोसियेशन की समीक्षा बैठक



घोसिया। ग्रामीण पत्रकारिता को सशक्त बनाने, जमीनी स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के हितों व अधिकारों की रक्षा करने तथा संगठन की मजबूती सदस्यता अभियान को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा एक भव्य समीक्षा बैठक एवं विचार गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भदोही जिले के घोसिया स्थित जूनियर हाईस्कूल, जयरामपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के आय ब्यय निरीक्षक हौसला प्रसाद त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष रूपेश पांडे जी ने मां सरस्वती एव संस्था के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किये इस कार्यक्रम में मण्डल एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सदस्यता अभियान पर चर्चा कर औराई तहसील के सदस्यता प्रभारी देवेंद्र मिश्रा को बनाया गया कार्यक्रम में राकेश कुमार द्विवेदी (जिला संरक्षक एवं मण्डल उपाध्यक्ष) सुशील कुमार पाण्डेय (जिला संरक्षक एवं मण्डल मंत्री) अरुणेन्द्र चौबे (जिला संरक्षक एवं मण्डल कार्यकारणी सदस्य अनिल दुबे (जिला संरक्षक एवं मण्डल कार्यकारिणी सदस्य) अमृतलाल अग्रहरी (जिला अध्यक्ष) मो0 मासूम एवं दिलशाद अहमद (जिला मंत्री) ने आभार व्यक्त कर दोहराया संकल्प। इस अवसर पर राजेश पांडे, अनिल दुबे , मेराज अहमद ,दिलशाद अहमद, सुशील पांडे ,रवि पांडे, जयप्रकाश जायसवाल, पंकज सिंह ,देवेंद्र मिश्रा, मुकेश यादव ,राजधर मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन सत्र में जिला अध्यक्ष अमृतलाल अग्रहरी' ने मण्डल व प्रदेश से पधारे मुख्य अतिथियों और सभी पत्रकार साथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में संगठन के सिद्धांतों और मर्यादाओं का पालन करते हुए पत्रकार हित में निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।

भदोही में ९५० स्थानों पर सजे मां दुर्गा के पंडाल

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को भदोही जनपद में भक्तिमय माहौल के बीच मां दुर्गा की आराधना शुरू हुई। जिले में करीब 950 स्थानों पर मां दुर्गा के पंडाल सजाए गए, जहां विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र के पहले दिन घरों से लेकर मंदिरों और पूजा पंडालों तक भक्ति का माहौल बना रहा। नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया गया। वहीं, जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में भी महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

ट्रम्प-पुतिन रिश्तोंमें मोड़

राजनीति और कूटनीतिमें कोई नेता या राष्ट्र स्थायी शत्रु या मित्र नहीं होता है। वक्त की जरूरतों और बदलते हालातमें रिश्तोंके स्वरूप भी बदल जाते है, जिसमें सिद्धान्तोंका कोई अर्थ नहीं रहता है, बल्कि अपने-अपने हित सर्वोपरि होते हैं। अमेरिका और रूसके रिश्ते विश्वविदित हैं। दोनों देश एक दूसरेके धुर विरोधी हैं लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसके राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिनके आपसी रिश्तोंमें एक नया मोड़ आ गया है, जो चौकाने वाला है। रूसपर भारी टैरिफ शुल्क थोपने वाला अमेरिका अब अपने देशमें ईंधनकी बढ़ती कीमतोंसे परेशान होनेके बाद रूससे तत्काल तीन लाख टनसे अधिक डीजल आयात करनेकी घोषणा कर दी है। ट्रम्पकी सबसे बड़ी चिन्ता तीन नवम्बरको होने वाले मध्यविधि चुनावको लेकर है क्योंकि ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासनके लिए बड़ी चुनौती बन गयी हैं। इसलिए कीमतें कम करनेके लिए ट्रम्प तेल और डीजलकी आपूर्ति बढ़ानेके लिए कदम उठा रहे हैं। ट्रम्पने पुतिनसे फोन वार्ता करनेके बाद ही नये निर्णयोंकी घोषणा की है। २०२२ में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होनेके बाद ही अमेरिका ने रूसी तेलपर प्रतिबंध लगा दिया था। अब यह रोक सात अप्रैल २०२७ तक के लिए हटा दी गयी है। ट्रम्पके इस फैसले से यूक्रेनके राष्ट्रपति जेलेंस्की नाराज हो गये हैं और उनका कहना है कि इससे रूस को जो धन मिलेगा उसका इस्तेमाल वह यूक्रेनके खिलाफ करेगा। अमेरिकाके इस दोहरे रवैयेपर सवाल भी उठाये जा रहे हैं। खास बात यह है कि इसी सितम्बर महीनेमें ट्रम्प ने ऐसे कानूनपर हस्ताक्षर किया था, जिसके तहत रूससे तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशोंपर सौ प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जा सकता है। अमेरिका और रूसके बीच हुए डीलसे वैश्विक राजनीतिमें भी नया मोड़ आ गया है। ट्रम्पका दोहरा चरित्र उजागर हुआ है। रूस अभी तीन लाख टन डीजल अमेरिका भेजेगा। इसके बाद नवम्बरमें पांच लाख टन और फिर १० लाख टन डीजलकी आपूर्ति की जायगी। ट्रम्पका यह भी कहना है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो आगे चलकर ३० लाख टन डीजल भी आयात किया जा सकता है। इस डीलके लिए ट्रम्पने पुतिनके प्रति आभार भी व्यक्त कर दिया है। अब बड़ा प्रश्न यह है कि रूस से तेल खरीदने वाले भारत सहित अन्य देशोंके साथ टैरिफको लेकर ट्रम्पका रवैया कैसा रहेगा? ट्रम्पको अब अपनी नीति बदलनी होगी। सौ प्रतिशत तक टैरिफ लगानेकी उनकी नीतिका नैतिक पक्ष ही समाप्त हो गया है। इसलिए ट्रम्पको सौ प्रतिशत टैरिफ वाला कानून वापस ले लेना चाहिए।

मणिपुरमें फिर हिंसा

पूर्वोत्तर भारतके प्रमुख राज्य मणिपुरमें लम्बे समयसे जारी हिंसक घटनाएं राज्य सरकार और प्रशासनिक विफलताका सबसे बड़ा प्रमाण है। इतने लम्बे समय से जारी हिंसा अब बेकाबू हो गया है, जो गम्भीर चिन्ताका विषय है। कुछ दिन शांतिके बाद रह-रहकर हिंसा भड़कना राज्यमें शांतिके लिए शुभ संकेत नहीं है। राज्यमें एक बार फिर हिंसा भड़कने लगी है। हालात कितनी बदतर हो चुकी है, इसका अनुमान शुक्रवारको हुई वारदातोंसे लगाया जा सकता है। कुकी और नगा समुदायोंके बीच हिंसाकी घटनाओंमें २४ घण्टोंमें तीन जिलोंके नौ लोग मारे गये और १४ घरोंको आगके हवाले कर दिया गया। अधिकारियोंके अनुसार नगा बहुल कामजोंग जिलेके कुकी बहुल चसाइ गांवमें एक २२ वर्षीय युवक और ४२ वर्षीय महिलाकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इसके बाद कुकी और नगा हथियारबंद गुटोंके बीच शुरू हुई गोलीबारी शनिवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान दस घरों एवं २० दुकानोंमें आगजनी की गयी। एक अन्य घटनामें कामजोंग में म्यांमार सीमाके पास नगा बस्तीमें संदिग्ध उग्रवादी घुस आये और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें दो लोगोंकी मौत हो गयी। जिला प्रशासनने हिंसाग्रस्त क्षेत्रोंमें निषेद्याज्ञा लागू कर दी है और गांवमें सुरक्षाबल तैनात किये गये हैं। आरक्षणके मुद्देको लेकर कुकी और मैतेई समुदायोंमें इतने लम्बे समयसे हिंसक झड़पोंका जारी रहना हैरान करने वाला है। इसके अन्य कारणोंको भी तलाशनेकी जरूरत है। एक बड़ी समस्या म्यांमार से लगातार हो रहे अवैध प्रवासन की है जिसने तनावको हवा दी है। कारण चाहे जो भी हो इसका निराकरण होना चाहिए। इस समस्याका स्थायी समाधान निकालनेकी जरूरत है तभी राज्यमें शांति सम्भव है। इसके लिए केन्द्र सरकारको सख्त कदम उठानेकी जरूरत है।

लोक संवाद

मानसिक स्वास्थ्य

महोदय,-दस अक्तूबरको विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुतसे देशोंमें सरकारी और विभिन्न सामजिक संघटन लोगोंको मानसिक तनावसे बचनेके बारेमें जागरूक करनेके लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर व्यक्तिका शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है, तभी हम जिन्दगीके मजे ले सकते हैं। हमारे देशमें आज शारीरिक अस्वस्थ लोगोंका आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होनेके मुख्य कारण कई गिनवाये जा सकते हैं। संभावना है कि बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकटके दायरेमें आये होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होनेके आंकड़े बढ़नेके कारण ही तो देशमें आत्महत्याके केस बढ़ते जा रहे हैं। **-राजेश चौहान, सुल्तानपुर।**

विकसित भारतकी राहमें चुनौतियां

वैश्विक भू-आर्थिक और भू-राजनीतिक उथल-पुथलके बीच भी भारतके लिए कई बातें गर्व करने लायक हैं। करीब एक लाख करोड़ डॉलरकी अर्थव्यवस्था वाले ताइवानको छोड़ दिया जाये, जिसकी वर्ष २०२६ में आर्थिक वृद्धि दो अंकमें रहनेकी उम्मीद है, तब भारत विश्वकी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंमें तेज गतिसे वृद्धि करनेवाला नजर आता है।

❐ डी. शैलेश

एशियाई विकास बैंक और आर्थिक सहयोग एवं विकास संघटन (ओईसीडी) जैसे वैश्विक संस्थान और एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स तथा फिच रेटिंग्स जैसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियोंने हालमें भारतके लिए वित्त वर्ष २०२६-२७ की वृद्धि दरके अनुमान बढ़ाये हैं। इनके पीछे मजबूत घरेलू मांग, बेहतर निर्यात प्रदर्शन और निवेशमें तेजी जैसे कारण बताये गये हैं। लेकिन इन अच्छी खबरोंके बीच अधिकारियों, कारोबार जगतसे जुड़े वैश्विक दिग्गजों और शोध संस्थानोंकी हालकी बातोंको ध्यानसे सुनें तो भारतकी तेज आर्थिक वृद्धिकी तस्वीर उतनी आसान नहीं दिखती। इसके साथ कई शर्तें, चेतावनियां और व्यावहारिक चुनौतियां जुड़ी हुई हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मौजूदा शानदार आंकड़ों, भारतकी सम्भावनाओं और उपलब्धियोंकी सामान्य तारीफको एक तरफ रख दें तब इन बातोंका सार यही निकलता है कि भारतको उन पुरानी और जानी-पहचानी आर्थिक कमियोंसे सावधान रहना होगा, जो उसकी तेज आर्थिक वृद्धिकी यात्रामें बार-बार बाधा बनती रही हैं। हालमें मुंबईमें हुए १३वें एसबीआई बैंकिंग ऐंड इकनॉमिक कॉन्क्लेवमें प्रधान मंत्रीके प्रधान सचिव और देशके ताकतवर अफसरशाहोंमेंसे एक, पी. के. मिश्रने भारतकी वैश्विक विनिर्माण प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, आयातपर निर्भरता कम करने और युवाओंको बेहतर कौशल देनेकी जरूरतपर जोर दिया। विदेशी निवेशको आकर्षित करनेके मामलेमें उन्होंने बेहद स्पष्ट बात कही। उन्होंने कहा, 'इसके लिए कर नीतियोंमें स्थिरता जरूरी है। राज्यों द्वारा किये जाने वाले अनुबंधोंमें भरोसा होना चाहिए, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था विश्वसनीय होनी चाहिए और सरकारी मंजूरियां वास्तवमें समयपर मिलनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इन चुनौतियोंसे पूरी तरह अवगत है और उनपर काम कर रही है। उनकी इन टिप्पणियोंसे यह भी संकेत मिलता है कि विकसित देशोंकी श्रेणीमें पहुंचनेके लिए भारतको अभी लम्बा रास्ता तय करना है। इसी सम्मेलनमें भारतके मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरनने भी मिश्रकी तरह ही कई महत्वपूर्ण चुनौतियोंकी ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रियायती विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधाका जिक्र किया जिसके जरिये करीब १४४ अरब डालर जुटाये गये हैं। उन्होंने इसे आरबीआई और सरकारकी दूरदर्शिताका उदाहरण बताया और कहा कि इससे निकट भविष्यमें भारतको काफी राहत मिलेगी। हालांकि उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि यह कोई स्थायी समाधान नहीं है।

सीईएके मुताबिक भारतको वैश्विक पूंजी आकर्षित करनेके लिए आक्रामक प्रतिस्पर्धा करनी होगी और इसके लिए केवल केन्द्र सरकारकी नीतियां पर्याप्त नहीं होंगी, बल्कि राज्योंकी नीतियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बातपर जोर दिया कि निश्चित कर व्यवस्था और उसमें सरलता, निवेशकोंकी सुरक्षा, अनुबंधोंकी विश्वसनीयता और निरन्तरता तथा कुशल श्रमबल जैसे मुद्दोंपर गम्भीरतासे काम करना होगा। युवा आबादीको जनसांख्यिकीय लाभके रूपमें देखनेके मामलेमें नागेश्वरनने इसके बेहतर तरीकेसे प्रबंधन करनेकी बात कही। उनके अनुसार इस लाभको केवल आबादीके आधारपर हासिल नहीं किया जा सकता। इसे सही तरीकेसे सम्भालना और हासिल करना होगा और इसके लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, दोनोंको अपने काम करनेके पुराने तरीकोंमें बदलाव और नये प्रयोगके लिए तैयार रहना होगा। यह देशके सरकारी तंत्रकी ओरसे वास्तविकताका अहसास कराने वाली बात है कि वृद्धिके आंकड़ोंसे उत्साहित होकर जश्न मनानेके बजाय भारतको अपनी बुनियादी आर्थिक कमजोरियोंपर ध्यान देना होगा। संघर्षोंसे भरी मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियोंके बीच देश ऐसे भुगतान-संतुलनके दबावसे जूझ रहा है जो फिलहाल जल्दी खत्म होता नहीं दिखता।

दुनियाके सबसे बड़े बैंकोंमेंसे एक जेपी मॉर्गन चेजके चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेमी डिमनने भी भारतके कारोबारी माहौलको लेकर कुछ स्पष्ट बातें कही हैं। उन्होंने कहा, 'भारतमें विदेशी कम्पनियोंके लिए प्रतिस्पर्धा करना अक्सर मुश्किल होता है, क्योंकि उन्हें इसका मौका ही नहीं मिलता। कई बार स्थानीय कम्पनियां प्रतिस्पर्धाको रोकनेके लिए नियमोंका सहारा लेती हैं। सरकारको ऐसा नहीं होने देना चाहिए। यह सभी भारतीयोंके लिए नुकसानदेह है।' हालांकि भारतकी हालकी ७.८ फीसदी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि (अप्रैल-जून २०२६) की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर निवेशकोंका भारतको लेकर दीर्घकालिक नजरिया सकारात्मक है। निवेशकोंको असंगत तरीकेसे लागू होने वाले करों और नियमोंको लेकर चिन्ता रहती हैं और साथ ही उन्होंने देशमें निवेशके माहौलको मजबूत और बेहतर करनेकी बात भी कही। वैश्विक स्तरकी कम्पनियोंकी नब्जकी अच्छी समझ रखने वाले महत्वपूर्ण शख्सकी ओरसे आयी यह टिप्पणी काफी स्पष्ट और कड़ी है।

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीनकी हालकी एक चेतावनीसे भरी रिपोर्टके मुताबिक, वर्ष २०२६ में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकोंने करीब २.४ लाख करोड़ रुपयेकी शुद्ध निकासी की है। रिपोर्टका मानना है कि इन निवेशकोंकी बड़े पैमानेपर स्थायी वापसी आसान नहीं होगी। बर्नस्टीनने इसके लिए भारतके कारपोरेट जगतकी संरचनाको भी एक कारण बताया है। भारतकी कई बड़ी कम्पनियां पुराने आर्थिक ढांचेका प्रतिनिधित्व करती हैं जबकि छोटी कम्पनियोंमें संस्थागत निवेशके लिहाजसे पर्याप्त आकर्षण नहीं है। कई बड़ी कम्पनियां भविष्यमें निवेश करनेके बजाय अपने मौजूदा कारोबारको मजबूत करनेमें अधिक ऊर्जा लगा रही हैं। बर्नस्टीनके नोटके मुताबिक सबसे खराब बात यह है कि कुछ बड़ी कम्पनियां वैश्विक प्रतिस्पर्धासे बचावके लिए सरकारी नीतियोंपर निर्भर रहती हैं। भारतकी एक बड़ी ताकत उसकी विशाल तकनीकी प्रतिभा है और आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्रमें भी भारतके पास दुनियाके प्रमुख देशोंमें शामिल होनेकी क्षमता है। भारतके पास प्रतिभा, युवा आबादी, डेटा और नवाचार जैसे लगभग सभी जरूरी संसाधन मौजूद हैं कि यह देश दुनियाके विशिष्ट एआई क्लबमें शामिल हो सके। लेकिन इसमें भी एक चुनौती यह है कि भारत अपने प्रतिभाशाली इंजीनियरों और संस्थापकोंको देशमें रोक पाता है या नहीं। उन्होंने भारतीय इंजीनियरों और स्टार्टअप संस्थापकोंके लगातार विदेश जानेकी ओर ध्यान दिलाया। अब कई भारतीय सॉफ्टवेयर संस्थापक शुरुआतसे ही सिलिकन वैलीमें अपना आधार बना रहे हैं और वहींसे अपनी टीम तैयार कर रहे हैं। वैश्विक तकनीकी कम्पनियोंके बीच प्रतिभाशाली लोगोंको आकर्षित करनेकी होड़ भी इस चुनौतीको और बढ़ा रही है और उनकी कम्पनी भी इसमें शामिल है। देशके हितकी चिन्ता करने वाले ऐसे लोगोंकी बातें निश्चित रूपसे गम्भीरतासे लेने लायक हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दोंपर जिम्मेदार आर्थिक और राजनीतिक पक्ष जल्द ही ठोस कदम उठायंगे।



भारतकी कई बड़ी कंपनियां पुराने आर्थिक ढांचेका प्रतिनिधित्व करती हैं जबकि छोटी कंपनियोंमें संस्थागत निवेशके लिहाजसे पर्याप्त आकर्षण नहीं है। कई बड़ी कंपनियां भविष्यमें निवेश करनेके बजाय अपने मौजूदा कारोबारको मजबूत करनेमें अधिक ऊर्जा लगा रही हैं। कई भारतीय सॉफ्टवेयर संस्थापक शुरुआतसे ही सिलिकन वैलीमें अपना आधार बना रहे हैं और वहींसे अपनी टीम तैयार कर रहे हैं। वैश्विक तकनीकी कंपनियोंके बीच प्रतिभाशाली लोगोंको आकर्षित करनेकी होड़ भी इस चुनौतीको और बढ़ा रही है और उनकी कंपनी भी इसमें शामिल है। ऐसी बातें निश्चित रूपसे गंभीरतासे लेने लायक हैं।

मंत्रोंसे अधिक भावनाका महत्व

भारतवर्ष पर्वों और उत्सवोंकी पावन भूमि है। यहां मनाये जाने वाले सभी त्योहारोंका अपना विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इन सभी पर्वोंमें शारदीय नवरात्रका स्थान अत्यंत विशिष्ट और पवित्र माना गया है।

❐ महेन्द्र तिवारी

नवरात्रि नौ रातों और दस दिनोंका एक ऐसा पावन समय है जब सम्पूर्ण ब्रह्मांडमें आदि शक्ति मां भगवतीकी विशेष कृपा बरसती है। नवरात्र केवल एक साधारण व्रत या उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि यह मानव मन और आत्माकी शुद्धि तथा दैवीय शक्तिके संचयका एक अत्यंत दुर्लभ अवसर है। यह समय हमें हमारी आन्तरिक ऊर्जाको जागृत करने और जीवनमें व्याप्त अज्ञानताके अंधकारको मिटाकर ज्ञानके प्रकाशकी ओर ले जानेका मार्ग प्रशस्त करता है।शारदीय नवरात्रका आगमन वर्षा ऋतुके समापन और शीत ऋतुके आरम्भके समय होता है। प्रकृति भी इस समय एक नये रूपमें सजती है और सम्पूर्ण वातावरणमें एक नयी ताजगी तथा पवित्रताका वास होता है। इन नौ रातोंमें मां दुर्गाके नौ अलग-अलग स्वरूपोंकी उपासना की जाती है। प्रत्येक स्वरूपका अपना एक विशेष सन्देश और महत्व है। माताके यह रूप हमें जीवनके विभिन्न चरणों और संघर्षोंमें साहस, धैर्य, करुणा और विजयकी प्रेरणा देते हैं। शक्तिकी उपासनाका यह पर्व हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्मकी रक्षाके लिए शक्तिका होना अत्यंत आवश्यक है। बिना शक्तिके शांति और प्रगतिकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यह शक्ति केवल शारीरिक नहीं है, बल्कि मानसिक और आत्मिक भी है।

अखबार हिन्दी मिलापमें प्रकाशित आरामसे नामक स्तंभमें दी गयी पूजन विधिके अनुसार, नवरात्रकी उपासना अत्यंत सरल, क्रमबद्ध और भावपूर्ण है। किसी भी शुभ और मांगलिक कार्यका आरंभ सदैव विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेशके पूजनसे ही होता है। नवरात्रकी उपासनामें भी सबसे पहले भगवान गजाननका स्मरण और पूजन करना अनिवार्य माना गया है। साधक अपने हाथमें पवित्र जल, अक्षत अर्थात् बिना टूटे हुए चावल, और पुष्प लेकर संकल्प करता है। संकल्प एक प्रकारकी दृढ़ प्रतिज्ञा है। साधक मातासे प्रार्थना करता है कि हे जगदम्बे, मैं इस पवित्र पूजन और व्रतके माध्यमसे अपने संकल्पको पूर्ण करनेके लिए आपका हृदयसे आह्वान करता हूं। संकल्पके पश्चात जल, अक्षत और कुमकुमसे विधि-विधानके साथ पूजनकी शुरुआत होती है।पूजनके मुख्य क्रममें सबसे पहला चरण माताका आह्वान और ध्यान है। साधक अपनी आंखें बंद करके मां भगवतीके उस दिव्य और भव्य स्वरूपका ध्यान करता है, जब भगवान विष्णु योगनिद्रामें लीन थे और माताने प्रकट होकर सृष्टिकी रक्षाके लिए मधु और कैटभ नामक भयंकर राक्षसोंका वध किया था। ध्यानका यह चरण मनको सांसारिक चिन्ताओंसे मुक्त करके पूरी तरहसे माताके चरणोंमें केन्द्रित करनेका एक माध्यम है। जब मन पूरी तरहसे एकाग्र हो जाता है, तब माताकी उपस्थितिका अनुभव हृदयमें होने लगता है।

ध्यानके उपरान्त माताको स्नान करानेकी प्रक्रिया होती है। सर्वप्रथम शुद्ध और पवित्र जलसे माताकी प्रतिमा या यंत्रको स्नान कराया जाता है। इसके पश्चात पंचामृतसे स्नान कराया जाता है। पंचामृत पांच अत्यंत पवित्र वस्तुओंका मिश्रण होता है, जिसमें गायका दूध, दही, घी, शहद और शर्करा मिलायी जाती है। स्नान कराते समय साधक यह भाव रखता है कि हे महादेवी, दूध, दही, घी, शहद और शर्कराके मिश्रणसे तैयार यह उत्तम पंचामृत आपकी सेवामें प्रस्तुत है, कृपया इसे स्वीकार करें। पंचामृत स्नानके पश्चात एक बार फिरसे शुद्ध जलसे स्नान कराया जाता है, ताकि माताका श्री विग्रह पूरी तरहसे स्वच्छ हो जाय।स्नानके बाद माताके श्रृंगारका चरण आता है। मां भगवतीको अत्यंत सुन्दर और पवित्र वस्त्र अर्पित किये जाते हैं। मुख्य वस्त्रके साथ साथ उपवस्त्र भी चढ़ाया जाता है। इसके बाद मस्तकपर चन्दन और सिन्दूरका तिलक लगाया जाता है जो सौभाग्य और सुहागका प्रतीक है। माताको ताजे और सुगंधित पुष्पोंकी माला पहनायी जाती है। वस्त्र अर्पित करते समय साधक कहता है कि हे देवी, नाना प्रकारके सुन्दर बेल बूटों और जरी गोटोंसे सुसज्जित यह अत्यंत उत्तम और मनमोहक वस्त्र मैं आपको समर्पित कर रहा हूं। श्रृंगारका यह भाव हमें यह सिखाता है कि हम अपने जीवनमें भी सुंदरता, पवित्रता और सदगुणोंको धारण करें।श्रृंगारके पश्चात माताको भोग अर्पित किया जाता है और दीप दर्शन कराया जाता है। माताके समक्ष अत्यंत श्रद्धाके साथ विविध प्रकारके उत्तम नैवेद्य, ऋतु फल और स्वादिष्ट मिष्ठान्न रखे जाते हैं। इसके बाद सुगंधित धूप और दीप जलाकर माताको दिखाया जाता है। दीपका प्रकाश ज्ञानका प्रतीक है और धूपकी सुगंध हमारी प्रार्थनाओंकी पवित्रताको दर्शाती है। यह प्रकाश अज्ञानता और बुराईके अंधकारको समाप्त करनेका संदेश देता है। पूजनके अंतिम चरणमें माताकी आरती, प्रदक्षिणा और क्षमा प्रार्थनाकी जाती है। आरतीके लिए विशेष रूपसे कर्पूरका उपयोग किया जाता है। कर्पूरके साथ भीगे हुए ईंधनको जलाकर उसमें १, ३, ५, ७ या इससे अधिक संख्यामें बत्तियां बनाकर माताकी मंगल आरती उतारी जाती है। कर्पूर जलकर पूरी तरहसे समाप्त हो जाता है और कोई अवशेष नहीं छोड़ता, जो यह दर्शाता है कि हमारा अहंकार भी माता के समक्ष पूरी तरहसे भस्म हो जाना चाहिए। आरतीके बाद साधक अपने स्थानपर गोल घूमकर प्रदक्षिणा करता है। अंतमें सबसे महत्वपूर्ण भाग होता है क्षमा प्रार्थना। साधक हाथ जोड़कर कहता है कि हे माता, न तो मुझे आपकी भक्तिका कोई गहरा ज्ञान है और न ही मैं पूजाके कठिन मंत्रोंको जानता हूं। मैंने अपनी अल्प बुद्धि और क्षमताके अनुसार जो भी पूजन किया है, आप अपनी उदारतासे उसे परिपूर्ण मानकर स्वीकार करें और मेरी सभी भूलोंको क्षमा करें।नवरात्र पूजनका सबसे मूल और महत्वपूर्ण भाव यही है कि यदि पूजाके दौरान कोई मंत्र भूल भी जाय या कोई सामग्री छूट भी जाय तो साधककी भावना और श्रद्धामें कोई कमी नहीं आनी चाहिए। अज्ञानवश या अधिकतामें किये गये पूजनसे जगदम्बा सर्वकल्याणी महादेवी संतुष्ट ही होती हैं, क्योंकि वे केवल अपने भक्तोंका सच्चा भाव देखती हैं। कर्मकांडसे अधिक महत्व हृदयकी पवित्रताका है।यह पावन पर्व हमें एक बहुत ही गहरा सामाजिक और आध्यात्मिक संदेश भी देता है। यह हमें सिखाता है कि संसारकी हर एक स्त्रीमें देवीका ही वास है। स्त्रीका सम्मान करना, उसकी गरिमाकी रक्षा करना और उसे समाजमें उचित स्थान देना ही देवीकी सच्ची आराधना है। जबतक समाजमें नारीका सम्मान नहीं होगा, तबतक कोई भी पूजा या व्रत सफल नहीं हो सकता। शक्तिकी इस आराधनासे ही हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवनमें फैला हुआ अज्ञानता और बुराइयोंका अंधकार दूर होता है।

यही कारण है कि दीपावलीके महापर्वसे ठीक पहले आने वाली यह शारदीय नवरात्र, केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह दीपावलीके प्रकाश पर्वकी तैयारीका एक अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक आरम्भ है। नवरात्रमें हम अपने भीतर शक्ति और पवित्रताका संचय करते हैं, ताकि दीपावलीके दिन हम अपने अंतर्मनके दीयोंको सत्य और ज्ञानके प्रकाशसे पूरी तरहसे प्रज्वलित कर सकें। यह संपूर्ण कालखंड हमें अंधकारसे प्रकाशकी ओर, असत्यसे सत्यकी ओर और मृत्युसे अमरताकी ओर ले जानेका एक दिव्य मार्ग प्रशस्त करता है। माताकी यह आराधना हमारे जीवनको सुख, शांति, समृद्धि और अपार सफलतासे भर दे, यही इस पर्वकी सच्ची सार्थकता है।

आत्मबोध

शक्तिकी आवश्यकता

❐ रघोत्तम शुक्ल

संसारके हर प्राणीको किसी भी कार्यकी सफलताके लिए शक्तिकी आवश्यकता होती है। सभी प्राणियोंमें शक्ति रूपेण संस्थिता ही भगवती हैं, जो निराकार होते हुए भी सभी देवताओंके तेजसे प्रादुर्भूत होकर साकार होती हैं। पृथ्वीपर आकर भगवानके अवतार और स्वरूप भी उनकी आराधना उपासनासे ही शक्तिमान होकर बड़े अभीष्ट प्राप्त करनेमें सफल हो पाते हैं। श्रीराम भगवान विष्णुके सप्तमावतार थे। उनसे बड़ा शस्त्रधारी कोई नहीं या है। गीताके दशम् अध्यायमें अपनी विभूतियोंका वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्णने अपनेको शस्त्रधारियोंमें राम कहा है, पवन: पवतामस्मि राम:शस्त्रभृतामहम्। ऐसा होते हुए भी रावण वध करनेसे पूर्व उन्होंने शक्तिकी उपासना की। देवी भागवतमें आये प्रसंगानुसार जब श्रीराम प्रवर्षण गिरिपर शोकाकुल बैठे थे और लक्ष्मण जीसे अपना दु:ख व्यक्त कर रहे थे, तभी आकाश मार्गसे देवर्षि नारद आये और उनसे शारदीय नवरात्र व्रत रखनेकी सलाह दी, क्योंकि तत्समय आश्विन(क्वॉर) मास उपस्थित था। वे बोले-उपाय कथयाम्यद्य तस्य नाशाय राघव। व्रतं कुरुष्व श्रद्धावानाश्विने मासि साम्प्रतम्॥ नवरात्रोपवासं च भगवत्या प्रपूजनम्। सर्वसिद्धिकरं राम जप होम विधानत:॥ श्रीरामको देवर्षिने देवी प्रतिष्ठापन और उपवास, पूजन आदिका सम्पूर्ण विधान बताया और स्वयं आचार्यत्व करनेकी सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि हे राम सबसे पहले यह व्रत भगवान विष्णुने किया था। तदनंतर शिवजी और ब्रह्माने, फिर इंद्र और तत्पश्चात् ऋषि मुनियोंने। नारद जीके निर्देशानुसार श्रीरामने देवी जीकी स्थापना कर, पूजन, व्रत और उपवास किये। अष्टमीकी रात्रि देवी मांने उन्हें दर्शन देकर विजयी होनेका आशीर्वाद दिया। हिन्दी कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 'रामकी शक्तिपूजा' शीर्षक एक लम्बी कविता लिखी है, जिसमें उन्होंने दिखाया है कि युद्धस्थलमें रामने नौ दिन देवी आराधना की और प्रतिदिन एक नीलकमल मांके चरणोंमें अर्पित करते थे। परीक्षा लेनेके लिए माताने अष्टमीको छिपकर एक कमल चुरा लिया। विवश रामने सोचा कि बचपनमें माता कौशल्या हमें 'राजीवलोचन' कहती थीं तो क्यों न हम कमलके अभावमें अपना एक नेत्र देवी मांको अर्पित कर दें और वे वाण लेकर अपना नेत्र निकालनेपर उद्यत हो गये। तभी माताने प्रकट होकर उनका हाथ पकड़ लिया और विजयका आशीर्वाद देती हुई उनके शरीरमें प्रविष्ट हो गयीं। पूर्णावतार भगवान श्रीकृष्ण भी देवीके आराधक थे। दुर्गा सप्तशतीके अर्गला स्तोत्रमें आया है, कृष्णेन संस्तुते देवि शश्वद्भक्त्या सदाम्बिके। रूपं देहि जयम् देहि यशो देहि द्विषो जहि॥ शम्बरासुर द्वारा रुक्मिणीके सूतिका गृहसे उनके नवजात शिशु-पुत्र प्रद्युम्नका हरण होनेपर भी उन्होंने महाशक्ति स्वरूपा देवी मांकी ही स्तुति की थी। सद्य:शारदीय नवरात्रि उपस्थित हैं। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।

सचसे दूर होता आम नागरिक

❐ अमन सिंह गौर

किसी लोकतंत्रके लिए इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि वहां सच बोलनेसे पहले यह सोचना पड़े कि उससे किसका फायदा होगा और किसका नुकसान। आज हमारे देशमें राजनीतिक पक्षधरताका असर कुछ ऐसा ही दिखाई देने लगा है। सत्ता और विपक्षके बीच मतभेद होना स्वाभाविक है लेकिन जब उनके समर्थक हर बातको अपनी राजनीतिक पसंदके चश्मेसे देखने लगें और मीडियाका एक बड़ा हिस्सा भी इसी खेमेबंदीमें शामिल दिखाई दे, तब चिन्ता होना लाजिमी है। सवाल केवल नेताओंकी राजनीतिका नहीं है, सवाल उस सोचका भी है, जिसमें सचसे ज्यादा अहमियत इस बातको मिलने लगी है कि सच किसके पक्षमें जा रहा है।आज मीडियाका एक हिस्सा ऐसा दिखाई देता है, जिसका ज्यादातर जोर सत्ताकी उपलब्धियां गिनाने, उसके फैसलोंका बचाव करने और विपक्षको कठघरेमें खड़ा करनेपर रहता है। सरकार कुछ करे तो उसके पक्षमें तर्कोंकी भरमार हो जाती है लेकिन उसी सरकारके किसी फैसलेपर सवाल उठे तो सवाल पूछने वालेकी मंशापर ही सवाल खड़े होने लगते हैं। बेरोजगारी, महंगी, शिक्षा, स्वास्थ्य या किसी सरकारी व्यवस्थाकी कमियोंपर सवाल पूछनेके बजाय बहसको दूसरे मुद्दोंकी तरफ मोड़ दिया जाता है। सरकारकी उपलब्धियोंको सामने लाना गलत नहीं है लेकिन उसकी कमियोंको दबाकर केवल उपलब्धियां दिखाना पत्रकारिता नहीं हो सकती। दूसरी ओर, मीडियाका एक हिस्सा ऐसा भी है जिसकी आलोचनाका निशाना मुख्य रूपसे सत्ता रहती है और विपक्षके प्रति उसका रवैया जरूरतसे ज्यादा उदार दिखाई देता है। उसे सरकारकी हर चूकपर सवाल उठाना जरूरी लगता है, लेकिन विपक्षके नेताओंके आचरण, उनके वादों और उनके फैसलोंकी पड़ताल करते समय वही सख्ती नजर नहीं आती। विपक्ष कोई आरोप लगा दे तो उसे बड़ी खबर बना दिया जाता है लेकिन उस आरोपकी सचाई जांचनेकी जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है। विपक्षका सत्तासे सवाल पूछना लोकतंत्रके लिए जरूरी है, परन्तु इसका मतलब यह नहीं कि विपक्षको सवालोंसे छूट मिल जाय। यही वह जगह है, जहां निष्पक्षताका दावा करने वालोंकी असल परीक्षा होती है। किसी पत्रकार या मीडिया संस्थानका किसी विचारधारासे सहमत होना अपने आपमें गलत नहीं है। विचार रखना और किसी नीतिका समर्थन करना हर व्यक्तिका अधिकार है। लेकिन जब विचारधारा तथ्योंसे ऊपर हो जाय, जब अपने पक्षकी गलतीको छिपाने और दूसरे पक्षकी सही बातको भी गलत साबित करनेकी कोशिश होने लगे, तब निष्पक्षताका दावा खोखला हो जाता है। सत्ताकी हर बातको सही ठहराने वाला माध्यम और विपक्षकी हर बातको सही साबित करने वाला माध्यम, दोनों अपने-अपने तरीकेसे जनताको अधूरी तस्वीर दिखाते हैं। फर्क केवल इतना है कि एक सत्ताके पक्षमें खड़ा होता है और दूसरा विपक्षके। लेकिन इस पूरी स्थितिमें सबसे बड़ा सवाल मीडियाके उन दर्शकों और पाठकोंसे भी है, जो अपने पसंदीदा माध्यमकी हर बातको सच मान लेते हैं। सत्ता समर्थक मीडिया सरकारकी कमियां छिपाये तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होती, जबकि विपक्ष समर्थक मीडिया अपने पसंदीदा नेताओंकी गलतियोंपर चुप रहे तो वे भी सवाल नहीं उठाते। उन्हें अपने पक्षके खिलाफ खबर झूठ लगती है और विरोधी पक्षके खिलाफ खबर बिना जांचे सच। अपने नेताकी आलोचना करने वाला पत्रकार बिकाऊ और दूसरे नेताकी आलोचना करने वाला पत्रकार निर्भीक आखिर यह कैसा पैमाना है, जिसमें व्यक्तिकी ईमानदारीका फैसला उसके तथ्योंसे नहीं उसकी राजनीतिक पसन्दसे किया जाता है।

यह अंधसमर्थन केवल किसी नेताको लोकप्रिय बनानेतक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा असर जनताकी समझ और लोकतंत्रकी जवाबदेहीपर पड़ता है। जब किसी सरकारको मालूम हो कि उसके समर्थक उसकी कमियोंपर सवाल नहीं उठायंगे तो उसपर सुधारका दबाव कमजोर पड़ने लगता है। जब विपक्षको भरोसा हो कि उसके समर्थक उसके हर आचरणका बचाव करेंगे तो उसे भी अपनी गलतियोंपर आत्ममंथन करनेकी जरूरत कम महसूस होने लगती है और जब मीडियाका कोई हिस्सा इन दोनोंके लिए बचावकी दीवार बन जाय तो जनताके सवालोंको पीछे धकेलना और आसान हो जाता है। ऐसेमें राजनीतिक दलोंकी जवाबदेही कमजोर करनेमें उनके अंधसमर्थकों और पक्षधर मीडियाकी भूमिकाको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र केवल चुनाव करानेसे मजबूत नहीं होता उसके लिए जागरूक नागरिक, स्वतंत्र पत्रकारिता और सवालोंके प्रति सहनशील समाज भी चाहिए।

यहां समाधानके नामपर केवल मीडियाको निष्पक्ष होनेकी नसीहत देना पर्याप्त नहीं है। मीडिया संस्थानोंको अपने दावों और खबरोंके तथ्य सामने रखने चाहिए, आरोपोंकी जांच करनी चाहिए और गलती होनेपर उसे स्वीकार करना चाहिए। समाचार और विचारके बीच अंतर स्पष्ट होना चाहिए। सत्ताके दावोंकी जांच हो तो विपक्षके दावोंकी भी हो। सरकारकी उपलब्धिका श्रेय उसे मिले तो उसकी विफलताकी जिम्मेदारी भी उसीकी हो। विपक्ष जनताकी आवाज उठाये तो उसकी बात सुनी जाय, लेकिन उसके नेताओंसे भी उनके आचरण, वादों और कामकाजका हिसाब मांगा जाय। किसी पक्षको केवल इसलिए सही नहीं माना जा सकता कि वह दूसरे पक्षका विरोध कर रहा है। लेकिन सबसे जरूरी बदलाव नागरिकोंको अपने भीतर करना होगा। हम जिस नेताको पसंद करते हैं, उसकी आलोचना सुननेका साहस रखना होगा। जिस मीडिया संस्थानपर भरोसा करते हैं, उसकी खबरपर भी सवाल उठानेकी हिम्मत दिखानी होगी। खबर पसंद न आये तो उसे झूठ कहनेसे पहले उसकी जांच करना और अपने पक्षके खिलाफ तथ्य सामने आयें तो उन्हें स्वीकार करनेका विवेक भी रखना होगा। लोकतंत्रमें नागरिकका काम केवल अपनी पसन्दके नेताके समर्थनमें खड़ा होना नहीं, बल्कि यह देखना भी है कि वह नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है या नहीं।

देशमें सत्ता और विपक्षके बीच राजनीतिक लड़ाईका लम्बा इतिहास रहा है लेकिन वर्तमानमें उससे भी गम्भीर संकट सच और पक्षधरताके बीच है। आज स्थिति ये है कि सत्ताके समर्थक सत्ताकी हर गलतीपर पर्दा डालनेमें लगे हैं तो वहीं विपक्षके समर्थक विपक्षकी हर गलतीका बचाव करने पे तुले हैं और मीडियाका एक बहुत बड़ा हिस्सा भी इसी काममें जुट हुआ इससे सबसे ज्यादा नुकसान उस आम नागरिकका हो रहा है, जिसे सही जानकारीके आधारपर अपना निर्णय लेना है। ऐसे माहौलमें निष्पक्षताका दावा करना आसान है, लेकिन निष्पक्ष रहना कठिन। सवाल यह नहीं कि कौन सत्ताके साथ है और कौन विपक्षके साथ। सवाल यह है कि कौन सचके साथ खड़ा होनेका साहस रखता है, भले ही उससे उसके अपने पसंदीदा पक्षको नुकसान क्यों न हो। जो मीडिया अपने पक्षकी गलतीपर चुप है, उसे अपनी निष्पक्षतापर अवश्य ही विचार करना चाहिए। जो नागरिक अपने नेताकी गलतीको गलती माननेसे इनकार करता है, उसे अपनी निष्ठा और विवेकके बीच फर्क समझना चाहिए। क्योंकि जब हम अपने पसन्दीदा पक्षकी गलतियोंको छिपाने लगते हैं, तब हम केवल उसका बचाव नहीं कर रहे होते, बल्कि उसे जवाबदेहीसे बचनेकी सुविधा भी दे रहे होते हैं।

मोबाइल कंपनियों की तरह ही सैटकॉम कंपनियों को मिले स्पेक्ट्रम- एयरटेल

नयी दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यदि उपग्रह संचार (सैटकॉम) कंपनियां मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम का उपयोग करना चाहती हैं, तो उन पर दूरसंचार कंपनियों के समान नियम लागू होने चाहिए। भारती एयरटेल के कॉरपोरेट मामलों के निदेशक एवं समूह के मुख्य नियामकीय अधिकारी राहुल वत्स ने %इंडिया मोबाइल कांग्रेस% (आईएमसी) में कहा कि डायरेक्ट-टू-डिवाइस प्रौद्योगिकी में उपग्रह सीधे मोबाइल फोन पर सिग्नल भेजते हैं। यह प्रशासनिक आवंटन के तहत सैटकॉम कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से अलग है। उन्होंने कहा, यदि उपग्रह कंपनियां उसी स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल करना चाहती



हैं, जिसका उपयोग मोबाइल कंपनियां कर रही हैं तो स्पेक्ट्रम के मूल्य निर्धारण, लाइसेंस की शर्तों और सुरक्षा सहित सभी नियम समान होने चाहिए। भारत में दूरसंचार कंपनियों को मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिये हासिल करना होता है, जबकि सैटकॉम कंपनियों को प्रशासनिक प्रक्रिया के माध्यम से स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाता है। इस बीच, एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने अंतरिक्ष से मोबाइल सेवाएं देने के लिए 800 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम हासिल किया है। स्टारलिंक का कहना है कि इस बैंड के सिग्नल दीवार जैसी बाधाओं को पार कर सकते हैं और इमारतों के भीतर भी मोबाइल उपकरणों तक पहुंच सकते हैं। वत्स ने कहा कि डायरेक्ट-टू-डिवाइस सेवाओं में मोबाइल फोन पर इस्तेमाल होने वाले स्पेक्ट्रम का उपयोग होता है और इस तरह के स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिये होना चाहिए।

सिंगापुर में निर्मला सीतारमण की ग्लोबल निवेशकों से मुलाकात, भारत की अर्थव्यवस्था और एआई पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सिंगापुर में प्रमुख वैश्विक निवेश कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और कृत्रिम मेधा (एआई) में तेजी से हो रही प्रगति से पैदा होने वाले अवसरों तथा चुनौतियों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बैठक में मिलेनियम पार्टनर्स, ब्रेवन हॉवर्ड, ब्लैक रॉक, पीआईएमसीओ, कार्लाइल, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), टेमासेक, सिटाडेल, जेपी मॉर्गन और डॉयचे बैंक सहित प्रमुख वैश्विक निवेश कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

मंत्रालय के अनुसार, चर्चा में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा वैश्विक और भू-आर्थिक घटनाक्रमों के बीच भारत की आर्थिक संभावनाओं और एआई में तेजी से हो रही प्रगति के प्रभावों पर विचार-विमर्श हुआ। मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के बदलते आर्थिक एवं वित्तीय परिदृश्य और देश में निवेश के अवसरों पर विचारों के आदान-प्रदान का मंच मिला।

विदेशी मुद्रा भंडार 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 10.66 अरब डॉलर घटकर 604.75 अरब डॉलर रही।

डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.29 अरब डॉलर घटकर 106.41 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 15 लाख डॉलर बढ़कर 18.66 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.79 अरब डॉलर रहा।

ईडी ने अम्रपाली समूह मामले में दिल्ली के महारानी बाग में 54 करोड़ रुपए का मकान कुर्क किया

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े अम्रपाली समूह और अन्य के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत दिल्ली के पॉश महारानी बाग इलाके में 54 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का एक मकान कुर्क किया है। एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस और दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज 18 प्राथमिकी से जुड़ा है। आरोप है कि समूह ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई आवासीय परियोजनाएं शुरू कीं और 36 महीने के भीतर फ्लैट देने तथा सुनिश्चित रिटर्न का वादा करके घर खरीदारों से बड़ी रकम जुटाई। ईडी के अनुसार, ये परियोजनाएं पूरी नहीं हुईं और घर खरीदारों को न तो फ्लैट का कब्जा दिया गया और न ही उनकी रकम लौटाई गई। ईडी के आरोपों पर कंपनी की तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। एजेंसी के अनुसार, फॉरेंसिक ऑडिट में पता चला कि अम्रपाली समूह ने घर खरीदारों से जुटाई गई 5,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम को मुखौटा कंपनियों और समूह की अन्य कंपनियों में स्थानांतरित किया। समूह के निदेशकों ने पेशेवर शुल्क की आड़ में रकम की हेराफेरी की। ईडी ने कहा कि इस रकम का एक हिस्सा अम्रपाली समूह के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा और उनके परिवार के सदस्यों के जरिए ऋण के रूप में सीधे और अन्य माध्यमों से दिल्ली की सुरभी एडवरटाइजिंग को भेजा गया। उसने कहा कि इस रकम का इस्तेमाल दिल्ली के ए-3 (न्यू), महारानी बाग स्थित संबंधित संपत्ति के सिलसिले में किया गया। एजेंसी ने बताया कि 54.71 करोड़ रुपए मूल्य की इस संपत्ति को %अपराध से अर्जित आय% के रूप में चिह्नित किया गया है और ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने इसे अस्थायी रूप से कुर्क किया

आरबीआई तीन सरकारी तेल कंपनियों के लिए विशेष डॉलर सुविधा शुरू करेगा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शनिवार को कहा कि वह सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की संपूर्ण दैनिक डॉलर जरूरतों को पूरा करने के लिए सोमवार से एक विशेष सुविधा शुरू करेगा। केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा बाजार में अनुशासन को मजबूत करने, उचित जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और एक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बाजार परिवेश बनाए रखने के लिए कई नियामकीय उपायों की भी घोषणा की। यह कदम ऐसे समय उठाया गया, जब लगातार भू-राजनीतिक और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच रुपए में गिरावट का रुख जारी है। घरेलू मुद्रा शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.71 के स्तर पर बंद हुई थी। आरबीआई ने जिन तीन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए इस विशेष विंडो की घोषणा की है, वे हैं – इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)। इस सुविधा के तहत केंद्रीय बैंक नामित बैंकों के माध्यम से इन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को अमेरिकी डॉलर की बिक्री करेगा। यह व्यवस्था 12 अक्टूबर, 2026 (सोमवार) से प्रभावी होगी और अगले आदेश तक लागू रहेगी। आरबीआई ने विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी रोकने और रुपये में स्थिरता लाने के लिए कुछ नियामकीय उपाय भी किए हैं। अगर किसी ग्राहक ने विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव का कोई सौदा एक बार रद्द कर दिया, तो बैंक उसे दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं देंगे।

डीमार्ट का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 8.5 प्रतिशत बढ़कर 743 करोड़ रुपए पर

नयी दिल्ली। खुदरा श्रृंखला डीमार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 8.5 प्रतिशत बढ़कर 742.98 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 684.85 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 17.8 प्रतिशत बढ़कर 19,644 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 16,676.30 करोड़ रुपए थी। इस दौरान चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 18.3 प्रतिशत बढ़कर 18,632.70 करोड़ रुपए रहा। कंपनी की कुल आय सितंबर तिमाही में 17.73 प्रतिशत बढ़कर 19,657.54 करोड़ रुपए हो गई। एवेन्यू सुपरमार्ट्स की कुल आय चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 16.47 प्रतिशत बढ़कर 38,477.85 करोड़ रुपए रही।

एयरटेल मनी ने लंदन शेयर बाजार में सूचीबद्ध

नयी दिल्ली। अफ्रीका के डिजिटल वित्तीय सेवा मंच एयरटेल मनी ने लंदन शेयर बाजार (एलएसई) में शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत की। यह कई वर्षों में शेयर बाजार का सबसे बड़ा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) है। एयरटेल के संस्थापक और भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील मित्तल ने कहा कि एयरटेल मनी की सूचीबद्धता ब्रिटेन में भारती समूह के दीर्घकालिक निवेश का विस्तार है। उन्होंने कहा, मैं लंदन शेयर बाजार में एयरटेल मनी की सफल सूचीबद्धता का स्वागत करते हुए खुश हूं। यह सूचीबद्धता निवेश के लिए वैश्विक स्तर पर आकर्षक गंतव्य के रूप में ब्रिटेन पर भरोसे को दर्शाती है। यहां स्थिर कारोबारी और नीतिगत माहौल है, जो दीर्घकालिक निवेशकों के लिए आकर्षक है। मित्तल ने कहा, 2019 में हमने ब्रिटेन के स्थापित निवेशक आधार, दीर्घकालिक रणनीतिक पूंजी और उभरते बाजारों की तेजी से विकसित हो रही कंपनियों में निवेश की इच्छा का लाभ उठाने के लिए एयरटेल अफ्रीका को लंदन में सूचीबद्ध कराया था। इन्हीं परिस्थितियों के कारण 2026 में इस नई सूचीबद्धता के लिए लंदन स्वाभाविक विकल्प बना। उन्होंने कहा कि एयरटेल मनी के निर्गम को मिली अधिक बोली से पता चलता है कि ब्रिटेन के बाजार में उच्च गुणवत्ता वाली निवेश योग्य संपत्तियों की मांग है। एयरटेल मनी के लंदन शेयर बाजार में सशर्त कारोबार की शुरुआत की और इसका निर्गम मूल्य 1.96 पाउंड प्रति शेयर रखा गया। शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर की कीमत करीब 2.00 पाउंड तक पहुंची लेकिन बाद में घटकर लगभग 1.94 पाउंड रह गई, जो निर्गम मूल्य से थोड़ी कम है। इस कीमत के आधार पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण करीब सात अरब अमेरिकी डॉलर (5.3 अरब पाउंड) आंका गया है। यह पहले लगाए गए आठ से नौ अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन अनुमान से कम है। फिलहाल शेयर में सशर्त कारोबार हो रहा है और इसमें केवल उन्हीं निवेशकों को लेनदेन की अनुमति है, जिन्हें शेयर आवंटित किए गए हैं। नियमित कारोबार 14 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा। भारती एयरटेल की एयरटेल अफ्रीका में 79.2 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि एयरटेल अफ्रीका के पास एयरटेल मनी की 77.85 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस तरह भारती एयरटेल की एयरटेल मनी में अप्रत्यक्ष आर्थिक हिस्सेदारी करीब 61.6 प्रतिशत है।

केनरा एचएसबीसी लाइफ का लाभ 5 प्रतिशत बढ़कर 43 करोड़ पर

नयी दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 43 करोड़ रुपए रहा। बीमा कंपनी ने पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में 41 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि केनरा बैंक प्रवर्तित बीमा कंपनी की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 2,511 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,349 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 2,553 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रीमियम जुटाया, जबकि पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में यह 2,260 करोड़ रुपए था।

रवी शास्त्री और सुनील गावस्कर ने सेहत और क्रिकेट से जुड़ी पुरानी यादों को किया ताजा

क्रिकेट के हर यादगार पल के पीछे कई ऐसी कहानियां होती हैं, जो स्कोरबोर्ड पर बहुत कम दिखाई देतीं हैं। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पांचवें सीजन में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और रवी शास्त्री नजर आएंगे। इस शो में रवी शास्त्री पहली बार दिखाई देंगे। कपिल शर्मा के साथ इस खास एपिसोड में हंसी-मजाक, पुरानी यादें और भारतीय क्रिकेट से जुड़े कई दिलचस्प किस्से सुनने को मिलेंगे।कपिल शर्मा बातचीत की शुरुआत करते हुए कहते हैं कि रवी शास्त्री ने क्रिकेट से जुड़ी लगभग सभी भूमिकाएं निभाई हैं। वह खिलाड़ी रहे, कप्तान बने, कमेंट्री की और कोच भी रहे, लेकिन कभी अंपायर नहीं बने। कपिल ने उनसे पूछा कि इसके पीछे क्या वजह है। इस पर रवी शास्त्री कहते हैं कि अंपायरों को अक्सर उनके फैसलों के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है। लेकिन उनके अनुसार, क्रिकेट में अंपायर की भूमिका निभाना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। सिर्फ नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पांचवें सीजन का नया एपिसोड.

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया

पत्रांक:- 1526/अ.अ./ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक:- 03.10.2026

अल्पकालीन मैनुअल निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधि"ाासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया, उ0प्र0 ग्रा0अ0वि0 में (A.B.C.D.) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से कार्य की लागत के अनुसार होने पर प्रति"ात दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित करते है, निविदादाता (Bidder) किसी अथवा सभी कार्यो हेतु निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

क0 सं0	प्रस्ताओं का नाम	कार्य का नाम	लागत (जी0एस0टी0 छोडकर)	धरोहर रा"ा (लाख में) 2%	निविदा प्रपत्र का मुल्य रू0 /स्टे"ानरी चार्ज/जी एसटी	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)	कार्यकारी अधि"ाासी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		डा0बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना वर्ष 2026-27							
1	मा0 रवि"ांकर सिंह (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत डफलपुरा विकास खण्ड सीयर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह	विकास भवन, बलिया।	परिमण्डल- आजमगढ़।	कलेक्ट्रेट-बलिया
2	मा0 रवि"ांकर सिंह (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत अमावें विकास खण्ड सीयर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
3	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड सीयर के ग्राम शाहपुर टिटिहा में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
4	मा0 हंसू राम जी	ग्राम पंचायत कौवापुर में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
5	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड नगरा के ग्राम सभा कसौन्डर में स्थापित रविदास जी मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
6	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड नगरा के ग्राम सभा कोढागालिब पट्टी के भाउपुर में अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
7	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड नगरा के ग्राम सभा बरवारतीपट्टी में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
8	मा0 दानि"ा आजाद अंसारी जी	ग्राम सभा सराय भारती में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
9	मा0 दानि"ा आजाद अंसारी जी	ग्रामसभा नारायणपुर छिटनहरा में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
10	मा0 दानि"ा आजाद अंसारी जी	ग्रामसभा कुकुरहां चिलकहर में सम्राट अ"ाोक अम्बेडकर बौद्ध विहार का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
11	मा0 दानि"ा आजाद अंसारी जी	ग्राम पंचायत असनवार, विकास खण्ड चिलकहर मे स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
12	मा0 दानि"ा आजाद अंसारी जी	ग्रामसभा मंगरौली बंकापुर में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
13	मा0 रवि"ांकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत कराछी नरायनपुर विकास खण्ड गड़वार अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
14	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	विकास खण्ड गड़वार के अम्बेडकर कालोनी में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
15	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	विकास खण्ड गड़वार के ग्राम पंचायत बलेजी में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
16	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	ग्राम पंचायत मिठवार विकास खण्ड गड़वार में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
17	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	ग्राम पंचायत पकड़ी विकास खण्ड हनुमानगंज में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
18	मा0 दानि"ा अजाद अंसारी जी	विकास खण्ड सोहांव सहाबुद्दीपुर में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
19	मा0 दानि"ा अजाद अंसारी जी	विकास खण्ड सोहांव ग्राम चौरा में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
20	मा0 केतकी सिंह जी/ मा0 रवि"ांकर सिंह जी (पप्पू भैया)	मानिकपुर के कि"ानपुर में अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
21	मा0 केतकी सिंह जी	दिघेड़ा में संत ि"ारोमणि रविदास मंदिर जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
22	मा0 केतकी सिंह जी	सुखपुरा के मौजा बांसेराम में सन्त सिरोमणि रविदास मंदिर जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
23	मा0 केतकी सिंह जी	हरपुर लाला के छपरा में अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
24	मा0 केतकी सिंह जी	करम्मर में संत ि"ारोमणि रविदास मंदिर जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
25	मा0 दया"ांकर सिंह जी	रविदास मंदिर, हल्दी जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
26	मा0 दया"ांकर सिंह जी	पिपरपाती रविदास मंदिर अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
27	मा0 दया"ांकर सिंह जी	सेमरी रविदास मंदिर अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
28	मा0 दया"ांकर सिंह जी	आमडारी रविदास मंदिर अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
29	मा0 रवि"ांकर सिंह जी (पप्पू भैया)	कलेक्ट्रेट के पास बलिया नगर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
30	मा0 जयप्रका"ा अंचल जी	नगर पंचायत बैरिया में स्थापित रविदास जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
31	मा0 जयप्रका"ा अंचल जी	विकास खण्ड रेवती के ग्राम भैसहा में स्थापित रविदास जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
32	मा0 जयप्रका"ा अंचल जी	विकास खण्ड रेवती के ग्राम जमधरवा में स्थापित रविदास जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
33	मा0 जयप्रका"ा अंचल जी	विकास खण्ड मुरलीछपरा के ग्राम सभा इब्राहिमाबाद उपरवार में स्थापित रविदास जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
34	ब्लाक प्रमुख बैरिया	ग्राम सभा भीखाछपरा में रविदास जी एवं अम्बेडकर जी के मंदिर का जिर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
35	मा0 रवि"ांकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत काजीपुर विकास खण्ड मनियर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
36	मा0 रवि"ांकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत बिजलीपुर विकास खण्ड मनियर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
37	मा0 जियाउद्दीन रिजवी जी	ग्राम सभा बघुड़ी में रविदास जी एं अम्बेडकर जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
38	मा0 जियाउद्दीन रिजवी जी	ग्राम पंचायत कोथ में रविदरास मंदिर जी एवं अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			
39	मा0 जियाउद्दीन रिजवी जी	ग्राम सभा सिकिया में रविदास जी एवं अम्बेडकर जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+500+131=856.00	तीन माह			

2. दिनांक-13.10.2026 से दिनांक-16.10.2026 तक कालम सं0-6 मे अंकित धनरा"ाि का नकद का भुगतान करके सं0-8, 9 ,एवं 10 अकिंत स्थानो से निविदा प्रपत्र समय 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक खरीद जा सकता है।
3. कालम सं0-8 पर अकिंत दिये गये स्थान पर दिनांक-17.10.2026 को समय 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदाये पेटी मे डाली जायेगी। तथा उसी कार्य दिवस दिनांक-17.10.2026 को समय 2.00 बजे निविदा कार्यालय में खोली जायेगा।
4. विस्तत शर्तो एवं नियमों हेतु प्रखण्ड बलिया कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

उ.प्र.:- 257925 (आर.के. गोंड)
दिनांक:- 09.10.2026 अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

नवरात्र के प्रथम दिवस पर विंध्यधाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

विंध्याचल। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां विन्ध्यवासिनी के दरबार श्रद्धालुओं की अपार संख्या देखी गई। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि मां के दरबार में प्रथम दिवस लगभग चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम दिवस मां शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन करने के लिए मध्य रात्रि से ही पूरे विन्ध्य क्षेत्र में भक्तों की भीड़ दिखाई देने लगी। भोर में होने वाली मंगला आरती के पूर्व गंगा घाटों पर भी स्नानार्थियों की भारी संख्या मां गंगा की गोद में आस्था की डुबकी जयघोष के साथ लगाते दिखाई दे रहे थे। मंदिर जाने वाले पांच प्रमुख मार्गों पुरानी विशिष्ठ मार्ग, न्यू विशिष्ठ मार्ग, कोतवाली मार्ग, पक्का घाट मार्ग तथा जयपुरिया गली पर लंबी लंबी कतारों में नारियल, चुनरी, रंग बिरंगे फूलों से बनी मालाएं तथा अन्य प्रसाद सामग्रियों



मां विंध्यवासिनी व भक्तों की भीड़। छाया:आज

लाखों श्रद्धालुओं ने लिया मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद

को हाथों में लेकर मां के भक्त ऊर्जा से परिपूर्ण जयकारा लगाते रहे, जिससे समूचा विन्ध्यधाम गुंजायमान हो रहा था। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के तमाम आलाधिकारियों के साथ पुलिस अपर महानिदेशक वाराणसी नवीन अरोरा भी अपने मातहतों के साथ चक्रमण करते दिखाई दिए। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार कतारबद्ध श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए दिखाई दिए। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक मंदिर परिसर इत्यादि स्थलों का निरीक्षण कर ड्यूटीरत पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देती दिख रही थी। भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर विशिष्ठ प्रवेश स्थल को पूरी तरह से बंद किया गया था। किसी भी विशिष्ठ को प्रवेश के लिए नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी अथवा न्याय विभाग से जारी होने वाले सुगम दर्शन पास की आवश्यकता पड़ रही थी। आलाधिकारियों का स्पष्ट निर्देश था कि बगैर दर्शन पास के कोई भी श्रद्धालु विशिष्ठ दर्शन सुविधा नहीं प्राप्त करेगा। पूर्व नवरात्रों की भांति इस बार पुलिसकर्मियों की दाल गलती नहीं दिखी कि कोई भी वर्दीधारी किसी को भी विशिष्ठ प्रवेश स्थल से सीधे प्रवेश करा देता था। एक दिन पूर्व ही एडीजी जोन वाराणसी ने भी इस पर नियंत्रण की बात कही थी और बैठक कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किया था। विन्ध्याचल क्षेत्र में स्थित दर्जनों वाहन पार्किंग वाहनों से भरे प्रतीत हो रहे थे। मंदिर परिसर में पंडा समाज ने भी तीर्थपुरोहितो की तैनाती कर रखी है, जो श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन पूजन में सहयोग प्रदान करते दिखे। परिपथ में ही चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है, जिससे किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक सुविधा प्राप्त हो सके।

नवरात्रि शुरू होते ही भक्तिमय हुआ हलिया क्षेत्र

हलिया। शारदीय नवरात्रि शुरू होते ही क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भोर से ही गांवों और कस्बों में देवी गीत गूंज रहे हैं। घरों में पूजा पाठ और मंदिरों में दर्शन पूजन का सिलसिला जारी है। जगह जगह स्थापित दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। सुबह से देर शाम तक मां दुर्गा के जयकारों और देवी गीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कहीं रामायण पाठ हो रहा है तो कहीं रामलीला का मंचन किया जा रहा है। दुर्गा पंडालों में मां की प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नवरात्रि के बाद विजयादशमी यानी दशहरा मनाया जाएगा। इस दिन कई स्थानों पर रावण दहन और रामलीला के कार्यक्रम होते हैं इसके बाद दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज जैसे त्योहार मनाए जाएंगे।

विंध्यधाम में एडीजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

मीरजापुर। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन नवीन अरोड़ा ने पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ मेला क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार, दर्शन मार्ग, गंगा घाट, रेलवे स्टेशन मार्ग तथा प्रमुख चौराहों पर बनाए गए बैरियर प्वाइंट का निरीक्षण किया। एडीजी ने भीड़ नियंत्रण, यातायात, पार्किंग, रूट डायवर्जन और विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस बल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी ड्यूटी प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने को कहा। यातायात प्रभारी को भारी वाहनों का रूट डायवर्जन सुनिश्चित करने तथा पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि जाम की समस्या न हो। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रखी गई है। वहीं, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि मेला क्षेत्र को जोन और सेक्टर में बांटकर सीसीटीवी, ड्रोन तथा सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

भोर से ही नारियल, चुनरी, अड़हुल-फूल लेकर पहुंचे भक्त, मां के दरबार में टेका मत्था

शक्ति स्वरूपा धाम में लगा भक्तों का तांता

हलिया। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में मां के दर्शन पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मां के भक्त हाथों में नारियल, चुनरी अड़हुल फूल अगरबत्ती लेकर भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेका और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में मां के जयकारे गूंजते रहे। गड़बड़ा धाम में मां के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से पूजा अर्चना करने और मन्नत मांगने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते नवरात्रि के दौरान यहां दूर दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। भक्त मां को नारियल, चुनरी और अड़हुल के फूल अर्पित कर सुख, शांति और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही मंदिर में दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। उधर, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मन्दिर परिसर में पुलिस के जवान तैनात रहे जिससे दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।


सीखड़। शारदीय नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र में स्थित जगत जननी मां शीतला के धाम अदलपुरा में लाखों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर लगाई आस्था की हाजरी। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार पड़ जाने से धाम में दर्शन पूजन करने वाले श्रद्धालुओं की लाखों की भीड़ को चिंहित कर पुलिस बल की तैनाती की थी, जिससे धाम में आयें श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। अदलपुरा शीतला धाम में शनिवार की देर रात से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हुआ, जो रविवार के देर शाम तक जारी रहा। भोर की मंगला आरती

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन अदलपुरा शीतला धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

रही। हालांकि, स्थानीय प्रशासन इसको लेकर पहले से ही चौकन्ना रही। नवरात्र में रविवार के दिन अवकाश होने की वजह से अदलपुरा शीतला माता धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। भीड़ को देखते हुए क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने पुलिस की ड्यूटी बाईस पाइंटों के बाद जैसे ही मां का कपाट आम दर्शनार्थियों के लिए खुला। आदिशक्ति स्वरूपा मां की एक झलक पाने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ अधिक होने से मेले में लगें पुलिस कर्मियों को भी धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए चुनार थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह, अदलपुरा चौकी प्रभारी कुमार संतोष, विमलेश सिंह, आशीष गुप्ता, रामजी यादव मय पुलिस बल के साथ मेले में चक्रमण करते रहे।

जय श्री के उद्घोष के साथ हुआ धनुष यज्ञ मंचन

चुनार। श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में शनिवार की रात नगर के गोला साहबराम स्थित प्रसिद्ध रामलीला मंच पर धनुष यज्ञ लीला का मंचन हुआ। जनकपुर नगरी के रूप में रामलीला मंच को भव्य फूल मालाओं से सजाया गया। लीला मंचन के दौरान रंग महल में देश, देश के राजा शिवजी के धनुष का खंडन करने के आते हैं, लेकिन कोई हीला भी नही पाता। श्रीराम के धनुष उठाते ही खंड खंड हो जाता है। धनुष टूटते ही लीला प्रेमियों के प्रभु श्रीराम चन्द्र की जय, सियावर रामचन्द्र की जय के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। लीला मंचन में शुरू से लेकर अंत तक पेटफूलनवा राजा का अभिनय कर रहे पूर्व समिति अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता अपने नखडालू अंदाज से लीला प्रेमियों का मनोरंजन करते रहे। धनुष यज्ञ लीला के उपरांत परशुराम लक्ष्मण के संवाद की सुंदर प्रस्तुति की गई। लीला मंचन में समर्थ वैद्य (राम), अश्विनी दूबे (लक्ष्मण), लक्ष्मीकांत पांडेय (जनक), गोविद जायसवाल (रावण), रामआसरे दास (बाडासुर) का अभिनय बखूबी निभाया।



निरीक्षण करते एडीजी व डीएम। छाया:आज

मां विंध्यवासिनी धाम से दिव्या मित्तल का सियासी शंखनाद

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी के दरबार से नवरात्र के पहले दिन पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अपने राजनीतिक सफर का ऐलान कर जिले की सियासत में हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी राजनीतिक दल के सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ेंगी। दिव्या मित्तल के बयान से कयास लगाये जा रहे कि वह विधानसभा चुनाव अकेले लड़ सकती है पत्रकारों से बातचीत में दिव्या मित्तल ने कहा कि राजनीति देश को दिशा देती है और अपने विजन को पूरा करने के लिए राजनीति में आना जरूरी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाने वाला व्यक्ति कितना भी अच्छा चालक क्यों न हो, वह उसी दिशा में जा सकता है, जिस दिशा में सड़क जाती है। इसी तरह राजनीति में आकर ही वह अपने विजन को साकार कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने अभी किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के सवाल पर स्थिति स्पष्ट नहीं की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द सभी चीजों से पर्दा हट जाएगा। पूर्व डीएम ने विंध्याचल में कलश स्थापना की है। बताया जा रहा है कि वह नवरात्र के नौ दिन विंध्याचल में रहेंगी। इस दौरान लहुरियादह गांव जाने की भी संभावना है। उनके अगले कदम को लेकर जिले के राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।



हवन करती दिव्या। छाया:आज

गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत

छानबे। पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल का रविवार को जनपद की सीमा पाली व गैपुरा चौराहा पर लोगों ने रोक कर गुलाब की पंखुड़ियों, माला, गुलदस्ता व अंगवस्त्रम से नारे बाजी के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत दिव्या मित्तल ने लोगों का आभार प्रकट किया। गैपुरा चौराहा पर डेढ़ बजे दिन स्वागत के दौरान वाहनों की लंबी क़तार लग गई। लोगों ने नारे लगाए दिव्या मित्तल ज़िंदाबाद हम तुम्हारे साथ हैं। इस दौरान पवन दुबे, दीनानाथ दुबे, शिव जी दुबे, राकेश, विरेंद्र यादव, बादशाह दुबे, सुरेश दुबे, सुरेंद्र कुमार यादव, बाल किसुन यादव, कमलेश दुबे, राहुल पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, राम सागर, डब्बू यादव, जानकी कपिल चौबे, नौशाद, बुद्धू शर्मा आदि मौजूद रहे।

चैनल गेट से प्रवेश का वीडियो वायरल, पुरोहितों में आक्रोश

विंध्याचल । नवरात्र के पहले दिन रविवार को दोपहर में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग गणेश द्वार के पास चैनल गेट से प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे है, जिसका विरोध वीडियो में भी किया जा रहा है। यह चैनल गेट बड़े श्रृंगारीया के खजाने के पास से पुरोहितों और श्रृंगार में सहयोग करने वालो के लिए खुलता है। इस मार्ग से कभी भी कोई श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए नही जाता था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद पुरोहितों में आक्रोश है कि किसी अधिकारी द्वारा ये कार्य किया गया है। यह भी चर्चा का विषय बना रहा कि श्रृंगारिया के पास रखी गई चैनल गेट कि चाभी पंडा समाज के जानकारी के बगैर प्रशासन को कैसे सुलभ हुई। इस संबंध में पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि मामला प्रकाश में आया है। इस विषय मे सभी से बात करके स्थिति स्पष्ट करेंगे।

मां चंडिका के दरबार में भक्तों ने टेका मत्था, सुख-समृद्धि की मांगी मन्नत

भोर से ही गंगा स्नान कर दर्शन-पूजन को पहुंचे श्रद्धालु, दुर्गा सप्तशती के पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल

पड़री। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को विकास खंड पहाड़ी के चंडिका गांव स्थित मां चंडिका धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भोर से ही गंगा स्नान के बाद भक्तों के मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेककर विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। मां के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय एवं गुजाएमान रहा। नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। भक्तों ने मां को पुष्प, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद मांगा। मंदिर में आचार्यों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में लीन रहे। आसपास के गांवों के साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त मां के दर्शन के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। मंदिर के पुजारी संगलापुरी गोस्वामी और मंगलापुरी गोस्वामी ने बताया कि मां चंडिका धाम में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में भक्त मां के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु मां के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि तथा कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। नवरात्र के प्रथम दिन धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

तीन बजे तक प्रतिबंधित रहा विशिष्ट मार्ग

विन्ध्याचल। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन विशिष्ठ दर्शन व्यवस्था पर नियंत्रण के चलते आम दर्शनार्थियों को काफी राहत मिलती दिखी। भोर के चार बजे मंगला आरती से लेकर अपराह्न तीन बजे तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाप्रशासन ने इस पर पूर्ण नियंत्रण कर रखा था। तीन बजे के पश्चात जिला प्रशासन द्वारा जारी सुलभ दर्शन पास के साथ सीमित संख्या में तथाकथित विशिष्ठो को उक्त मार्ग से सुलभ दर्शन हेतु प्रवेश कराया गया। पूर्व नवरात्रों में हो रही इस दुर्व्यवस्था पर नियंत्रण लगाए जाने पर स्थानीयों सहित आगंतुक श्रद्धालुओं ने भी जिलाप्रशासन की जमकर प्रशंसा की।

संक्षेप

मां दुर्गा का पूजन शुरू

छानबे। नवरात्रि के अवसर पर घर घर में जहाँ माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा शुरू हो गया। वहीं, क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर पंडालों में दुर्गा जी की प्रतिमा विधि विधान के साथ स्थापित कर दी गई है। क्षेत्र के पाली में रामलीला के दौरान रामजन्म ताडका वध, श्री बजरंग रामलीला कटरा सर्रोई, बिहसडा बाजार, तिवारीपुर मवैया गौरा, श्री निवासधाम, खैरा, गोगांव आदि स्थानों पर नारद मोह व राम जन्म का मंचन किया गया, जहाँ दर्शकों ने भावपूर्ण मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। वर्तमान समय में क्षेत्र भक्ति भाव से गुंजायमान हो रहा है।

मंदिर की छत पर शुरू हुआ अनुष्ठान

मीरजापुर। नवरात्र के पहले दिन रविवार को मां विंध्यवसिनी मंदिर और परकोटा के प्रथम तल पर स्थानिय और बाहर से आए पुरोहितों ने अनुष्ठान का शुभारंभ किया। मंदिर की छत पर कलश स्थापना कर नौ दिनों तक अपने अपने यजमानों का पाठ करने के लिए संकल्प लिया। बहुतायत भक्त मां के दरबार मे प्रथम दिन संकल्प करके अपना अनुष्ठान पुरोहितों द्वारा कराते है और अष्टमी तिथि पर पुन: हवन पूजन कर पूर्णाहुति करते है। किसी ने भौतिक रूप से तो कोई वीडियो कॉल पर अपने पुरोहित से संकल्प लिया।

कूड़ा फेंकने को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने कूड़ा फेंकने के विवाद में हुई मारपीट की तहरीर पर दोनों पक्षों से छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर निवासी आशीष जायसवाल पुत्र स्वर्गीय गुलाब जायसवाल ने एक तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोसी प्रदीप कुमार जायसवाल पुत्र मंगला प्रसाद जायसवाल के यहां से कूड़ा फेंकने को लेकर विवाद हुआ था पीआरबी 112 पुलिस को सूचना दी थी, उनके सामने ही विपक्षी तीन सगे भाइयों ने हम लोगों को मारे -पीटे गाली गुप्ता देते जान मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष से कुलदीप जायसवाल ने अपनी तहरीर में बताया कि विपक्षी अजय जायसवाल की नौकरानी मेरे मकान के सामने कूड़ा फेंक रही थी कि मना करने पर मारपीट करते हुए जान मारने की धमकी दी गई। काफी चोटें आई है। दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीर के अनुसार प्रथम पक्ष से आशीष जायसवाल, राकेश जायसवाल, अजय जायसवाल पुत्रगण स्वर्गीय गुलाब जायसवाल, दूसरे पक्ष से प्रदीप जायसवाल, कुलदीप जायसवाल तथा संदीप जायसवाल पुत्रगण मंगला प्रसाद जायसवाल समस्त निवासी बैकुंठपुर थाना अदलहाट के खिलाफ गाली गलौज देते हुए मारपीट करने तथा जान मारने की धमकी देने के आरोप की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उप निरीक्षक हंस लाल द्वारा जांच कार्यवाही की जा रही है।

कूड़ा गाड़ी की चार बैटरी गायब

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के चितौली गांव में प्रधान के घर के सामने खड़ी कूडागाडी की चार बैटरी चोर उठा ले गए। ग्राम प्रधान प्रशासक सविता देवी ने बताया कि कूडा गाडी घर के सामने खड़ी थी। रविवार को दोपहर में परिवार के लोगों ने देखा कि चारों बैटरी ग़ायब है। ग्राम प्रधान प्रशासक ने चोरी की सूचना 112 पर करने के जिगना थाने में तहरीर दी है। पुलिस छानबीन कर रही है।

किट के अभाव में नहीं हुई जांच, ७२ मरीजों का इलाज

छानबे। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में टाइफाइड, सीबीसी और एलएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांच नहीं हो सकीं। जांच कराने पहुंचे मरीजों को बिना जांच के ही वापस लौटना पड़ा। लैब टेक्नीशियन राम मिलन ने बताया कि किट उपलब्ध नहीं होने के कारण जांच प्रभावित हुई है। मंगलवार तक टाइफाइड जांच की किट आने की संभावना है। हालांकि, मलेरिया, डेंगू समेत अन्य जांच की जा रही हैं। मेले में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 72 मरीजों का उपचार किया गया। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में डॉ. कविता पांडेय ने 10, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सर्रोई में डॉ. राम सिंह ने 29 और नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरौइया में तीन मरीजों का इलाज किया।

भूत-प्रेत के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, वृद्ध की मौत

पटेहरा। संतनगर थाना क्षेत्र के करौदा गांव में शनिवार देर शाम भूत-प्रेत के चक्कर में हुए विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान 65 वर्षीय वृद्ध जवाहिर कोल की मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है।शनिवार को देर शाम लगभग 8 बजे करौदा गांव में भूत-प्रेत के अंधविश्वास को लेकर विवाद शुरू हुआ। मृतक के परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान रईस कोल से कहासुनी हो गई, जिसके बाद उसने वृद्ध जवाहिर कोल को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। जमीन पर गिरने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घायल जवाहिर कोल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेहरा लेकर पहुंचे जहाँ गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। हालाँकि, मंडलीय अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही संतनगर थाने के इंस्पेक्टर रमेश प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर रमेश प्रसाद ने बताया कि भूत-प्रेत के चक्कर में विवाद होने की सूचना मिली थी।

पंजाब से पैदल धार्मिक यात्रा पर निकले दो सरदार

ड्रमंडगंज। पंजाब राज्य के रोपड़ जिले से पैदल धार्मिक यात्रा पर निकले दो युवक रविवार को ड्रमंडगंज पहुंचे। पंजाब राज्य के रोपड़ जिले के थली खुर्द गांव निवासी सरदार दलजीत सिंह व रोपड़ जिले के अटारी गांव निवासी सरदार जगतार सिंह सिख धर्म के धार्मिक स्थलों की पैदल यात्रा का संकल्प लेकर पांच माह पूर्व घर से निकले। सरदार दलजीत सिंह ने बताया कि भारत में सिख धर्म के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की पैदल यात्रा का संकल्प लेकर पांच माह पूर्व रोपड़ गुरूद्वारा से यात्रा प्रारंभ की। पंजाब के आनंद पुर साहब, स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के बाद उत्तराखंड के हेमकुंड साहिब, ऋषिकेश, दिल्ली, आगरा ग्वालियर, इंदौर होते हुए महाराष्ट्र के नांदेड़ गुरूद्वारा अकाल तख्त साहिब पहुंचे वहां से कर्नाटक, तेलंगाना पहुंचे। इसके बाद महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से वापस लौटते हुए बिहार के पटना जा रहे हैं। बताया कि अब तक 65 सौ किलोमीटर से अधिक की पद यात्रा कर चुके हैं। रात्रि विश्राम रास्ते में पड़ने वाले मंदिर और गुरूद्वारा पर करते हैं।



दोनों सरदार। छाया:आज

जीआरपी ने बरामद किये १०८ गुम मोबाइल

मीरजापुर। जीआरपी पुलिस ने यात्रियों के गुम हुये 108 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 50 से 55 लोगों को उनके मोबाइल फोन वितरित किए गए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज अनुभाग एन. कोलान्ची, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा और पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अरुण कुमार पाठक के निर्देशन में रेलवे स्टेशनों, प्लेटफार्मों और सर्कुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जीआरपी के थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम ने विभिन्न तिथियों में दर्ज मोबाइल गुमशुदगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 108 मोबाइल फोन बरामद किए। इसके बाद संबंधित मोबाइल स्वामियों को दूरभाष और विशेष वाहक के माध्यम से सूचना देकर थाने बुलाया गया। उपस्थित लोगों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए, जबकि शेष मोबाइल भी संबंधित स्वामियों को वितरित किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव, प्रयागराज अनुभाग की सर्विलांस टीम तथा जीआरपी के हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव, प्रभाकर यादव और कांस्टेबल संदीप कुमार, राजकुमार यादव, मनोज कुमार एवं विशाल पटेल शामिल रहे।



बरामद फ़ोन। छाया:आज

अंधविश्वास से मौत का आरोपी गिरफ्तार

पटेहरा। थाना संतनगर अंतर्गत करौदा में अंध विश्वास में 65 वर्षीय वृद्ध जवाहिर कोल के मौत में मुख्य आरोपी को पुलिस पकड़ कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी 19 वर्षीय रहीश कोल का 65 वर्षीय जवाहिर कोल से भूत प्रेत के मामले में विवाद हुआ जिसमे जवाहिर घायल हो गए थे ।पीएचसी से रेफर हुए और मंडलीय अस्पताल से पहले शनिवार रात में ही मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष संतनगर रमेश प्रसाद ने बताया कि करौदा नवोदय विद्यालय के बगल से मुख्य आरोपी रहीश को गिरफ्तार कर धारा 105 बीएनएस में जेल भेज दिया गया।

अहिल्या उद्धार, फुलवारी लीला ने मोहा मन

फुलवारी में राम-सीता मिलन का दृश्य देख भावविभोर हुए दर्शक

अहरौरा। चौक बाजार में चल रही रामलीला में शनिवार रात अहिल्या उद्धार, फुलवारी व मीना बाजार की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श से अहिल्या के उद्धार और फुलवारी में राम-सीता के प्रथम मिलन के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला में महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर मिथिला की ओर प्रस्थान करते हैं। मार्ग में उन्हें एक सुनसान आश्रम दिखाई देता है। श्रीराम के पूछने पर विश्वामित्र अहिल्या की कथा सुनाते हैं। गुरु की आज्ञा पर श्रीराम के चरण स्पर्श से शिला बनी अहिल्या का उद्धार होता है। इस दृश्य के मंचन के दौरान पूरा रामलीला परिसर भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद जनकपुर की फुलवारी की लीला का मंचन हुआ। गुरु विश्वामित्र की पूजा के लिए पुष्प लेने श्रीराम और लक्ष्मण फुलवारी पहुंचते हैं। इसी दौरान माता सीता सखियों के साथ गौरी पूजन के लिए आती हैं। फुलवारी में राम और सीता के प्रथम दर्शन के मनोहारी प्रसंग को कलाकारों ने जीवंत कर दिया। मीना बाजार की लीला ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। श्रीराम की भूमिका में अनमोल, लक्ष्मण की भूमिका में अनय और विश्वामित्र की भूमिका में रौनक ने प्रभावशाली अभिनय कर दर्शकों की सराहना बटोरी।

नवरात्र के पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। घरों में कलश स्थापना कर भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्र को लेकर मंदिरों और पूजा स्थलों पर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर फल-फूल और नारियल की खरीदारी को लेकर चहल-पहल रही। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व में भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करेंगे।





चुनरी, नारियल, पुष्प और प्रसाद अर्पित किया। वहीं, बाजारों में पूजन सामग्री, जगह-जगह दुर्गा पूजा की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। नवरात्र का पर्व आस्था, शक्ति, भक्ति और सकारात्मकता का संदेश देता है।

मछलीशहर संवाददाता के अनुसार : नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को सजे पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। प्राण प्रतिष्ठा के साथ नवरात्र की आराधना शुरू हो गई।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बामी गांव में सामुदायिक भवन परिसर के पंडाल में पंडित बालकृष्ण मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसी तरह भटेवरा, खजुरहट, खाखोपुर, मोलनापुर, लासा, अदारी, जगदीशपुर, जमुहर, गोधना, रामगढ़, तिलौरा, सेमरहो, कुंवरपुर नगर के सादिक गंज सहित कई मोहल्ले में प्रतिमा स्थापित हुई। पहला दिन रविवार होने से श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ में सहूलियत रही। शिक्षिका प्रेमलता सिंह ने बताया कि अवकाश के चलते लोग आसानी से देवी दर्शन कर सके।

हंगामा के बाद युवक ने खुद को मारी गोली

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में शनिवार शाम पारिवारिक जमीन विवाद के बीच एक व्यक्ति ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर घायल कर लिया। पेट में गोली लगने से घायल 45 वर्षीय संदीप सिंह उर्फ पोद्दार को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, संदीप सिंह का अपने सगे भाई सुधांशु सिंह से जमीन की रजिस्ट्री को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया कि उनके पिता द्वारा जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कराए जाने को लेकर दोनों भाइयों के बीच पिछले तीन दिनों से कहासुनी हो रही थी। घर में हंगामा करने के बाद अवैध असलहे से अपने पेट में गोली मार ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध मे क्षेत्राधिकारी बदलापुर अजय कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

भगवान चित्रगुप्त की आराधना प्रत्येक कायस्थ के जीवन का बने अभिन्न अंग-राकेश श्रीवास्तव

१० नवंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

जौनपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक में भगवान चित्रगुप्त पूजनोत्सव को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि 11 नवंबर को प्रात: 11 बजे से रूहट्टा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद के समस्त कायस्थ बंधुओं से सपरिवार शामिल होकर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज के आराध्य देव हैं। प्रत्येक कायस्थ परिवार को अपने आराध्य देव की पूजा-अर्चना श्रद्धा और आस्था के साथ करनी चाहिए। जिन परिवारों के घरों में मंदिर स्थापित हैं, उन्हें वहां भगवान चित्रगुप्त को भी स्थान देकर नियमित रूप से उनकी आराधना करनी चाहिए। कायस्थ समाज के वरिष्ठ सदस्य इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त केवल एक दिन पूजे जाने वाले देवता नहीं हैं, बल्कि उनकी आराधना प्रतिदिन की जानी चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि चित्रगुप्त पूजा की पूर्व संध्या पर 10 नवंबर को अपराह्न तीन बजे टाउन हॉल मैदान से भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो रूहट्टा स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला तक पहुंचेगी। उन्होंने जनपद के सभी कायस्थ परिवारों से शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होकर धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा को मजबूत करने की अपील की। बैठक में संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, शशि



श्रीवास्तव 'गुड्डू', धीरज श्रीवास्तव, श्याम रतन श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव एवं आशीष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने भगवान चित्रगुप्त के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए समाज के लोगों से शोभायात्रा एवं पूजनोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को अपनी परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। सामूहिक सहभागिता से ही समाज की गौरवशाली परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर एस.सी. लाल, दया शंकर निगम, राकेश श्रीवास्तव 'साधु', प्रदीप श्रीवास्तव, सुरेश अस्थाना, राजेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता मनीष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव बच्चा, रितेश श्रीवास्तव, अमित निगम, शिवम श्रीवास्तव, आर्यन श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अनेक स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासभा के जिला महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना ने किया। महासभा ने जनपद के समस्त कायस्थ परिवारों से अपील की है कि वे 10 नवंबर की शोभायात्रा और 11 नवंबर के पूजनोत्सव में सपरिवार शामिल होकर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा समाज की एकता और परंपराओं को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार गाड़ी को किया रवाना

जौनपुर। आगामी 20 से 29 अक्टूबर 2026 तक में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के प्रचार-प्रसार के लिए आज माँ जयंती टूर एवं ट्रेवल्स, सुंदरनगर से प्रचार गाड़ी का शुभारम्भ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार गाड़ी को रवाना किया। सेवा भारती समिति के मार्गदर्शन एवं ज्ञानप्रकाश सिंह के द्वारा मुख्य रूप से आयोजित होने वाली इस श्रीराम कथा का उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा एवं उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाना है। प्रचार गाड़ी के माध्यम से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रीराम कथा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन से जुड़े और भगवान राम के आदर्शों का अपने जीवन मे आत्मसात करें। बताते चले की भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानप्रकाश सिंह का इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है की जनपद वासियों के जीवन मे खुशहाली आये और लोगो मे भाईचारा



बढे, जिससे लोग आगे बढ़ सके और आनंद की अनुभूति कर सके। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री पियूष गुप्ता, कुंवर प्रदीप सिंह 'रिंकू', मधुकर तिवारी, रमेश सिंह रामा, सुनील यादव, बबलू दूबे, नरेंद्र विश्वकर्मा, मयंक नारायण, नीरज श्रीवास्तव, शैलेंद्र सोनकर, आनंद सिंह, आशीष द्विवेदी, गीता दूबे, रजनी साहू, किरन सिंह, अंजू सिंह सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

रेलवे ट्रैक के पास महिला का शव मिलने से सनसनी

सरायख्वाजा। जौनपुर-महगावां रेलवे स्टेशन के ककोर गहना गांव में रेलवे क्रासिंग नंबर-44 के पास ट्रेन से एक अज्ञात महिला के गिरने की ख़बर नागरिकों ने रेलवे स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद रेलवे पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जौनपुर भंडारी लें गयी। घटना के बाद महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल महिला कैसे और किस ट्रेन से कटकर मौत हो गई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, अज्ञात महिला की पहचान और हादसे के कारणों के सम्बन्ध में पुलिस की जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा हालांकि पुलिस जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

उत्तरगवां में लगा पशु आरोग्य मेला

जफराबाद। क्षेत्र के ग्राम उत्तरगावा में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 600 छोटे-बड़े पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया और पशुपालकों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। मेले में पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मापुर डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली विभिन्न संक्रामक बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने विशेष रूप से पशुओं में तेजी से फैल रहे लम्पी रोग को लेकर पशुपालकों को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि समय पर लम्पी टीकाकरण कराकर पशुओं को इस घातक बीमारी से बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपने पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना, पशुधन बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लाभ गिनाए और पशुपालकों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

मेले के दौरान पशुपालकों को पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित आहार, साफ-सफाई और उचित देखभाल को लेकर भी परामर्श दिया गया। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी सर्वेश कुमार मौर्य, अनीता यादव, सुनील यादव, सूर्य प्रकाश, अविनाश यादव, अंकित विश्वकर्मा, अमर देव सहित पशु विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण व पशुपालक उपस्थित रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता में वाराणसी-चंदौली प्रथम, जनपद दूसरे स्थान पर

जफराबाद। क्षेत्र के हरगोविंद इंटर कालेज में शनिवार को मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जौनपुर, चंदौली, वाराणसी व गाजीपुर की टीम ने हिस्सा लिया, जिसमे वाराणसी व चंदौली की टीम प्रथम स्थान पर रही, वही जौनपुर की टीम सभी वर्ग में दूसरे स्थान पर रही। मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 से अंडर 19 वर्ग के बालक व बालिकाओं की टीमों ने हिस्सा लिया।अंडर 14 बालिका वर्ग में चंदौली की टीम विजेता रही। इसके अलावा बालक व बालिकाओं के सभी वर्ग की प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम विजेता रही। वही अंडर 14 से अंडर 19 के बालक व बालिका के सभी वर्गों में जौनपुर की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के आयोजक हरगोविंद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी विजेता व उपविजेता टीम अब 14 अक्टूबर को लखनऊ में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उदघाटन सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव ने किया। इस मौके पर प्रबन्धक अभिषेक सिंह गोल्डी, रंजय सिंह, रविन्द्र सिंह मुन्ना, दिनेश सिंह, इंद्रप्रकाश सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, राजीव कुमार सिंह, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले की गेम टीचर प्रियंका सिंह सहित अन्य चारो जनपदों के खेल टीचर मौजूद रहे।

दुकान खाली कराने की मांग, महिला से अभद्रता का आरोप

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के जेसीस चौराहा निवासी एक विधवा महिला ने किरायेदार पर चार साल से किराया नहीं देने, दुकान खाली नहीं करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि नौ अक्टूबर को किराया मांगने पहुंचने पर आरोपित ने उसके साथ अभद्रता की और हाथ पकड़कर मरोड़ने के बाद धक्का देकर दुकान से बाहर निकाल दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 10 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ओमलता सिंह पत्नी स्व. संजय सिंह के अनुसार, उनके ससुर स्व. जगदीश प्रसाद सिंह अधिवक्ता थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में रमेशचंद्र गुप्ता को एक दुकान किराये पर दी थी।

वाइसचांसलर ने हास्टल में किया भोजन

चरक हास्टल का औचक निरीक्षण, भोजन की गुणवत्ता पर जोर

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने रविवार को चरक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। विद्यार्थियों ने भोजन की गुणवत्ता एवं मेस की व्यवस्था के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने मेस में तैयार किए जा रहे, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रावास परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया और विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि छात्रावास विद्यार्थियों के लिए घर जैसा



वातावरण प्रदान करने वाला स्थान है। यहां पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छता और बेहतर सुविधाओं का विशेष महत्व है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छात्रावास की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने तथा विद्यार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव, मुख्य वार्डेन प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. रजनीश भास्कर सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

लूटकांड का खुलासा : आरोपी गिरफ्तार, १५ हजार रुपये समेत सामान बरामद

सिकरारा। थाना पुलिस ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 15 हजार रुपये नकद, यूनियन बैंक की दो चेकबुक, पंजाब नेशनल बैंक की एक पासबुक, कैश रजिस्टर, परिचय पत्र और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर 2026 को मनमोहन सिंह निवासी देवपुर (धोवहाँ), थाना सिकरारा, शेरवां स्थित अपने ग्राहक सेवा केंद्र को बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश उनकी स्कूटी और डिग्गी में रखे रुपये व जरूरी दस्तावेज लूटकर फरार हो गए थे। मामले में थाना सिकरारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 11 अक्टूबर को सुरतासापुर नहर पुलिया से अभिषेक शुक्ला पुत्र अरुण कुमार शुक्ला, निवासी बभनौली, थाना सिकरारा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, घटना में लूटी गई स्कूटी पहले ही लावारिस हालत में बरामद कर ली गई थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कमलेश कुमार तिवारी, कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार और कांस्टेबल कन्हैया शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

विकास की इबारत लिख गये कमला प्रसाद सिंह, जयंती पर नमन

जौनपुर। जनपद के विकास और शिक्षा के विस्तार में अहम योगदान देने वाले पूर्व सांसद कमला प्रसाद सिंह की 92वीं जयंती शनिवार को श्री बजरंग इंटर कॉलेज, घनश्यामपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबूजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और जनसेवा के माध्यम से जौनपुर के विकास को नई दिशा दी। उनके योगदान के चलते लोग उन्हें 'विकास पुरुष' के रूप में याद करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बाबूजी के पुत्र प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह तथा उनके प्रपौत्र अभिनव सिंह उर्फ साहिल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विशिष्ट अतिथि तिलकधारी पीजी कॉलेज, जौनपुर के विभागाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह ने भी बाबूजी के योगदान को याद किया।



वक्ताओं ने कहा कि कमला प्रसाद सिंह का बच्चों से विशेष लगाव था। वे विद्यार्थियों के बीच अपना जन्मदिन मनाना पसंद करते थे। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकीर्ति दुबे ने की, जबकि संचालन प्रदीप कुमार सिंह ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि भूषण मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सत्यदेव सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रमेश सिंह, पत्रकार शिवपूजन पांडेय, बजरंग पीजी कॉलेज घनश्यामपुर के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह, शेर बहादुर मौर्य, मयाशंकर तिवारी, विजय प्रकाश, रामसागर सिंह, संजय कुमार तिवारी, जितेंद्र प्रसाद पांडेय, बड़े बाबू संतोष तिवारी, संतोष चतुर्वेदी, प्रवीण सिंह और समीम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्रि पर हास्पिटल में पांच दिवसीय योग शिविर

मुंगराबादशाहपुर। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार 11 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से



प्रतापगढ़ रोड स्थित डीआर हास्पिटल में पांच दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक गोपाल पाण्डेय के संयोजकत्व एवं डा. सुनील पाण्डेय के संचालन में आयोजित शिविर के प्रथम दिन मुंबई से पधारे प्रख्यात योग गुरु डा. संजय दुबे ने साधकों को एक घंटे तक विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान मेडीटेशन और रिलैक्सेशन का अभ्यास कराया। शिविर में शारीरिक संतुलन, सही श्वास क्रिया और मानसिक शांति बनाए रखने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। योग गुरु डा. संजय दुबे ने बताया कि नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं, बल्कि शरीर और मन के शोधन का भी सर्वोत्तम समय है। डा. सुनील पांडेय ने बताया कि रविवार से शुरू हुआ यह गुरुवार तक, प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने लोगों से शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ उठाने की अपील की।

एक नज़र इधर भी

नीलगाय को बचाने में पलटा ट्रैक्टर, मजदूर की मौत

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के भिखनापुर गेट के पास शनिवार दोपहर नीलगाय को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, मृतक धर्मा उरांव निवासी खरका, थाना गुमला, झारखंड खुटहन थाना क्षेत्र के उसरौली गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। शनिवार दोपहर वह ट्रैक्टर पर सवार होकर भगासा जा रहा था। भिखनापुर गेट के पास अचानक सामने नीलगाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रैक्टर मोड़ा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतरने के बाद पलट गया। इस दौरान धर्मा उरांव ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया।आनन-फानन में उसे शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी सरीता ने सरपतहां थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक से मारपीट, आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

सिरकोनी। क्षेत्र के मिसिरपुर गांव में शनिवार की शाम को पड़ोसियों ने पुराने रास्ते के विवाद में एक 21 वर्षीय युवक को लाठी डंडे से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मामले में आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उक्त गांव निवासी युवराज यादव पुत्र राजकुमार यादव अपने घर जा रहा था। पुराने रास्ते के विवाद में उसके पड़ोसी आधा दर्जन की संख्या में सड़क पर घेरकर उसे लाठी डंडे से पीटने लगे। वह किसी प्रकार मौके से घायल अवस्था मे भागकर अपनी जान बचाया। उसके बाद उसे थाने ले जाया गया। वहां पर उसकी तहरीर पर अभिषेक यादव उर्फ लालू पुत्र रामआसरे, मल्लिंग यादव पुत्र स्वर्गीय चंदन यादव, सूरज यादव पुत्र स्वर्गीय चंदन यादव, सूजीत यादव पुत्र स्वर्गीय शारदा यादव, आदित्य यादव पुत्र सुनील यादव, कपिल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में कार्यवाही की जा रही है।

नवरात्र तक रूट डायवर्जन

जफराबाद। नवरात्र व दशहरा व दुर्गा पूजा के को देखते हुए पुलिस ने कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने 11 से 21 अक्टूबर तक भारी एवं बड़े वाहनों का रूट डायवर्जन लागू किया है। रेलवे स्टेशन जफराबाद क्रॉसिंग से कस्बे की तरफ आने तथा लाडनपुर तिराहे से कस्बे की तरफ आने वाले भारी वाहन हरगोविन्द स्कूल के गेट के बगल से बाईपास तिराहा होते हुए बाईपास मार्ग से लाडनपुर तिराहे पहुंचेंगे। उसी सड़क से वापसी भी होगी। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे ने बतायी।

फ़ोटो बनाकर वायरल करके धमकी देने वाले पर मुकदमा

सिरकोनी। क्षेत्र के वसीरपुर गांव की एक महिला की अश्लील फोटो बनाकर इंस्टाग्राम सहित मोबाइल के अन्य प्लेटफार्म पर वायरल करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया। उक्त गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी जोगेन्दर राम (जुगनू) पुत्र बंसराज राम उसके घर अक्सर आता जाता था। कुछ दिन पूर्व से जोगेन्दर राम ने एआई से उसकी फोटो को अश्लील बनाकर फेसबुक, इंस्टाग्राम व मोबाइल के अन्य प्लेटफार्म पर वायरल की जा रही है। महिला की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

युवक से मारपीट, आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

जफराबाद। क्षेत्र के मिसिरपुर गांव में शनिवार की शाम को पड़ोसियों ने पुराने रास्ते के विवाद में एक 21 वर्षीय युवक को लाठी डंडे से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मामले में आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उक्त गांव निवासी युवराज यादव पुत्र राजकुमार यादव अपने घर जा रहा था। पुराने रास्ते के विवाद में उसके पड़ोसी आधा दर्जन की संख्या में सड़क पर घेरकर उसे लाठी डंडे से पीटने लगे।वह किसी प्रकार मौके से घायल अवस्था मे भागकर अपनी जान बचाया। उसके बाद उसे थाने ले जाया गया।वहां पर उसकी तहरीर पर अभिषेक यादव उर्फ लालू पुत्र रामआसरे, मल्लिंग यादव पुत्र स्वर्गीय चंदन यादव, सूरज यादव पुत्र स्वर्गीय चंदन यादव, सूजीत यादव पुत्र स्वर्गीय शारदा यादव,आदित्य यादव पुत्र सुनील यादव, कपिल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में कार्यवाही की जा रही है।

तीन महिला वारंटी गिरफ्तार

जफराबाद। क्षेत्र के नगर पंचायत कजगावं से पुलिस ने कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू वारंट के आदेश पर तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया। उक्त कस्बे की निवासी माला देवी पत्नी अवधेश प्रसाद, रंजना पत्नी प्रमोद मौर्या और खुर्शी मौर्या पुत्री अवधेश को थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे, एसआई अमित कुमार मय महिला आरक्षियों के साथ पहुँच कर गिरफ्तार कर लिया। सभी का चालान सम्बंधित न्यायालय भेज दिया गया।

मिशन शक्ति-६ के तहत महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

पवांरा। मिशन शक्ति फेज 6.0 के अन्तर्गत रविवार को नरगहना में महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा, शासन की योजनाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरुक किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि आज की बालिका आत्म निर्भर भारत की नींव है। पुलिस विभाग सदैव महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहना चाहिए और किसी भी असुरक्षा की स्थिति में तुरन्त पुलिस से सहायता लेनी चाहिए। प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि कहीं आते-जाते समय कोई मनचला रास्ता रोके या अश्लील हरकत करें तो तुरन्त 1090 व यूपी डायल 112 पर कॉल कर मदद ले सकती हैं। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन1076, चाइल्ड लाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों पर सम्पर्क करने की सलाह दी। इन नंबरों पर तुरन्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उपनिरीक्षक जयप्रकाश प्रसाद ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त, स्वावलम्बी व जागरुक बनाने के उद्देश्य से यह प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। महिला कान्सटेबल अनुपम व शिवानी ने महिलाओं व बालिकाओं को निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करने और बेझिझक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया तथा महिला अपराध से बचाव, साइबर क्राइम की रोकथाम व सरकार द्वारा चलायी जा रही, विभिन्न योजनाओं विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व महिला से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। टीम में कॉन्सटेबल नरेश यादव व कॉन्सटेबल रोहित यादव शामिल रहे।



आज निकलेगी राम बारात

मुंगराबादशाहपुर। श्री राम लीला कमेटी गुड़हाई के तत्वावधान में चल रही राम लीला के सातवें दिन सोमवार 12 अक्टूबर को शायं 5 बजे से नगर के प्रमुख तिराहे से गाजे बाजे व हाथी घोड़े के साथ भगवान राम लक्ष्मण भरत व शत्रुघन की बारात निकाली जायेगी। उक्त जानकारी राम लीला कमेटी के निर्देशक लाल बहादुर सिंह एवं अध्यक्ष पशुपति नाथ गुप्त मुन्ना ने संयुक्त रूप में दी। उन्होने बताया की महाराज दशरथ कुल गुरू बशिष्ठ रथ पर सवार हो कर बारात ले कर चलेगें। जनकपुर मे महाराज जनक की भूमिका कमेटी के अध्यक्ष पशुपति नाथ गुप्त मुन्ना स्वयं अदा करते हुए बारात का स्वागत करेंगे। बारात मे शामिल होने के लिए क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों को विधिवत निमंत्रण कार्ड भेज कर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बारातियों के स्वागत एवं खान पान की व्यवस्था की गई है। संचालक क्रांति ऊमर वैश्य कपूर ज्वेलर्स ने क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों से राम बारात में शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

मुगलसराय। चंदौली जिले के पीडीडीयू नगर स्थित मंदिरों में रविवार को नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर माता के दर्शन-पूजन में जुटे रहे। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां शैलपुत्री देवी दुर्गा का प्रथम स्वरूप हैं। इन्हें पर्वतराज हिमालय की पुत्री माना जाता है। माता की सवारी वृषभ यानी नंदी है। उनके एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प सुशोभित रहता है। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना का विशेष महत्व है। नवरात्र की शुरुआत घटस्थापना यानी कलश स्थापना के साथ होती है। श्रद्धालु घरों और मंदिरों में कलश स्थापित कर नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा करते हैं। मान्यता है कि मां शैलपुत्री की आराधना से मन को स्थिरता, शक्ति और शांति प्राप्त होती है। पूजन के दौरान माता को गाय के शुद्ध घी और सफेद मिठाइयों का भोग अर्पित किया जाता है। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

मां शैलपुत्री की हुई आराधना

रहा। **वही चकिया प्रतिनिधिनुसार**-नवरात्रि के प्रथम दिन देवी भक्तों की शारदीय नवरात्र पर मंदिरों तथा देवी स्थानों पर पूजन अर्चन करने के लिए श्रद्धालु भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम: ओम मंगला काली भद्रकाली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवा घाटी स्वाहा सदानम स्तुति का मंत्र रविवार को देवी मंदिरों में गूंज उठा। साथ ही घरों में कलश स्थापना कर लोगों ने विधि विधान से मां का पूजन अर्चन किया। मां के दरबार में भक्तों ने मत्था टेका और परिवार के सुख एवं समृद्धि की कामना की। नगर के प्राचीन मां कालीजी मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तों ने माथा टेका झंडा माता, दुर्गाजी मंदिर, जागेश्वर नाथ स्थित मां दुर्गाजी आदि देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भोर पहर में ही मंदिरों के पट खोल दिए गए। भक्तों ने श्रद्धा व विश्वास के अर्चन-पूजा किया। मां को पूजन सामग्री अर्पित की। दोपहर में भक्तों खासकर महिलाओं की भीड़ बढ़ गई। देरशाम तक मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही लगी रही।





मंदिर में पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु, काली मां की प्रतिमा। छाया: आज

दशमी पोखरा में डूबने से बालक की मौत

धानापुर। क्षेत्र के दशमी पोखरा में डूबने से दस वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार धानापुर बस्ती निवासी शिवबचन के बेटे किशन कुमार अपने एक रिश्तेदार के बेटे के साथ विजय दशमी पोखरा घूमने गया था और पास ही कुछ मजदूर काम कर रहे थे। जैसे ही बालक की पोखरे में डूबने की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत बच्चे की खोजबीन शुरू की और कुछ देर बाद उसे बाहर निकाला। और 108 एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह के प्रतिनिधि विमल सिंह दादा ने परिजनों को सांत्वना दी। किशन की मौत से परिवार में मातम छा गया है। शिवबचन के दो बेटे और एक बेटी है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी। ग्रामीणों ने कहा कि पोखरे पर आने वाले समय में विभिन्न पूजा-पाठ का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिससे बच्चों को सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि कच्चे तालाबों के किनारे दुर्घटना घटित होने की आशंका ज्यादा बनी रहती है। कच्चे पोखरों के पास फिसलनें का भी खतरा ज्यादा होता है। ऐसे में प्रसाशन प्रबंध समितियों से समनवय बनाकर सुरक्षा की

पितृपक्ष मेला में अबतक ११.७८ लाख से अधिक लोगों ने किया दर्शन-पूजन

मुगलसराय। बिहार के गया जी में आयोजित पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान पिंडदान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा गया जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन एवं सुचारु ट्रेन परिचालन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए। महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल डिम्पी गर्ग के मार्गदर्शन तथा मंडल रेल प्रबंधक, डीडीयू मंडल उदय सिंह मीना के नेतृत्व में मंडल के विभिन्न विभागों ने समन्वय के साथ यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, टिकटिंग, चिकित्सा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। 26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक कुल 1,726 कोचिंग ट्रेनों का परिचालन हुआ। इनमें गया जंक्शन से 436 प्रारंभिक, 441 गंतव्य तथा 849 पासिंग ट्रेनें शामिल थीं। इस अवधि में गया जंक्शन पर लगभग 11,78,097 यात्रियों का आवागमन हुआ। गया जंक्शन पर प्रति पाली 5 आरक्षित टिकट काउंटर तथा 10 अनारक्षित टिकट काउंटर चौबीसों घंटे संचालित किए गए। मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली के माध्यम से यात्रियों के पास जाकर टिकट उपलब्ध कराने, सहायकों सहित 7 स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों तथा प्रति पाली टिकटिंग सहायक की व्यवस्था रही। चौबीसों घंटे चिकित्सा बूथ में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स, ड्रेसर, स्वास्थ्य सहायक, आवश्यक दवाएं एवं एम्बुलेंस उपलब्ध रही। अग्निशमन वाहन भी तैनात रहा। बुजुग, दिव्यांग एवं जरूरतमंद यात्रियों के लिए 30 व्हीलचेयर तथा सहायता बूथों की व्यवस्था की गई।



नवरात्रि पर मां काली मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

बबुरी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर बबुरी स्थित माँ काली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि के पहले दिन से ही मंदिर में सुबह से देर शाम तक भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है। ढोल-नगाड़ों और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। दूर.दराज से भी श्रद्धालु माँ काली के दर्शन को पहुँच रहे हैं। मंदिर के पुजारी काली दास त्रिपाठी ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर माँ काली का विशेष श्रृंगार और आरती की जा रही है। उन्होंने बताया कि अष्टमी-नवमी पर भीड़ और अधिक बढ़ने की संभावना है, जिसके लिए मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है।

पंचायत सहायक के काम का बीडीओ ने की समीक्षा

कमालपुर। बरहनी ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी शरद चंद्र शुक्ल ने पंचायत सहायकों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खंड विकास अधिकारी शरद चंद्र शुक्ल ने पंचायत सहायकों और ग्राम पंचायत सचिवों से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी हासिल करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। शासन की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए,ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बीडीओ ने पंचायत स्तर पर अभिलेखों के रख रखाव को सुव्यवस्थित ढंग से रखने और विभागीय कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ संपादित करने का निर्देश दिया। पंचायत सहायक अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। योजनाओं की प्रगति और कार्यों के निष्पादन में लापरवाही न बरतने पर भी जोर दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर कार्यों में तेजी लाना और सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा।

संक्षिप्त

सपा नेता हरदेव मौर्या ने किया जनसम्पर्क

धानापुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सैयद राजा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता हरदेव मौर्य राष्ट्रीय सचिव शिक्षक प्रकोष्ठ ने अपने समर्थको के साथ समाजवादी पार्टी के शिक्षक विधायक व स्नातक विधायक दोनों प्रत्यासियो के समर्थन क्षेत्र के विभिन्न गावों भ्रमण कर मतदाताओं से सपा के दोनों उम्मीदवारों को जिताने की अपील किया।

अवैध शराब तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

सकलडीहा । उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में मौजूद थानाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में थाना सकलडीहा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान 10 अक्टूबर को समय करीब 23:50 बजे भोजापुर रेलवे क्रासिंग के पास से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा जिनके कब्जे से 90 पाउच (18 लीटर) देशी शराब ब्लू लाइम बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर 11अक्टूबर को थाना सकलडीहा पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उपजा से जुड़े नौ नये पत्रकार संघटन की मजबूती को मिलेगी नयी धार

इलिया। पत्रकारों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इसी



संकल्प के साथ रविवार को नगर के लक्ष्मी पैलेस में यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) की तहसील इकाई चकिया की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, पत्रकारों के हितों की रक्षा और आगामी 19 नवंबर को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से आए तीन पत्रकारों समेत विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े छह पत्रकारों ने उपजा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने सभी नौ नए सदस्यों को सदस्यता दिलाकर संगठन से जोड़ा। नए सदस्यों के आगमन को संगठन की मजबूती और विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। सदस्यता लेने वालों में सद्दाम खान, मोहम्मद इबरार अली, तनवीर अहमद, अंकुर राय, श्रीराम शुक्ला, बाबू चौहान, उत्कर्ष, मनीष सिंह और शुभम मोदनवाल शामिल रहे। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, जिला महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, शीतला राय, गोविंद केसरी, आशुतोष मिश्र, प्रेम शंकर तिवारी, लोकेश पांडेय, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

असंतुलित ट्रैक्टर ने तीन किशोरों को कुचला

सैयदराजा । थाना क्षेत्र के कोनियॉ गाँव के समीप शनिवार की रात करीब 8 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क मार्ग से पैदल घर जा रहे तीन किशोरों को असंतुलित ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे में दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई, जब कि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान नथुनी (18) और अमित राजभर (17) के रूप में हुई है। तीनों पैदल घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोशित ग्रामीणों ने बिऊरी-कोनिया मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चीख पुकार से आसपास का माहौल गमगीन हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश कर रही है।

शिवकुमार पटेल के निधन पर शोक

सैयदराजा। नगर पंचायत में सेवा निवृत्त स्टेशन अधीक्षक एवं प्रतिभावान, मृदुभाषी समाजसेवी शिवकुमार पटेल की 76 वर्ष की आयु में वाराणसी के एक निजी चिकित्सालय में शनिवार को इलाज के दौरान अपराह्न अंन्तिम साँस ली। उनके निधन की खबर सुनकर उनके शुभचिंतकों एवं मित्रों में शोक की लहर दौड़ गयी। बताते चले कि उन्होंने अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके एकमात्र पुत्र लवकुश पटेल एडवोकेट हैं जो वर्तमान में सिविल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद पर स्थापित है। स्व० पटेल शुरू से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे जो डा० लोहिया के सानिध्य में रहकर कार्य किया। वहीं उनकी पुत्र बधू कल्पना पटेल नगर पंचायत सैयदराजा गॉधीनगर की पूर्व सभासद रह चुकी हैं। इनका अंन्तिम क्रिया कर्म हरिश्चन्द्र घाट पर सम्पन्न हुआ। जिनको उनके पुत्र लवकुश पटेल एडवोकेट ने मुखाग्नि दी।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर १३ को

चहनियां। चहनिया स्थित खंडवारी पीजी कॉलेज में 13 अक्टूबर मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने लोगो को रक्तदान करने की अपील किया है। इस दौरान खंडवारी पीजी कॉलेज में लोगो को जानकारी देते हुए प्रबंध निदेशक डॉ.आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीजी कॉलेज परिसर में मंगलवार को साढ़े दस बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । लोग अपने स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते है । रक्तदान एक महादान है जो किसी की जान बचा सकता है । आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के लिए जीवन दान बन सकता है । एक एक बूंद किसी के नयी जिंगदी की शुरुआत कर सकती है । आप से आग्रह है कि महाविद्यालय में होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान में सहयोग प्रदान करे ।

अनुदेशकों ने सरकार से लगायी न्याय की गुहार

चंदौली। प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशक शिक्षकों का सरकार द्वारा 14 वर्षों से शोषण कर उनके विधिक एवं मौलिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इसके लिए 11 अक्टूबर को मुख्यालय स्थित शंकर मोड़ के पास संविधान निर्माता अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष न्याय की गुहार लगाई । व्यथित और पिड़ित अनुदेशकों द्वारा सरकार के तीनों अंगों से लगातार गुहार लगायी जाती रही है। लंबे समय से मामला न्यायिक प्रक्रिया की अग्निपरीक्षा से गुजरता हुआ देश के सर्वोच्च न्याय के मंदिर सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तमाम तर्क साक्ष्य एवं विचारण की लंबी प्रक्रिया के बाद अंतत: सुप्रीम कोर्ट ने 04 फरवरी 2026 को 46 पेज में निर्णय देते हुए अनुदेशक शिक्षकों को नियमित शिक्षक मानते हुए सरकार को बकाया एरियर सहित तत्काल प्रभाव से अनुदेशकों को शिक्षकों जैसी वेतन और अन्य सुविधाएं दिए जाने का आदेश दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय के अनुपालन हेतु अभी तक कोई भी शासनादेश जारी नहीं हुआ है ऐसी स्थिति तब है जब सरकार की तरफ से दायर रिव्यू पिटिशन भी सर्वोच्च न्यायालय खारिज कर चुका है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह, अमरनाथ राय , रामनरेश यादव, संतोष कुमार, नरेंद्र कुमार, स्वदेव कुमार, धनंजय कुमार , रमेश कुमार, अजित कुमार, कुलकर्णी देवा, चंदन कुमार, विनोद कुमार,शशिकांत कुमार,एनपी कुशवाहा ,विनोद यादव, दीपक सिंह, रविन्द्र शंकर सिंह, तथा अन्य दर्जनों अनुदेशक शिक्षक उपस्थित रहे ।

पुलिस ने एक बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

सैयदराजा। पुलिस टीम द्वारा चोरी की दो बैट्री की बरामदगी करते हुए दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना सैयदराजा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर भतीजा रोड मीना बाजार के बगीचे से दो चोरी की बैट्री स्पअहनंतक लाल रंग की बरामद करते हुए मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा मामले में संलिप्त पाए गए बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना सैयदराजा पर बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि तेलकू चौहान नि० डिलिया थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली, करन चौहान नि० सुण्डेहरा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली निवासी है।

अपर पुलिस अधीक्षक सदर की अध्यक्षता में समीक्षा

चन्दौली। उच्चाधिकारियों के निर्देशों के क्रम में, जनपद में शांति व कानून-व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने, डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से 10 अक्टूबर को शिविर पुलिस लाइन के नवीन सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक अपर पुलिस अधीक्षक (सदर) विक्रम दहिया की अध्यक्षता एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। 'यक्ष ऐप' के माध्यम से हाईटेक एवं स्मार्ट पुलिसिंग: बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक 'यक्ष ऐप' के प्रयोग एवं इसके माध्यम से अपराधियों की अद्यतन मॉनिटरिंग की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों, माफियाओं और सक्रिय अपराधियों का डेटा 'यक्ष ऐप' पर पूरी तरह अपडेट रखें। ऐप में उपलब्ध फेशियल रिकग्निशन, वॉयस सर्च तथा जियो-टैगिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर भीड़.भाड़ वाले स्थानों, चेकिंग के दौरान और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

राम जन्म के साथ रामलीला का शुभारंभ

चहनिया। क्षेत्र के रामगढ़ में 153 वर्षों से चली आरही रामलीला का शुभारंभ शनिवार को किया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत मुख्य अतिथि प्रोफेसर संत त्रिपाठी के द्वारा फीता काटकर व प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग के साथ हुआ। रामलीला के मंचन को लेकर श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल रहा। आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर उनके जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। रामलीला के माध्यम से दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाया जाता है। इस दौरान भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव से जुड़े प्रसंगों को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में प्रस्तुत किया गया। प्रभु श्रीराम के जयकारों और धार्मिक भजनों से आयोजन स्थल भक्तिमय हो गया। रामलीला में आगे चलकर भगवान श्रीराम के बाल्यकाल, गुरु आश्रम में शिक्षा, सीता स्वयंवर, वनवास, भरत मिलाप, सीता हरण, हनुमान जी की भक्ति, लंका दहन तथा रावण वध जैसे प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। इन प्रसंगों के माध्यम से सत्य और असत्य, धर्म और अधर्म तथा न्याय और अन्याय के बीच के अंतर को दर्शाया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति,परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना भी है। ब्यास शोभनाथ पांडेय, ब्यास राधेश्याम पांडेय, लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंधक धनंजय सिंह, प्रभुनारायण सिंह लल्ला, सारनाथ पांडेय, सुदामा पांडेय, विजय पांडेय मुन्ना, नागेन्द्र सिंह, इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

किसानों,मजदूरों पिछड़ों की आवाज हैं जयंत

मुगलसराय। राष्ट्रीय लोकदल के वाराणसी मंडल अध्यक्ष जिला चंदौली प्रभारी डॉक्टर सत्येंद्र सिंह का जिला अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव एडवोकेट के नेतृत्व में गगन भेदी नारा लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। डॉक्टर सत्येंद्र सिंह ने पार्टी कार्यालय में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को संगठित करने का कार्य सदस्य बनाकर करें व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नीतियों को जन जन पहुंचने का काम करें। किसानों मजदूरों पिछड़ों का आवाज जयंत चौधरी हैं । उन्होंने कहाकि लोक दल का बुनियाद ही किसानों को उचित व न्याय प्रिय सम्मान दिलाना है। इस मामले पर लोक दल कोई समझौता नहीं करता। स्वागत करने वालों में समरनाथ सिंह यादव एडवोकेट, सतीश प्रसाद यादव, भागवत नारायण चौरसिया, मोहम्मद रेहान, वसीम अहमद, सतीश यादव, एडवोकेट कैलाश विश्वकर्मा, अजय यादव, अभिषेक शर्मा, लखनऊ यादव ,प्रताप पटेल, मुन्ना राम, महेंद्र यादव, रामजी पटेल, बलवंत विश्वकर्मा, नीलू, संजीव कुमार, अजय यादव, अखिलेश विश्वकर्मा आदि लोग थे।

मंडल अध्यक्ष का समरनाथ ने किया स्वागत



गुमशुदा किशोरी को किया बरामद

सकलडीहा । आवेदक पप्पू पुत्र लाठीबाज, निवासी ग्राम नागेपुर थाना द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री, जो दुर्गा मंदिर सकलडीहा पोखरा के पास पूजा करने गई थी, काफी समय बीत जाने के बावजूद घर वापस नहीं लौटी है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई प्रार्थना पत्र प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। वर्तमान में चल रहे मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत थाना सकलडीहा की विशेष शिमशन शक्ति टीम तुरंत सक्रिय हुई। टीम ने गुमशुदा किशोरी के संभावित ठिकानों और मिलने वाले स्थानों पर सघन खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम की मुस्तैदी और त्वरित प्रयासों के फलस्वरूप कुछ ही समय में गुमशुदा किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

जैपुरिया स्कूल्स पड़ाव कैंपस में 'अनुसंधान २०२६' का आयोजन

दुलहीपुर। सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव कैंपस के 'श्री संगम ऑडिटोरियम' मे विशाल साइंस एक्जीबिशन 'अनुसंधान 2026' का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा के साथ-साथ उनके वैज्ञानिक नवाचारों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान की प्रवृत्ति, तार्किक चिंतन एवं नवाचार की भावना विकसित करना है। इस प्रदर्शनी में कक्षा एक से बारहवीं तक के लगभग 500 बच्चों की सक्रीय भागीदारी रही। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च प्रशासनिक ग्रेड प्रोफेसर आई आई टी शशांक शेखर मंडल, विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित भारतीय शोधकर्ता और शिक्षाविद डॉ. अयान हलदार विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज, प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ,कार्यकारी निदेशक श्यामसुंदर बजाज, निदेशक गौरांग बजाज,निदेशक गवेन्द्र बजाज ,निदेशिका पूजा बजाज, प्रधानचार्य बिनोद दास, अभिभावक वृंद, शिक्षकगण एवं बच्चों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की आरुशी बजाज एवं नौरिता जैन ने किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलन और सुमधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ । आगन्तुक अभिभावकों, अतिथियों एवं शिक्षकों ने छात्र वैज्ञानिकों द्वारा सजाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च प्रशासनिक ग्रेड प्रोफेसर आई आई टी शशांक शेखर मंडल, विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित भारतीय शोधकर्ता और शिक्षाविद डॉ. अयान हलदार एवं विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद के स्वागत के साथ किया गया, इसी क्रम में मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा प्रदर्शनी स्थल संगम ऑडिटोरियम में फीता काट कर किया




चला नारी शक्ति,सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

सकलडीहा। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार और चंदौली पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर थाना सकलडीहा पुलिस द्वारा क्षेत्र में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीम ने सामूहिक रूप से बैनर और पोस्टर हाथों में लेकर आम जनमानस को जागरूक किया। सकलडीहा कोतवाली पुलिस बल द्वारा यह भ्रमण सकलडीहा कोतवाली से शुरू होकर सगन तिराहा तक निकाला गया। इस पैदल मार्च के दौरान मुख्य बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से सीधा संवाद किया। अभियान के दौरान विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जारी विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे-1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी विषम परिस्थिति या छेड़खानी की घटना होने पर वे बिना किसी संकोच के इन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराएं, उनकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। इसके साथ ही, सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई।

रामलीला में राम विवाह का किया गया मंचन

कमालपुर। स्थानीय कस्बा के राम लीला प्रांगण में चल रही रामलीला का अलौकिक मंचन देवताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रभु श्री राम के दिव्य विवाह के बाद माता सीता की बिदाई देखकर पूरी मिथिला नगरी के नेत्रों से आंसू निकल रहें थे। कस्बा का ऐतिहासिक रामलीला समिति के अध्यक्ष हरवंश उपाध्याय के उपस्थिति में बीती रात 9:00 बजे से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और माता सीता के राम विवाह का कलाकारों के सजीव चित्रण प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित दर्शक देखकर भाव विभोर हो जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। स्वर्ग से पधारे देवता मिथिला में उमड़ा पड़े। जनसैलाब रामलीला के मुख्य आकर्षण में महाराजा दशरथ की अगुवाई में प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, भरत, और शत्रुघ्न की अलौकिक बारात भगवान शिव, ब्रह्मा जी, देवराज इंद्र, पवन देव, और नारद मुनि जैसे समस्त देवी-देवता भी शामिल हुए। बारात राजा जनक विदेह की मिथिला नगरी पहुंची पूरा क्षेत्र जयकारों से गुज उठा। परछन और विदाई विवाह मंडप में मिथिला की सखियों द्वारा गाए गए प्रेम व हास-परिहास भरे गारी गीतों ने उपस्थित जनता जनार्दन को ओत पोत कर दिया। माता-पिता की भावुक विदाई का दृश्य राजा जनक सहित पूरी मिथिला नगरी के नेत्रों में अश्रु निकले रहे थे। अलौकिक, मार्मिक दृश्य को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष हरवंश उपाध्याय, श्याम बिहारी दुबे त्रिलोकी नाथ दुबे, संजीवन मिश्रा, बसंत मिश्रा, संजय मिश्रा, जयकृष्ण रस्तोगी, गणेश अग्रहरि, सुदर्शन रस्तोगी, गोविंद रस्तोगी, महेश अग्रहरी, विकास गुप्ता, भरत रस्तोगी, राकेश दुबे, नंदलाल जायसवाल,शिवम दुबे,सौरभ दुबे, यश दुबे, सोनू गुप्ता आदि रहें।



बिहार समाचार

मां दुर्गा की जयकारों से शारदीय नवरात्र शुरू

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की गूंज, हाथों में कलश और मां दुर्गा के जयकारों के बीच शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो गई है। नवरात्र के पहले दिन वैदिक और दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के साथ देवी शैलपुत्री की पूजा हई। आराधना के इस पावन पर्व पर रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन स्थित सोन जलपरी घाट पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु सोन नदी के तट पर पहुंचकर कलश में पवित्र जल भरने पहूंचे। पुरुषों और महिलाओं की टोली गाजे-बाजे और ध्वज के साथ जलभरी यात्रा में शामिल हुई। स्थानीय पंडितों के अनुसार, सोन नदी के जल को लेकर क्षेत्र में गहरी धार्मिक आस्था है। मान्यता है कि सोन नदी के पवित्र जल में गंगा, यमुना और सरस्वती का वास होता है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु नवरात्र के पहले दिन सोन नदी से जल भरकर कलश स्थापना करते हैं। उनके लिए यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि मां दुर्गा के प्रति समर्पण और आस्था प्रकट करने का माध्यम भी ।नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की आराधना आरंभ हुई। इसके बाद नौ दिनों तक मां शैलपुत्री से लेकर मां सिद्धिदात्री तक देवी के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। भक्त इस दौरान अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार व्रत रखते हैं तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन-कीर्तन और आरती करते हैं।सोन जलपरी घाट पर जल लेने पहुंचीं महिला श्रद्धालुओं में भी नवरात्र को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। महिलाओं का कहना है कि शारदीय नवरात्र हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इन नौ दिनों में व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना की जाती है और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। उनका विश्वास है कि सच्चे मन से मां की पूजा करने से जीवन में सकारात्मकता आती है और भक्तों को शक्ति व साहस मिलता है।सोन नदी के तट से भरे जा रहे पवित्र जल के साथ डेहरी, डालमियानगर में नवरात्र की भक्ति यात्रा आगे बढ़ रही है। आने वाले नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना, व्रत, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु शक्ति की उपासना में लीन रहेंगें।

जलभरी में गयी बालिका नहर में डूबी

डेहरी ऑन सोन (आससे)। सोन नहर आयर कोठा साइफन के समीप रविवार को स्नान करने के दौरान मनोगी बिगहा गांव के धर्मेंद्र राम के 14 वर्षीय बेटी सरस्वती कुमारी नहर के तेज धारा में बह गई। वहीं उसके साथ स्नान कर रही कच्छवा निवासी राम कवल के 10 वर्षीय बेटी डूबते डूबते किनारे लग गई। जिससे वह बच गई।वह अपने मामा रिंकू राम के घर मनोगी बिगहा में रहती थी। घटना के बाद पुलिस स्थानीय गोताखोरों से नहर में डूबी लड़की की खोज करा रही है। खबर लिखे जाने तक डूबी लकड़ी बरामद नहीं हो सकी है।जानकारी के अनुसार पांच महिलाएं के साथ दोनों लड़कियां नहर में स्नान करने गई थी। मृतक की मां समेत पांचों महिलाएं नवरात्र में घर में कलश स्थापना के लिए जल भरने गई थी।पांचों महिलाएं स्नान करने के बाद नहर के घाट पर पूजा अर्चना कर रही थी।वही दोनों लड़कियां स्नान करने लगी।इसी दौरान एक लड़की पानी के तेज धारा में बहने लगी। जो कुछ दूर जाकर डूब गई। दूसरी लड़की डूबने लगी जो बहते पानी में किनारे लग गई। जिसे महिलाओं ने लड़की को बाहर निकाल लिया। महिलाओ चिल्लाने के बाद कुछ गांव के तैराक युवक पहुंचे और नहर में डूबी लड़की का खोजबीन करने लगे। घटना के जानकारी के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और चार तैराकों की नहर में उतारी।

नहर में कूदी युवती का शव नोखा में मिला

डेहरी-ऑन-सोन (आससे.)। डेहरी नगर थाना के जक्की बिगहा मोहल्ले के पास शनिवार को पति से विवाद के बाद एक पत्नी ने मुख्य नहर के नये पुल से पानी में छलांग लगा दी । नोखा थाना क्षेत्र में चौसा लाइन नहर से रविवार सुबह लक्ष्मी का शव बरामद किया गया ।पत्नी को बचाने के लिए पति भी नहर में कूद पड़ा था लेकिन तेज बहाव के कारण उसे बचा नहीं सका।मिली जानकारी के अनुसार न्यू डिलिया निवासी 25 वर्षीय लक्ष्मी देवी ने छह माह पहले जक्की बिगहा मणिनगर निवासी 27 वर्षीय करण कुमार से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही दोनों में अक्सर विवाद होता रहता था। पिछले कुछ दिनों से लक्ष्मी अपने मायके में रह रही थी। शनिवार को फिर विवाद के बाद वह नहर पुल पर पहुंची और कूद गयी। जिसका शव रविवार को मिला। पुलिस उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

सिपाहीने सर्विस पिस्टलसे की खुदकुशी

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में डायल 112 में तैनात सिपाही अपने ही सर्विस पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। किशनगंज में यह घटना रविवार को घटी। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया ।मृतक सिपाही की पहचान भागलपुर जिले के समीर कुमार के रूप में हुई है। वह किशनगंज में डायल 112 में तैनात था। उसने यह कदम क्यों उठाया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शव को पोस्टमार्टम कर उसके गांव भेज दिया गया।

संक्षिप्त

बाइकों की टक्कर में दो की मौत

कुरसेला /पोठिया (कटिहार) आससे। पोठिया थाना क्षेत्र के नरैहिया पेट्रोल पंप के समीप रविवार सुबह दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, एक मछली व्यवसायी मोटरसाइकिल पर मछली लेकर कुरसेला से फलका की ओर जा रहा था। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार दो युवक पोठिया की ओर से नरैहिया पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आ रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप दोनों मोटरसाइकिलों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को अलग-अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। एक युवक को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और दूसरे को फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

करंट से दो बच्चों की मौत

भैरोगंज (संसू)। थाना क्षेत्र के सहसरांव गांव में रविवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना घटी। कोट माई स्थान से दोन नहर जल भरने जा रहे जुलूस में शामिल 15 बच्चे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आ गए। हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि 13 अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहसरांव स्थित कोट माई स्थान पर हर वर्ष की तरह इस बार भी माता की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया था। रविवार दोपहर करीब 1 : 00 बजे बच्चे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर दोन नहर से जल भरने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर पर सवार एक बच्चे के हाथ में मौजूद लोहे की पाइप वाला झंडा ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार से छू गया।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022447

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57

फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें

-:Website:-

www.ajhindidaily.com

-:For e-Paper:-

www.ajhindidaily.com/

आज

निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।



सूर्योदय : ०५.५४

सूर्यास्त : ०५.३४

तापमान

अधि. : ३१.०

न्यून. : २२.०

किसानों के आवेदनों पर तत्काल कारवाई करें अधिकारी- मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश में सितंबर-अक्टूबर महीने में चक्रवाती तूफान, तेज आंधी और अतिवृष्टि से कई स्थानों पर किसानों के खेतों व निजी भूमि पर बड़ी संख्या में पेड़ों के उखड़ने और गिरने की घटनाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों को राहत देने और गिरे हुए वृक्षों का नियमानुसार तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलाधिकारियों, प्रभागीय वनाधिकारियों (डीएफओ) और उत्तर प्रदेश वन निगम को निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि निजी भूमि और खेतों में गिरे पेड़ों को हटाने व उनके निस्तारण के लिए किसानों की ओर से दिए जाने वाले आवेदनों पर वन विभाग और उत्तर प्रदेश वन निगम तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करें।



आवेदनों के निस्तारण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न हो, ताकि प्रभावित किसान जल्द राहत प्राप्त कर सकें। गिरे हुए पेड़ों की लकड़ी के परिवहन और निस्तारण में किसानों को किसी तरह की समस्या न हो, इसके लिए आवश्यक अभिवहन अनुज्ञा पत्र (ट्रांजिट परमिट) प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएं। परमिट जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित वन नियमों के अनुरूप पूरी की जाएगी, जिससे किसानों को अपनी भूमि पर गिरे वृक्षों की लकड़ी के निस्तारण में अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

सीएम योगी के निर्देशानुसार, तेज आंधी और तूफान के कारण सार्वजनिक मार्गों पर गिरे पेड़ों को तत्काल हटाया जाए। मार्ग अवरोधों का शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे यातायात सुचारु बना रहे और आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों और प्रभागीय वनाधिकारियों को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि प्रभावित किसानों को पेड़ों के निस्तारण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के मानसिक या आर्थिक उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

ड्रोन हमले का शिकार हुए तीन भारतीय स्वदेश रवाना

लंदन (एजेंसी)। काला सागर में हमले का शिकार हुए तुर्किए के स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज 'एमवी रोयाद ममादोव' से बचाये गये तीन भारतीय नागरिक स्वदेश के लिए रवाना हो गये हैं। बुखारेस्ट स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। दूतावास ने शनिवार को कहा कि तीन भारतीय नागरिक साहिल संधू, अश्विनी कुमार और हरमन सिंह आज (शनिवार) भारत के लिए रवाना हो गये। दूतावास ने कहा कि उनकी स्वदेश वापसी में मदद के लिए सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी गयी। उसने रोमानियाई अधिकारियों, कॉन्स्टैंटा काउंटी अस्पताल और रोमानिया की बचाव टीमों का आभार भी जताया। तुर्किए की एक कंपनी के स्वामित्व वाला यह जहाज यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह से इटली के रवेन्ना तक मक्का ले जा रहा था। सोमवार को रोमानिया के जलक्षेत्र के बाहर काला सागर में नौवहन के दौरान इस पर हमला हुआ।

मुख्यमंत्रीने किये मां पाटेश्वरी के दर्शन

बलरामपुर (एजेंसी)। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां के चरणों में शीश झुकाया, उनकी आरती उतारी और स्वस्थ-समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आए श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया और नवरात्रि व दशहरा के निमित्त मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि नवरात्रि में देश-प्रदेश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु यहां आकर मां के चरणों में श्रद्धा निवेदित करते हैं, ऐसे में प्रशासन, पुलिस व मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोग उनकी सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। यहां किसी प्रकार की अव्यवस्था या दिक्कतें न हों। मुख्यमंत्री गोशाला में भी गए, उन्होंने यहां गुड़ व हरा चारा खिलाकर गोमाता की सेवा की।

हिटलर की तरह अत्याचार करा रही भाजपा-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जर्मनी में हिटलर अपनी निजी फोर्स बनाकर दूसरे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कराता था, आज वही काम भाजपा करा रही है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण क्रांति अभी भी प्रासंगिक है। हम संपूर्ण क्रांति के रास्ते पर चलकर समाज और देश बनाने का काम करेंगे। यह बातें उन्होने रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमतीनगर स्थित जेपीएनआईसी पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों, नौजवानों के साथ अन्याय, अत्याचार बंद करे, गिरफ्तार छात्रों को रिहा करे। पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है। चुनावों में बेईमानी कर रहा है। भाजपा ने एसआईआर के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर धांधली की साजिश की थी। लोगों के फर्जी दस्तखत कराकर समाजवादी पार्टी के लोगों के वोट कटवाए। समाजवादी पार्टी ने सबूत के साथ शिकायत की, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई की। श्री यादव ने अयोध्या के सवाल पर कहा कि हमारे पवन की हवा में अहंकारी सरकार के लोग उड़ जाएंगे। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या से पवन पांडेय का टिकट सबसे पहले तय किया है। मुख्यमंत्री को चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगना पड़ता है। अभी तो उनका टिकट तय नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जेपीएनआईसी को बर्बाद कर दिया। भाजपा ने इसे बेच दिया। भाजपा सब चीज बेच देना चाहती है। भाजपा के लोग आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ नहीं थे, ये आजादी के संघर्ष को नहीं जानते हैं। भाजपा सरकार अभी तक समाजवादियों को जेपीएनआईसी आने से रोकती रही, लेकिन अब यूपी में परिवर्तन का आगाज हो गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा हारी है, 2027 के विधानसभा चुनाव में सफाया हो जाएगा। उन्होने कहा कि बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई है।

जेपी के आदर्शों का सम्मान करें अखिलेश यादव- ब्रजेश पाठक

लखनऊ (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर रविवार को उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष, विचारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए जेपीएनआईसी के नाम पर कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समाजवादी विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। उनके नाम का राजनीतिक लाभ उठाने वालों को उनके आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान करना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सवाल करते हुए कहा कि जेपीएनआईसी के नाम पर हुए कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर वे जनता को क्या जवाब देंगे? क्या लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का नाम केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा? श्री पाठक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महान जननायक जयप्रकाश नारायण के नाम का सहारा लेकर राजनीतिक जवाबदेही से बचने का प्रयास किया जा रहा है। जनता यह जानना चाहती है कि समाजवाद के नाम पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने की राजनीति आखिर कब तक चलेगी। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का संपूर्ण जीवन सत्ता और स्वार्थ की राजनीति के बजाय सिद्धांतों, नैतिक शुचिता और जनहित के प्रति समर्पण का संदेश देता है। उनके विचार आज भी लोकतंत्र को मजबूत बनाने और सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम का सम्मान तभी सार्थक होगा, जब उनके आदर्शों को व्यवहार में अपनाया जाएगा। उनके विचारों का वास्तविक सम्मान लोकतांत्रिक मर्यादाओं, ईमानदारी और जनहित को सर्वोपरि रखने से ही संभव है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भिड़े कार्यकर्ता, हंगामा, जूते-चप्पल चले

लखनऊ (आससे)। यूपी कांग्रेस की नयनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना व कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद के पदभार ग्रहण करने के दौरान रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसी आपस भिड़ गये, और हंगामा काटा। हालत यह रही इस दौरान कांग्रेसियों के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं गाली-गलौच व जमकर धक्का-मुक्की के साथ जूते-चप्पल चले। करीब दस मिनट तक चले इस हंगामे के बीच अन्य नेता तमाशबीन बने रहे। बताया जाता है कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ भी बदसलूकी हुयी। इसी बीच मामला बिगड़ता देख वरिष्ठ नेताओं ने अजय राय को मनाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि पदभार ग्रहण के दौरान अजय राय के समर्थक नारेबाजी करने लगे। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा के समर्थकों ने नाराजगी जाहिर की, जिसके बाद कहासुनी शुरू हो गई। इसी बीच किसी ने गाली दी,जिसके बाद दोनों नेताओं के समर्थक आपस में भिड़ गये। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की एक महिला नेता और अजय राय के बीच कुछ बातचीत होने के बाद हंगामा होने लगा,और दोनों पक्षों के समर्थक आपस में भिड़ गये। वैसे यूपी कांग्रेस के नये पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण के दौरान हुयी प्रेसवार्ता में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल नहीं हुये। इसको लेकर जब कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद से सवाल पूछा गया। तो उन्होने कहा कि प्रेसवार्ता में पूर्व अध्यक्ष के शामिल होने की परंपरा नहीं रही है। पार्टी कार्यालय में उनसे कार्यभार ले लिया गया है। पत्रकारों से बातचीत में इमरान मसूद ने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और उनका प्रयास इस भरोसे पर खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में परिवर्तन लाने और संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेगी। उन्होने इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। हंगामा समाप्त होने के बाद प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। बताते चलें कि कांग्रेस ने यूपी चुनाव 2027 के मद्देनजर प्रदेश टीम में बड़ा बदलाव करते हुए आराधना मिश्रा उर्फ मोना को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया। वहीं इमरान मसूद को भी बड़ी जिम्मेदारी दी।

24 राज्यों में मूसलधार बारिश का अलर्ट, 70 की स्पीड से चलेगी हवा

नयी दिल्ली (आससे)। मानसून के खत्म होने के बाद एक बार फिर से मौसम विभाग ने मुश्किल बढ़ाने वाला अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक कल यानी 12 अक्टूबर को यूपी, बिहार, दिल्ली, राजस्थान सहित 24 राज्यों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की प्रबल संभावना है। उत्तराखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और झारखंड में तेज आंधी से लोगों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कुछ जगहों पर बड़े-बड़े वृक्ष जड़ से धाराशायी हो सकते हैं। वहीं, पहाड़ी राज्यों में कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड की चेतावनी जारी की गई है। 3 से अधिक राज्यों में बर्फबारी की भी चेतावनी जारी की गई है। पूर्वोत्तर भारत में बिजली और वज्रपात कहर बरपा सकता है। यात्रा करने से पहले मौसम का अपडेट जरूर पढ़ लीजिए। वहीं, समुद्री किनारे से मछुआरों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है।

इस बीच बंगाल की खाड़ी से तूफानी हवा उठ सकती है जिससे पूर्वी भारत के राज्यों में देर रात आंधी-तूफान कहर बरपा सकता है। वहीं, 2 से अधिक राज्यों में ओले गिरने की भी चेतावनी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आस-पास के इलाकों के ऊपर निचले वायुमंडल में हवा का एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के ऊपर निचले वायुमंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। तो चलिए आज हम आपलोगों को बताते हैं कि कल यानी 12 अक्टूबर को देश के अन्य राज्यों में मौसम का हाल कैसा रहेगा। इसके अलावा हम जिलावार भी मौसम का हाल बताने जा रहे हैं-

गया, जहानाबाद, पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, पूर्णिया, भागलपुर, मुंगेर, किशनगंज, बेगूसराय, खगड़िया, अररिया, कटिहार और लखीसराय में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की चेतावनी है। वहीं, पटना में कल यानी 12 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा तो न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा।

पलामू, गढ़वा, रांची, सिमडेगा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, जामताड़ा, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, साहेबगंज, जमशेदपुर और पूर्वी सिंहभूम में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से आंधी चलेगी। वहीं, रांची में कल यानी 12 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा तो न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस जाएगा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 12 अक्टूबर को देश के 24 राज्यों यूपी, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा, असम, मेघालय, सिक्किम, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में भारी बारिश-आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से तेज आंधी चल सकती है। किसानों के फसलों को नुकसान होने की आशंका है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक दिल्ली में कल यानी 12 अक्टूबर को भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा चलने की चेतावनी है। वहीं, दिल्ली में कल यानी 12 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पहुंचेगा तो न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। आंधी की चेतावनी)= हरिद्वार, ऋषिकेश, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, देहरादून, पिथौरागढ़, नैनीताल में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से आंधी चलेगी। वहीं, देहरादून में कल यानी 12 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस जाएगा तो न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पहुंचेगा।

शेष

सीजेपी समर्थकों...

के आदेश के बाद यह संख्या 47 रह गई। पीठ ने अधिकारियों से इन सभी 47 स्टेशनों की स्थिति स्पष्ट करने और जवाब के साथ नक्शा दाखिल करने को कहा। अदालत के सामने यह भी बताया गया कि पिछली रात 10 बजे से सभी मेट्रो स्टेशन खोल दिए गए हैं और कोई भी स्टेशन आंशिक रूप से बंद नहीं है। पीठ ने रेलवे अधिकारियों की ओर से जारी परामर्शों के बारे में भी जानकारी मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित याचिकाओं पर जवाब और अपने आदेशों के अनुपालन की रिपोर्ट मंगलवार तक दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य समय-सारणी के अनुसार चलती रहनी चाहिए। हालांकि, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून के तहत लागू शर्तें प्रभावी रह सकती हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली में इंटरनेट सेवाओं का मुद्दा भी उठा। पीठ ने शहर में इंटरनेट सुविधा बहाल करने की बात कही। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि इंटरनेट सेवाएं पिछली रात से ही बहाल हैं। अदालत ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेने की बात कही। यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण रहा क्योंकि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रदर्शनकारियों की हिरासत के साथ-साथ मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ मामले का हवाला दिया, जिसमें इंटरनेट प्रतिबंधों से संबंधित कानूनी सिद्धांतों पर विचार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के दौरान पूरी दिल्ली से बैरिकेड हटाने और नागरिकों की आवाजाही सामान्य करने की मांग की गई। वकीलों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के बाहर बैरिकेड लगाए गए हैं और हाई कोर्ट तक पहुंचने में भी बाधाएं आ रही हैं। अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भगवान दास रोड पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू होने से संबंधित बोर्ड का जिक्र किया। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रतिबंधात्मक आदेशों के दायरे को सीमित करने की मांग रखी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता शहदान फरासत ने प्रदर्शनकारियों को कथित तौर पर घसीटकर बसों में बैठाने और कुछ लोगों को बसों से बाहर फेंके जाने के आरोपों का मुद्दा उठाया।

दिल्लीमें सीजेपी का...

सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की और विरोध करने पर कई प्रदर्शनकारियों को घसीटकर पुलिस बसों की ओर ले जाते हुए देखा गया। प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर की ओर जाने से रोकने के लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा शनिवार को उनके प्रयासों को विफल किए जाने के बाद सीजेपी ने प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प जताया था और रविवार सुबह 10 बजे प्रदर्शन स्थल पर एक और प्रदर्शन की घोषणा की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में माकपा सांसद जॉन ब्रिटास भी शामिल हैं। उन्हें शनिवार को भी प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था। रविवार को हिरासत में लिए गए कई प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हिरासत में लिए जाते समय उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और छात्र संगठनों के अन्य सदस्यों को भी राजीव चौक से जंतर-मंतर की ओर मार्च करते समय हिरासत में लिया गया। एसएफआई ने एक बयान में कहा कि उसके अखिल भारतीय अध्यक्ष आदर्श एम साजी, दिल्ली राज्य सचिव सूरज एलामोन, केंद्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य अभिजीत मनिलाल और उसके सैकड़ों सदस्यों पर राजीव चौक में हमला किया गया और उन्हें हिरासत में लिया गया।

नेपालमें अचानक...

की सहायक नदी स्यार का प्रवाह बाधित हो गया होगा, जिससे बाढ़ आयी। अधिकारियों ने बताया कि अचानक आयी बाढ़ से उत्तरी गोरखा के कई इलाकों में 35 से अधिक मकान बह गये। चुमनुब्री ग्रामीण नगरपालिका की उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुरुंग ने कहा कि रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में आयी बाढ़ ने उन्हें रसुवा में भोटेकोशी नदी में आयी बाढ़ की याद दिला दी। उन्होंने कहा कि बूढ़ी गंडकी में आई बाढ़ ने भोटेकोशी की बाढ़ की याद दिला दी। इसमें दर्जनों मकान बह गये हैं। फिलहाल नुकसान का सही आकलन करना संभव नहीं है। रसुवा जिले में भोटेकोशी नदी में 26 अगस्त को भीषण बाढ़ आयी थी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के अनुसार, रसुवा और त्रिशूली नदी क्षेत्रों में आयी बाढ़ से 1,455 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 5,285 लोग लापता थे। गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बताया कि बाढ़ में चुमनुब्री-3 के न्याकचेत और फिलिम बाजार को जोड़ने वाला पुल भी बह गया है। उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

इंडिया ब्लाकके...

सरकार के प्रशासनिक कामकाज में सीधे दखल नहीं दे सकता। हालांकि, विपक्षी नेता अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत में याचिका दाखिल कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्ष की ओर से ऐसी कोई याचिका आती है तो मंगलवार को एसआईआर से जुड़े दूसरे मामलों के साथ उस पर भी सुनवाई हो सकती है। राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि विपक्षी दल सोमवार को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे। वे सीजेआई को एक ज्ञापन सौंपेंगे। इसमें एसआईआर प्रक्रिया वापस लेने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जायेगी। लाइव ला की रिपोर्ट के मुताबिक, मई 2026 में सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के अधिकार को वैध माना था। यानी अदालत ने इस प्रक्रिया को कराने के चुनाव आयोग के अधिकार को बरकरार रखा था। इसके अलावा, मुख्य चुनाव आयुक्त के कुछ फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। आरोप है कि ये फैसले दूसरे चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गये थे।

सुप्रीम कोर्ट तक...

युवाओं के प्रदर्शन के दमन का आरोप पुलिस और भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लगाया। इसके साथ ही उन्होंने एलान किया कि एसआईआर विवाद और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 12 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाले जाने का एलान किया।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सोमवार को विपक्षी दलों, युवाओं और नागरिक समाज के संगठनों के साथ वे सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मार्च पार्टी, लिंग, जाति, समुदाय और राज्य की सीमाओं से ऊपर उठकर भारतीय नागरिकों के रूप में निकाला जाएगा।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया, शनिवार को दिल्ली में देश का युवा शांतिपूर्ण विरोध के लिए सड़कों पर उतरा। उनके दिलों में नफरत या गुस्सा नहीं, मोहब्बत थी। लेकिन उन्हें पुलिस और भाजपा के गुंडों, दोनों ने पीटा। ऐसा भारत हम नहीं चाहते। सोमवार 12 अक्तूबर को, हम भारतीय होने के नाते सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे। पार्टी, महिला-पुरुष, जाति, समुदाय और राज्य की हर दीवार से ऊपर उठकर, हम सब एक साथ चलेंगे।

विशाखापत्तनममें...

खुफिया जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सतर्कता बढ़ा दी थी। डीआरआई की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, लंबे समय तक पीछा करने के बाद आठ और नौ अक्तूबर की दरमियानी रात विशाखापत्तनम में एक कार को रोका गया। कार में दो लोग सवार थे और वे कोलकाता से हैदराबाद जा रहे थे। लंबी पूछताछ और वाहन की व्यवस्थित तलाशी के दौरान आगे की यात्री सीट के पैरों के नीचे विशेष रूप से बनायी गयी एक गुप्त जगह का पता चला। उस गुप्त जगह से 24 कैरेट और 999 शुद्धता वाले विदेशी मूल के सोने के तीन पैकेट बरामद किये गये। इनका वजन 5,832.90 ग्राम और बाजार मूल्य 8.98 करोड़ रुपये है। डीआरआई ने बताया कि सोने की तस्करी भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते की गयी थी और इसे हैदराबाद ले जाया जा रहा था। बरामद किये गये सोने को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों लोगों को गिरफ्तार कर क्षेत्राधिकार वाले मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


चेन्नई जा रहे...

कर इमरजेंसी लैंडिग करवाई गई। इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया।इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें यात्री फायर-फायर चिल्लाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वहां बैठे दूसरे यात्री ओवरहेड बिन (सामान रखने वाली जगह) से सामान हटाते दिखाई दे रहे हैं।

गेंदबाजों ने किया भारत को आगे

अभिषेक का अर्द्धशतक, अर्शदीप ने झटके तीन विकेट, तीसरे टी-२० में वेस्टइण्डीज को १४ रन से हरा टीम इण्डिया ने ली २-१ की बढ़त

इंदौर (आससे)। अभिषेक शर्मा (६९) का आक्रामक अर्द्धशतक और उनकी ईशान किशन (३७) के साथ दूसरे विकेट के लिए ४० गेंद में की गयी १०८ रन की शतकीय साझेदारी के बाद अर्शदीप सिंह (३-४४) की उम्दा गेंदबाजी के दम पर भारत ने तीसरे टी-२० मुकाबले में रविवार को वेस्टइण्डीज को १४ रन से हरा कर पांच मैचों की शृंखला में २-१ की बढ़त बना ली। चौथा मैच हैदराबाद में बुधवार को खेला जायेगा। भारत ने पहले २० ओवर में सभी विकेट खोकर २२३ रन बनाये फिर कैरेबियाई टीम को २० ओवर में सात विकेट पर २०९ रन पर रोक दिया। २२४ रन के लक्ष्य के सामने वेस्टइण्डीज की शुरुआत अर्शदीप ने पिछले मैच के शतकवीर कप्तान शाई होप (पांच) को दूसरे ही ओवर में बोल्ड कर बिगाड़ दी। इसके बाद शिमरोन हेटमायर ने आक्रामक तेवर के साथ टीम को संभालने का प्रयास किया लेकिन जब वे २६ गेंद पर छह चौके, दो छक्के की मदद से ४३ रन पर थे नमन धीर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। रोवमैन पावेल (पांच) को अक्षर पटेल ने चलता कर कैरेबियाई टीम का स्कोर तीन विकेट पर ८२ रन कर दिया। इधर कामिल पूरन ने नमन धीर पर तीन छक्के लगाये लेकिन इसी गेंदबाज पर एक और छक्का लगाने के प्रयास में सीमारेखा के पास अर्शदीप सिंह को कैच दे बैठे। पूरन ने २७ गेंद में तीन चौके, तीन छक्के की मदद से ४२ रन बनाये। क्वेंटन सैम्पसन ने १५ गेंद पर २१ रन की पारी खेल पेशानी पर बल डालने का प्रयास किया लेकिन नितिश रेड्डी ने तिलक वर्मा के हाथों कैच करा उनका मंसूबा पूरा नहीं होने दिया। कीमो पाल (१०) को अर्शदीप ने अपना शिकार कर वेस्टइण्डीज को १६९ रन पर छठां झटका दे दिया। इसी ओवर में अर्शदीप ने शरफेन रदरफोर्ड (३२) बोल्ड कर कैरेबियाई टीम की उम्मीद खत्म कर दी। अन्त में शमर स्प्रिंगर ने ११ गेंद में ३५ रन की पारी खेली लेकिन वो नाकाफी रही और टीम २० ओवर में सात विकेट पर २०९ रन ही बना सकी। इससे पहले टास हार कर पहले बल्लेबाजी को बाध्य भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमार जोसेफ ने दूसरे ओवर में ही पिछले मैच में अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन को कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। १५०.८ किमी प्रति घंटा की रफ्तार से फेंकी गयी फुल लेंथ गेंद पर सैमसन ने फ्लिक करके गेंद को इनफील्ड के ऊपर से निकालने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और मिडविकेट पर खड़े कामिल पूरन के हाथों में चली गयी। सैमसन केवल तीन रन ही बना सके। सात रन पर पहला विकेट गिर जाने से टीम इण्डिया पर दबाव आ गया। ऐसे में अभिषेक शर्मा ने आक्रमण की रणनीति अपनायी और तीसरा ओवर लेकर आये रोस्टन चेज पर एक चौका, दो छक्का लगा १८ रन हासिल कर इस दबाव को थोड़ा कम कर दिया। कप्तान शाई होप ने गेंदबाजी में परिवर्तन करते हुए दायें हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज कीमो पाल को मोर्चे पर लगाया लेकिन ईशान किशन ने तीन चौके लगा कर उनकी लय बिगाड़ दी। ईशान किशन ने कीमो पाल के ओवर में 3 चौके लगाए। उन्होंने पहली गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से शार्ट-आर्म जैब खेलकर चौका जड़ा, फिर अगली गेंद पर मिड-आन के ऊपर से बाउंड्री हासिल की। ओवर की आखिरी गेंद पर मिड-आफ के ऊपर से चौका लगाया। होप ने दूसरे छोर से भी गेंदबाजी में बदलाव किया और शमर स्प्रिंगर को गेंद थमा दी। अभिषेक को मानो मन चाही मुराद मिल गयी और उन्होंने इस गेंदबाज की तबियत से खबर लेते हुए तीन चौका और एक छक्का लगा २१ रन ठोक दिये। इसी के साथ अभिषेक ने टी-२० अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में २००० रन भी पूरे कर लिए।अभिषेक ने पहला विकेट चटकाने वाले शमार जोसेफ की भी वापसी पर जमकर खबर ली और पहले छक्का फिर चौका और दो रन लेकर १८ गेंद में अर्द्धशतक पूरा कर लिया। अभिषेक ने अन्तिम गेंद पर भी चौका लगाया जिससे पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर ८७ रन हो गया। पावर प्ले के बाद भी अभिषेक और ईशान किशन का प्रहार जारी रहा और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए ४० गेंद में १०८ रन जोड़ कर टीम का स्कोर ११५ रन पहुंचा दिया। इसी स्कोर पर ईशान किशन रोस्टन चेज की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में स्टंप हो गये। ईशान ने ३७ रन के लिए १८ गेंद खेली जिसमें छह चौका, एक छक्का शामिल रहा। कप्तान श्रेयस अय्यर ने आने-जाने में देरी नहीं लगायी और केवल एक रन बना कर रोस्टन चेज की गेंद पर पगबाधा हो गये। शमर स्प्रिंगर ने अभिषेक को अपनी ही गेंद पर कैच कर भारत को बड़ा झटका दे दिया। अभिषेक ने ३० गेंद में छह चौके, पांच छक्के की मदद से ६९ रन बनाये। नमन धीर (१०) को गुडाकेश मोती ने पवेलियन लौटा भारत का स्कोर पांच विकेट पर १३५ रन कर मुश्किल बढ़ा दी। तिलक वर्मा लय में थे लेकिन जब वे २८ रन पर थे दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गये। इसके बाद नितिश कुमार रेड्डी (२१) और अक्षर पटेल (२०) ने कुछ अच्छे शाट लगाये और अन्त में अर्शदीप सिंह ने ११ और प्रिंस यादव ने तीन चौके लगा कर १३ रन बना कर भारत का स्कोर २० ओवर में २२३ रन पहुंचाया। रोस्टन चेज, शमर जोसेफ और स्प्रिंगर ने दो-दो विकेट आपस में बांटे।




माधव, रिंकू के शतक से उत्तर प्रदेश मजबूत

रणजी ट्राफी



नालंदा (एजेन्सियां)। माधव कौशिक (१२४) और स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह (अजेय १०९) के शतकीय प्रहार तथा दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए की गयी २०२ रन की अटूट द्विशतकीय साझेदारी के दम पर उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी के ग्रुप 'ए' के मुकाबले में रविवार को पहले दिन बिहार के खिलाफ तीन विकेट पर २८७ रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। राजगीर के अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम में टास हार कर बल्लेबाजी को उतरी यूपी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और आठवें ओवर में ही उसको अभिषेक गोस्वामी (१३) के रूप में पहला झटका लगा जिन्हे आमोद यादव ने शकीबुल गनी के हाथों कैच कराया। इसके बाद कप्तान आर्यन जुयाल भी १३ रन बना कर सूरज कश्यप के शिकार हो गये। करन शर्मा भी १३ रन ही बना सके और सूरज के दूसरे शिकार हो गये, लेकिन इसके बाद माधव और रिंकू ने खूटा गाड़ दिया और बिहार के गेंदबाजों पहले दिन का खेल खत्म होने तक और कोई विकेट नहीं लेने दिया। कौशिक ने २५२ गेंद में पांच चौके तीन छक्के तथा रिंकू ने १६४ गेंद में आठ चौके, तीन छक्के लगाये। उधर कल्याणी में भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (४-३०) और आफ स्पिनर आमिर गनी (३-४५) की अगुवाई में गेंदबाजों के कहर से बंगाल ने रणजी ट्राफी के ग्रुप सी मुकाबले में रविवार को यहां पहले दिन दिल्ली की पहली पारी ७७.३ ओवर में २४० रन पर समेट दी। टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाले बंगाल ने तेज गेंदबाजों की मददगार पिच का फायदा उठाया। शमी ने यश ढुल, आयुष दोसेजा (४५) और दिल्ली की ओर से अर्द्धशतक लगाने वाले ऋतिक शौकीन के अलावा दिविज मेहरा को अपना शिकार बनाया। शौकीन ने ९८ गेंदों की पारी में ५६ रन बनाये। बंगाल ने दिल्ली की पारी समाप्त कर दी। वहीं सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन के शानदार शतक और उत्कर्ष सिंह के अर्द्धशतक की मदद से झारखंड ने जमशेदपुर में खेले जा रहे मैच में केरल के खिलाफ पहले दिन पांच विकेट पर २८९ रन बना लिए। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम के लिए शिखर मोहन ने १९६ गेंदों पर १४३ रन की आकर्षक पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में १८ चौके और दो छक्के लगाये। उत्कर्ष ने १४७ गेंदों पर ७१ रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। केरल की ओर से ऑफ स्पिनर वैशाख चंद्रन ने तीन विकेट हासिल किए। दूसरी ओर मध्यक्रम के बल्लेबाज अंकित बावने के धैर्यपूर्ण नाबाद शतक और कप्तान पृथ्वी शा की तेजतर्रार पारी के दम पर महाराष्ट्र ने सेना के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे इसी ग्रुप के अन्य मैच के पहले दिन स्टंप तक पांच विकेट पर २८७ रन बना लिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी महाराष्ट्र की टीम के लिए बावने ने २३२ गेंदों पर नाबाद १०५ रन बनाए। उनकी पारी में ११ चौके और एक छक्का शामिल रहा। पृथ्वी ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए महज ७३ गेंदों पर ७० रन ठोक दिए। सेना की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर अर्जुन शर्मा ने ७४ रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज राज बहादुर ने ४९ रन देकर दो विकेट हासिल किए। सलामी बल्लेबाज गौरव चौधरी के नाबाद शतक और संदीप पटनायक के अर्द्धशतक की मदद से ओडिशा ने अहमदाबाद में गुजरात के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर २७२ रन बना लिए। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओडिशा की टीम के लिए गौरव चौधरी ने २६३ गेंदों पर नाबाद १२१ रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में १० चौके और दो छक्के लगाए। संदीप पटनायक १३९ गेंदों पर ६९ रन बनाकर नाबाद लौटे। उनकी पारी में १२ चौके शामिल रहे। गुजरात के गेंदबाजों को पहले दिन विकेट हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कप्तान चिंतन गजा ने ४६ रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अर्जन नागवासवाला ने ५७ रन और हर्षल पटेल ने ७७ रन देकर एक-एक सफलता हासिल की।

शेडगे ने बचायी भारत ए की लाज, आस्ट्रेलिया ने जीती शृंखला



एकदिनी मैच

पुडुचेरी (एजेन्सियां)। सूर्यांश शेडगे के तेजतर्रार ६६ रन और तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में आस्ट्रेलिया ए को ४९ रन से हराया लेकिन मेहमान टीम ने शृंखला २-१ से अपने नाम कर ली शेडगे भारत ए की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। उन्हें निचले क्रम में विपराज निगम (४०) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने सातवें विकेट के लिए ८५ रन की साझेदारी कर भारत ए को छह विकेट पर १५९ रन की मुश्किल स्थिति से उबारते हुए २७५ रन तक पहुंचाया। भारत ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (३४ गेंद में ३९ रन) और प्रियांश आर्य (४५ गेंद में ४९ रन) ने १०.४ ओवर में ८३ रन जोड़े। बेन ड्वारशुइस (३-३८) ने प्रभसिमरन को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद ड्वारशुइस और विल सदरलैंड (३-४४) ने नियमित अंतराल पर भारतीय टीम को झटके दिए। शेडगे और निगम ने उपयोगी साझेदारी करके भारत ए का स्कोर २५० रन के पार पहुंचाकर ऑस्ट्रेलिया ए के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया ए ने भी अच्छी शुरुआत की। जोश फिलिप (५६) और लियाम स्काट (२६) ने १५ ओवर में ८२ रन जोड़े। दोनों बल्लेबाज ८२ रन के समान टीम स्कोर पर आउट हुए। हालांकि इसके बाद लाचलान शा (३१) और नाथन मैकस्वीनी (३९) ने तीसरे विकेट के लिए ५८ रन जोड़कर आस्ट्रेलिया ए की उम्मीदें कायम रखीं। गुरजपनीत ने मैकस्वीनी को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ दिया जिसके बाद आस्ट्रेलिया ए की पारी लड़खड़ा गयी। मेहमान टीम ने महज ८६ रन के भीतर अंतिम सात विकेट गंवा दिए और पूरी टीम २२६ रन पर सिमट गयी।

न्यूजीलैंड की एकदिनी टीममें रचिन-चापमैन की वापसी

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड ने भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच मैचों की एकदिनी शृंखला के लिए २१ सदस्यीय टीम घोषित की है। चोट के कारण टी-२० शृंखला से बाहर रहे रचिन रवींद्र और मार्क चापमैन की वापसी हुई है। कप्तान मिचेल सैंटनर समेत छह खिलाड़ी पूरी शृंखला खेलेंगे जबकि आठ खिलाड़ी शुरुआती तीन एकदिनी के बाद टेस्ट शृंखला की तैयारी के लिए लौट जायेंगे। आखिरी दो एकदिनी के लिए सात नये खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जायेगा। न्यूजीलैण्ड के मुख्य कोच रोब वाल्टर ने वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को तीन समूहों में बांटा है। भारत के खिलाफ एकदिनी शृंखला के बाद न्यूजीलैण्ड को दो टेस्ट मैच भी खेलने हैं। रचिन रवींद्र अक्तूबर में एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान कैच लेने के लिए डाइव लगाते समय कंधा खिसका बैठे थे। इस वजह से वे टी-२० शृंखला के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

खिताब से चूका वाराणसी मण्डल

वाराणसी। अयोध्या मण्डल ने चित्रकूट में खेली गयी प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगितामें रविवार को सांस रोक देनेवाले मुकाबले में वाराणसी मण्डलको १३-११ से पराजित कर खिताब जीत लिया जबकि वाराणसीकी टीमको उपजेता से संतोष करना पड़ा। दोनों टीमों के बीच एक-एक गोल के लिए संघर्ष हुआ। कभी अयोध्या की टीम आगे हो जाती तो कभी वाराणसी के खिलाड़ी अपने खेल कौशल के दम पर अग्रता ले लेते। आगे-पीछे होनेके क्रम में मध्यांतर तक स्कोर ७-७ से बराबरी पर रहा। मध्यांतर के पश्चात भी दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखनेको मिला। खेल समाप्त होनेसे दो मिनट पहले तक स्कोर ११-११ से बराबर था लेकिन अंतिम समय में रानी ने स्पिन शाट से लगातार दो अंक लेकर अयोध्या को १३-११ से चैम्पियन बना दिया।



उदयवीर सिद्धू ने जीता स्वर्ण

काहिरा (एजेन्सियां)। भारतीय निशानेबाज उदयवीर सिद्धू ने रविवार को आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की १० मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। २४ वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में २४०.६ अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जर्मनी के क्रिश्चियन रिट्ज २४०.१ अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक मिला। वहीं इटली के पाओलो मोन्ना ने २१९.८ अंक हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। उदयवीर सिद्धू ने फाइनल से पहले क्वालिफिकेशन दौर में ५८५-१९ एक्स का स्कोर किया था। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने फाइनल में शानदार निशाना लगाते हुए क्वालीफिकेशन के चौथे स्थान को पहले स्थान में बदल दिया और पीला तमगा जीत लिया। भारत के एक अन्य निशानेबाज जोनाथन गेविन एंटनी ने क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे

खिताब ले उड़ा विकास इण्टर कालेज

खेलो इण्डिया अस्मिता महिला हाकी लीग



वाराणसी। विकास इण्टर कालेजने डाक्टर भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल बड़ा लालपुर के एस्ट्रो टर्फ पर रविवार को भारत सरकारके खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और हाकी इण्डियाके समन्वय से आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता महिला हाकी लीग का खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में उसने लाल बहादुर शास्त्री क्लब को ४-० से पराजित किया। विकास इण्टर कालेज ने शुरुआत से ही विपक्षी टीम पर दबाव बना लिया जिससे वे अन्त तक उबर नही सकीं। इसका फायदा उसने उठाया और मनचाहे अंदाज में गोल दागा। विजेता टीमके लिए मोनिका गुप्त और प्राची ने दो-दो गोल किये। इससे पहले खेले गये सेमीफाइनल में विकास इण्टर कालेज ने लालपुर स्टेडियम को १-० से तथा लाल बहादुर शास्त्री क्लब ने लायंस विद्या मंदिर को २-० से पराजित किया। मैच के पश्चात हाकी वाराणसी के अध्यक्ष डाक्टर एके सिंह ने खिलाड़ियोंको पदक देकर सम्मानित किया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी दयाराम विशिष्ट अतिथिके रूप में मौजूद रहे। हाकी वाराणसी के सचिव केवी रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया जबकि अंकित गुप्त ने अतिथियोंका स्वागत एवं इदरीश अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बिना खेले अरुणाचल प्रदेशको गंवाना पड़ा मैच

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। अरुणाचल प्रदेश को राज्य के क्रिकेट संघ में विवाद के चलते नगालैण्ड के खिलाफ रविवार से अहमदाबाद में शुरू होने वाला रणजी ट्राफी प्लेट ग्रुप का अपना पहला मैच गंवाना पड़ा। इस मैच को रद कर दिया गया। यह फैसला राज्य क्रिकेट संघ में दो गुटों के बीच विवाद और गौहाटी उच्च न्यायालय की इटानगर पीठ के समक्ष लंबित मामले के कारण उत्पन्न प्रशासनिक संकट के मद्देनजर लिया गया है। इससे पहले अरुणाचल प्रदेश गुरुवार को भुवनेश्वर में सिक्किम के खिलाफ वीनू मांकड़ ट्राफी मैच में भी अपनी अंडर-१९ टीम को मैदान में नहीं उतार पाया था। अरुणाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के सितम्बर में चुनाव कराये गये थे जिसमें नबम विवेक अध्यक्ष चुने गये। बाद में हालांकि कई जिला संघों ने चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए गौहाटी उच्च न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा है और बीसीसीआईको हस्तक्षेप करने और बिहारके मामलेकी तरह स्वतंत्र चयन पैनल गठित करने से रोक दिया है।

उत्तर प्रदेश को हरा पश्चिम बंगाल चैम्पियन



सेवा संकल्प टी-२० ट्राफी

वाराणसी। प्लेयर आफ द मैच महेश साव (५६ रन) के अर्द्धशतक के दम पर पश्चिम बंगाल ने यहां डाक्टर सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स सिगरा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर खेली गयी सेवा संकल्प ट्राफी टी-२० दिव्यांग राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगितामें उत्तर प्रदेशको आठ विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेशने पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमवीर के ४७ रनों के सहारे १८.५ ओवर में ११२ रन बनाये। प्रणव आरव और मुदस्सर ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में पश्चिम बंगाल की टीम ने महेश की आक्रामक पारी के सहारे ११.४ ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उत्तरप्रदेश के ओमवीर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा प्लेयर आफ द टूर्नामेंट, यहीं के जेपी सिंह को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। मैच के पश्चात केन्द्रीय युवा मामले खेल, श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और पदक प्रदान किये। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यमसे दिव्यांगजन न केवल शारीरिक एवं मानसिक रूपसे सशक्त होते हैं बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूपसे भी उन्हें संबल प्राप्त होता है। प्रदेशके खेलमंत्री गिरीश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांग खिलाड़ियोंको आधारभूत सुविधा उपलब्ध करानेके लिए तैयार है। मैच के दौरान अमूल उपाध्याय और वरुण ने अपनी कमेंटरी से सबका मन मोहा। इस मौके पर पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य अन्नपूर्णा सिंह, डाक्टर अशोक चौरसिया, सिद्धार्थ सिंह, डाक्टर उत्तम ओझा, संजय चौरसिया, रवि प्रताप सिंह, स्वामी कृपानंद महाराज, अनिल शास्त्री विमल जैन, शशि भूषण त्रिपाठी, रोशन द्विवेदी, रामयश मिश्र आदि मौजूद रहे।

काशी विद्यापीठ की रोमांचक जीत

वाराणसी। काशी विद्यापीठ ने लालपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालयमें हो रही अंतर महाविद्यालयीय हैण्डबाल प्रतियोगितामें रविवार को कड़े संघर्षमें सिएट कालेजको ६-४ से पराजित कर दिया। आज ही खेले गये एक अन्य मुकाबले में जीवनदीप महाविद्यालयने डाक्टर घनश्याम सिंह पीजी कालेजको ६-२ से हराया। उधर सिएट कालेज गहनी ने धीरेन्द्र महिला पीजी कालेज को ४-० से शिकस्त दी। इससे पूर्व प्रतियोगिताका उद्घाटन विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक प्रोफेसर मीरा यादव ने किया। इस मौकेपर प्रो. मृदुला व्यास, मोहम्मद मुर्शरफ खां, वीणा, डाक्टर अमित सिंह, डाक्टर सिद्धार्थ सिंह, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

४२ स्वर्ण के साथ वाराणसी ओवरआल चैम्पियन

आल यूपी ओपन कराटे



वाराणसी। वाराणसी के खिलाड़ियोंने बेहतरीन दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए खुशहाल नगर स्थित ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल में खेली गयी ११वीं आलोक तिवारी मेमोरियल आल यूपी ओपन कराटे चैम्पियनशिप में ४२ स्वर्ण पदक के साथ ओवरआल चैम्पियन बना। भदोही दूसरे, मीरजापुर तीसरे, जौनपुर चौथे, गाजीपुर पांचवें और गोरखपुर छठे स्थानपर रहा। मानव एकेडमी आफ मार्शल आर्ट इंडियाके बैनरतले हुई इस प्रतियोगितामें प्रदेशके १७ जिलों के ४६३ खिलाड़ियोंने प्रतिभाग किया। प्रतियोगितामें शशि शेखर शर्मा, शोभनाथ पटेल, प्रभु प्रकाश, अभिषेक सैनी, प्रिंस कुमार, विवेक गुप्त, माया पटेल ने रेफरी की भूमिका निभाई जबकि अंशु पाण्डेय, आदेश विश्वकर्मा निर्णायक मण्डलमें रहे। प्रतियोगिताके पश्चात स्कूल के निदेशक डाक्टर राकेश सिंह ने विजेता-उपजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की। इस मौकेपर अकादमी के संरक्षक श्वेत प्रकाश, मनो चिकित्सक डाक्टर राम प्रकाश पाल, पंकज चतुर्वेदी, श्रेयांश सिंह, भावना सिंह, दिव्यांश सिंह, प्रियंका सिंह, विश्वनाथ मौर्य, किसलय पटेल आदि मौजूद रहे।

हर्ष के दमपर जीता स्टेडियम इलेवन

वाराणसी। हर्ष यादव (दो विकेट, ४८ रन) के हरफनमौला खेलकी बदौलत स्टेडियम इलेवन ने यहां आर्य विद्या सभा काशी औसानगंज के मैदानपर खेली जा रही अण्डर-१९ जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगितामें रविवार को सुपर क्रिकेट क्लबको एक विकेट से पराजित कर रोमांचक जीत दर्ज की। शिवपुर ने पहले खेलते हुए ३५ ओवर में चार विकेट खोकर १९३ रन बनाये। रुद्रांश सिंह ने ७६, अर्थव सिंह ने ५९ रन की पारी खेली। जवाबमें स्टेडियम इलेवन ने ३३.५ ओवर में नौ विकेट खोकर १९७ रन बना लिए। हर्षके अलावा कप्तान विकास यादव ने २९ रन बनाये। नितेन्द्र सिंह ने तीन विकेट चटकाये जबकि रोहित पटेल और शिवम यादवको दो-दो विकेट मिले।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल सोमवार, 12 अक्टूबर 2026

मेष-	नवसमाचार से खुशी, निराशा का समापन,सफलता का सुयोग, आकस्मिक लाभ।
वृषभ-	स्वनिर्णय लाभकारी, इच्छा की पूर्ति, आनन्द की अनुभूति, यश प्रतिष्ठा में वृद्धि।
मिथुन-	शारीरक सुख, विलासिता में रुझान, सुसमाचार की प्राप्ति, पारिवारिक खुशी।
कर्क-	समस्या प्रभावी, स्वास्थ्य में शिथिलता, प्रतिष्ठा में कमी, दाम्पत्यजीवन में मतभेद।
सिंह-	उन्नति का सुअवसर, प्रियजनों का सहयोग, राजनैतिक लाभ, खुशी का महौल।
कन्या-	मनोवांछित सफलता, धर्म के प्रति आस्था, प्रतियोगिता में सफलता, यात्रा सार्थक।
तुला-	अभिलाषा पूर्ण, व्यवसाय में प्रगति, आहार-विहार में नवीनता, लक्ष्य की पूर्ति।
वृश्चिक-	व्यवसायिक हानि, स्वास्थ्य प्रतिकूल, अनावश्यक खर्च, सम्बन्धों में कटुता, निराशा।
धनु-	योजना साकार, परिवार में हर्षोल्लास, उत्तरदायित्व की पूर्ति, नौकरी में पदोन्नति।
मकर-	स्वास्थ्य सुधार पर, नौकरी में प्रोन्नति, नवसमाचार की प्राप्ति, मानसम्मान में वृद्धि।
कुम्भ-	महत्वपूर्ण उपलब्धि, राजकीय पक्ष से लाभ, बकाए धन की प्राप्ति, मन प्रसन्न।
मीन-	धनागम में बाधा, मानसिक तनाव, वैचारिक अस्थिरता, मित्रों से गलतफहमी।

आज है जिनका जन्मदिन 12 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 12 का मूलांक 3 का स्वामी ग्रह वृहस्पति एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। स्वाभिमानी, गंभीर व महत्वकांक्षी व्यक्ति होंगे। आपके व्यक्तित्व में साहस और प्रतिभा का अद्भुत समावेश रहेगा। बात ही बात में अपरिचितों को भी वश में कर लेने में सक्षम होंगे। आने वाली बाधाओं का सामना धैर्यपूर्वक करने को तैयार रहेंगे। न तो किसी के अधीन रहकर कार्य करेंगे और न ही किसी के समक्ष झुकेंगे। आपवाद विवाद से दूर ही रहने का प्रयत्न करेंगे। कोई भी व्यक्ति सहज ही पर विश्वास कर लेगा। दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। धार्मिक अध्यात्मिक कृत्यों में भी आपकी आस्था रहेगी। सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों में अधिक रूचि लेंगे। काव्य, कला, संगीत एवं साहसिक कार्यों की ओर भी झुकाव रहेगा। इष्ट देवी-देवता की अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बृहस्पति ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। समाज सेवा निःस्वार्थ भाव से करें। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ बृं बृहस्पतये नमः	मास	: मार्च, अक्टूबर एवं अक्टूबर
व्रत	: बृहस्पतिवार	वर्ष	: 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66
दिन	: रविवार, मंगलवार एवं गुरुवार	रंग	: सफेद एवं क्रीम
दिनांक	: 3, 12, 21, 30	जन्मरत्न	: पोखराज उपरत्न : गोल्डेन टोपाज
अंक	: 1, 7	जड़ी	: बेल की जड़ दिशा : ईशान

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—19 फरवरी से 20 मार्च, 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर

यन्त्र

10	5	12
11	9	7
6	13	8

सुडोकू ४०८१

सरीका खेलने का: दिमागी खेल और नम्बरों को पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। अगर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के प्रत्येक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। खाने की 3x3 के प्रत्येक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल अब खाली है।

			9					
		4				6		7
2				5				
	6	8						
1		7						
			5				3	
9							5	
				7	6			8

6	2	3	9	5	7	8	4	1
1	7	9	8	4	3	5	6	2
8	4	5	2	1	6	7	9	3
5	8	4	3	7	2	6	1	9
3	9	1	6	8	5	2	7	4
7	6	2	1	9	4	3	8	5
9	5	6	7	2	1	4	3	8
4	3	8	5	6	9	1	2	7
2	1	7	4	3	8	9	5	6

हल: ४०८०

गृह कलह से तंग युवक ने नदी में लगायी छलांग

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के पट्टी गांव निवासी 18 वर्षीय आकाश गोंड ने रविवार दोपहर पारिवारिक विवाद के चलते तमसा नदी के पुल से छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने नाव के सहारे युवक की तलाश की, लेकिन देर तक उसका कोई पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार, आकाश रविवार दोपहर करीब दो बजे साइकिल से तमसा नदी के पुल पर पहुंचा। वहां पहुंचने के बाद उसने अचानक नदी में छलांग लगा दी। पुल से गुजर रहे लोगों ने युवक को नदी में कूदते देख शोर मचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वलीदपुर चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी नूरआलम

शव ढूंढने में जुटी एनडीआरएफ की टीम

मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से नाव के जरिए नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। हालांकि, काफी प्रयास के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने नदी में उतरकर युवक की तलाश शुरू की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका था।

फोटोग्राफी सेंटर में आग

अमिला(मऊ)। बोझी बाजार में शार्ट सर्किट से शुभम फोटोग्राफी सेंटर में आग लगने से एक लाख का सामान जलकर राख हो गया। समय रहते बुझ जाने से आस-पास की दुकानें बच गयी।

सड़क हादसे में मां-बेटी घायल

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के बेलौली चट्टी के समीप रविवार की सुबह सवारी वाहन के इन्तेजार के खड़ी माँ बेटी एक अनियंत्रित बाइक के चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गई । आनन-फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मण्डाव मे भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के पदार्थपुर निवासी नौलखी पत्नी नीलकमल 28 वर्ष अपनी तीन वर्षीय पुत्री शिवांशी के साथ किसी काम वस बेलौली चट्टी पर गई थी घर वापस आने के लिये रामपुर थाना के समीप खड़ी होकर सवारी वाहन का इन्तेजार कर रही थी की उसी दौरान एक अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें माँ बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई आनन-फानन में उपस्थित लोगों ने माँ बेटी दोनों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मण्डाव में भर्ती कराया । जहाँ शिवांशी की स्थिति को गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। उधर वक्त की नजाकत को भापते हुए बाइक सवार मौके से बाइक लेकर रफूचक्कर हो गया।

चुनाव में अब बारह दिन शेष, अजीत सिंह के जनसम्पर्क अभियान ने पकड़ी रफ्तार



मऊ। गोरखपुर-फैजाबाद क्षेत्र से शिक्षक एमएलसी के रूप में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अजीत कुमार सिंह मतदाताओं के बीच लगातार पहुँच रहे

गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक एमएलसी के लिए निर्वाचन २३ को

हैं। स्थिति यह है कि एक-एक दिन में वे 22-22 डिग्री कालेजों में पहुँचकर जन सम्पर्क करते हुए एक कदम बदलाव की ओर नारा दे रहे हैं। चुनाव में अब बारह दिन ही शेष बचे हैं। जिससे उनके मिलने-जुलने की रफ्तार और तेज हो गयी है। श्री सिंह जहां भी जा रहे हैं,उन्हें मतदाता शिक्षक बेपनाह मोहब्बत लुटा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह चुनाव 17जिलों का होता है और शिक्षक एमएलसी चुनाव के मतदाता भी 17 जिलों में विखरे होते हैं। जिससे यह चुनाव विधायक और सांसद के निर्वाचन क्षेत्रों से कई गुना बड़ा होता है। जिससे शिक्षक एमएलसी का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

दशहरा तक सभी कार्य पूर्ण करें-रामप्रताप



चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर के वार्ड नंबर 7 मुबारकपुर में स्थित खाकी बाबा की कुटी के पोखरे का सुंदरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दो करोड़ रुपए आवंटित किया गया है। उक्त पोखरे पर हो रहे निर्माण कार्य का रविवार को निरीक्षण करते हुए चेयरमैन रामप्रताप यादव ने ठेकेदार को सुंदरीकरण से संबंधित सभी कार्य दशहरा तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। इस दौरान चेयरमैन ने बताया कि पोखरे पर हो रहे सुंदरीकरण कार्य में घाट का निर्माण, पोखरे का सुंदरीकरण,पाथवे का निर्माण, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, शौचालय का निर्माण, फव्वारे के साथ शंकर भगवान की प्रतिमा आदि कार्य कराये जाने हैं। जिनमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कुछ कार्य बाकी हैं, जिन्हें दशहरा तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाएगा। ताकि दशहरा के

सुंदरीकरण कार्य का चेयरमैन ने किया निरीक्षण, दो करोड़ की लागत से हो रहा कार्य

बाद पूर्णमासी के दिन स्थानीय नगर के लगने वाले में स्थानीय नगरवासियों सहित क्षेत्र के आस-पास के लोग मेला के साथ ही इस पोखरे के मनोहारी दृश्य और इसकी भव्यता का आनंद ले सकें। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के लिपिक सत्येन्द्र कुमार, ठेकेदार सुनील कुमार, श्रीराम जानकी मंदिर (खाकी बाबा कुटी) ट्रस्ट के महामंत्री वीरेंद्र यादव, महेंद्र मौर्य, अजीत यादव,बीनू पाण्डेय, हरिओम यादव,अंगद पाण्डेय, लियाकत अली, राजबहादुर आदि लोग उपस्थित रहे।

करेंट से मरे तीन युवकों के परिजनों से मिले मंत्री

मऊ। नगर के दक्षिण टोला थाना अंतर्गत इस्लामाबाद मोहल्ले में विगत दिनों शादी में टेंट लगाते समय हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हुई तीन युवकों की दुखद मौत के बाद प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी अंसारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य के साथ पीड़ित परिवार से भेंट कर इस घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए परिवार के लोगों को ढाढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को प्रदेश सरकार से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस सतर्क

प्रतिमा स्थापना स्थलों का किया निरीक्षण

सूरजपुर (मऊ)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में रसूलपुर चौकी प्रभारी नवीन कुमार कुशवाहा ने पुलिस बल के साथ दोहरीघाट थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बाजारों का भ्रमण कर दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने बेला कसैला, करुवीर, मिश्रौली, जमुनीपुर, रसूलपुर, सूरजपुर, महुआबारी और बड़की बारी सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर प्रतिमा स्थापना स्थलों का जायजा लिया। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के उद्देश्य से पुलिस ने स्थलों की स्थिति का आकलन किया।पुलिस प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।













मारपीट के मामले में आधा दर्जन के विरुद्ध एफआईआर

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबारी के नई बस्ती मे एक युवक को मारने के बाद कट्टा लहराते हुए दरवाजे पर आकर माँ बहन की भद्दी -भद्दी गालियां देते हुए लोहे के राड व डंडा से गेट तोड़ने के मामले में पुलिस ने एक विधवा महिला की तहरीर पर छ: नामजद एवं 10 अज्ञात युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक़दमा दर्ज किया है। पूनम यादव पुत्र स्व दीपन यादव का आरोप है कि 6अक्टूबर को 11 बजे दिन में मेरे भाई के लड़के को गांव के शिवम् यादव पुत्र सूर्यभान ने बुरी तरह मारने पीटने के वाद गोल बना कर सूर्यभान पुत्र बाके, शिवम व सुनील पुत्रगण सूर्यभान निवासी भगत पुरा राजेश पुत्र रामावध निवासी जारलहवा धर्मपुर, शिवम् पुत्र विजय यादव आशुतोष पुत्र रामभवन निवासी लक्ष्मी पुर व अन्य दस अज्ञात लोगों के साथ मेरे दरवाजे पर कट्टा लहराते हुए आया और सभी लोग माँ बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे मेरे पुत्र एवं पुत्री द्वारा गाली देने का कारण पूछा गया तो क्षुब्ध होकर उपरोक्त लोग लाठी और लोहे के राड से मेरा गेट तोड़ने लगे । बार बार जान से मारने की धमकी दे रहे थे । बच्चों को बचाने के लिये मैं मौके पर पहुंची तो उपरोक्त लोग गाली गुप्ता देते हुए धक्का दे कर मुझे गिरा दिये । इस घटना से मेरा पूरा परिवार भयभीत है । इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर उपरोक्त छ: नामजद एवं दस अज्ञात युवकों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

१७ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 17 अनधिकृत रूप से पाए जाने पर इनका ई चालान किया।

समाचार विक्रेता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये मनोज कुमार गुप्ता

मऊ। जनपद मऊ के समाच. ार पत्र विक्रेता संघ का सांगठनिक चुनाव वर्ष 2026 आज सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान मनोज गुप्ता को सर्वसम्मति से संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अखबार वितरण सेंटर पर पहुंचकर सभी प्रतिनिधियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में चुनावी परिणामों की आधिकारिक घोषणा की। तत्पश्चात पर्यवेक्षकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज गुप्ता को चुनाव परिणाम का प्रमाण पत्र (जीत का प्रमाण पत्र) सौंपा। मनोज गुप्ता के निर्विरोध विजेता बनने की घोषणा सुनते ही उपस्थित सभी हाकरों एवं समाच. ार पत्र विक्रेताओं में भारी उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों



एवं प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी समाचार पत्र विक्रेताओं व हाकरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती और विक्रेताओं के हित एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। चुनाव परिणाम घोषित करते समय, पर्यवेक्षक संजय राय, लक्ष्मी चौरसिया व बसंत कुमार उपस्थित रहे। मितेश पाण्डेय, रामअवतार, दीन दयाल, जमील खान, कुंदन, विनय बबलू लुल्लु, मनोहर, दीपक, धीरज मद्धेशिया, रोशन, राजेश, राजेंदर, भोला, रंजीत, राम. बिलाश, जय राम, राजेश गौतम प्रमोद उपस्थित रहे।

अमिला की रामलीला शुरू, बीस को जलेगा रावण

अमिला(मऊ)। सअमिला की अति प्राचीन और ऐतिहासिक श्री ठाकुर द्वारा रामलीला समिति के तत्वाधान में इस वर्ष 11 अक्टूबर दिन रविवार से श्री रामलीला महोत्सव की भव्य तैयारी मुकुट पूजन के साथ शुरू हो गयी ।दो सौ वर्ष से अधिक पुरानी यह रामलीला पूरी तरह से स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा मंचित की जाती है। क्षेत्र के लोगों में इसके प्रति गहरी आस्था और विश्वास है। यही कारण है कि रोजगार या व्यवसाय के सिलसिले में देश-विदेश में रहने वाले लोग भी छुट्टी लेकर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। जबकि जो नहीं आ पाते, वे समिति को सहयोग राशि भेजते हैं। अमिला में रामल. ीला का शुभारंभ करीब दो शताब्दी पहले स्व. राधे राय के पूर्वजों ने किया था। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ प्रसाद गुप्त, विजय बहादुर राय, जंगी राय,आनंद मोहन राय (गाजर राय)जैसे प्रतिष्ठित लोगों ने समय-समय पर इसका कमान संभाला। वहीं अमिला रामलीला मंच से आस्था व विश्वास की बात की जाय तो दशकों से जुड़े कलाक. ार आज शासन प्रशासन के उच्च पदों पर आसीन है । वर्तमान में रामलीला समिति का संचालन बतौर समिति के अध्यक्ष गुलाब चन्द साहू के नेतृत्व में सुबाष चन्द गुप्त, शिक्षक अवधेश गुप्त, दिनेश कुमार गुप्त (चौधरी), सुभाष चन्द साहू, आकाश जायसवाल, रामू और सामू, संदीप साहू, श्याम साहू सहित अन्य सदस्य कर रहे हैं। बाल कलाक. ारों में देव पांडेय, आयुष गुप्ता, शिवम गुप्ता, कृष साहू, कृष्णा प्रजापति, गोलू गुप्ता और रूपेश प्रजापति विभिन्न भूमिकाएं निभाएंगे। दशहरा मेला 20 अक्टूबर को होगा, जबकि 21 अक्टूबर को भरत मिलाप और 25 अक्टूबर को श्रीराम का राज्याभिषेक व राजगद्दी के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शराब की दुकान के पास शव मिलने से सनसनी

घोसी(मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी खुर्द गांव के बाहर रविवार सुबह देशी शराब की दुकान के समीप ट्यूबवेल के पास एक 68 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी ओमप्रकाश पुत्र स्व. पांचू के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार ओमप्रक. ाश शनिवार शाम घर से निकले थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह गांव के बाहर शराब की दुकान के पास शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों के साथ परिजन मौके पर पहुंचे। वहां ओमप्रकाश का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर मृतक के पास देशी शराब भी मिलने की बात सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि ओमप्रकाश अक्सर शराब का सेवन करते थे। आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक शराब पीने के कारण उनकी मौत हुई होगी।इस संबंध में घोसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनाथ राय ने बताया कि अत्यधिक शराब सेवन से मौत होने की आशंका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मृतक अपने पीछे पत्नी लालमती और पुत्र राममिलन सहित परिवार के अन्य सदस्यों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल।

महिलाओं को किया जागरूक

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। मिशन शक्ति टीम व पी ए सी बल के साथ पैदल मार्च किया गया तथा सोनौरा में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया।

जनता ने संभाली सोने लाल की विरासत-अनुप्रिया

अमिला (मऊ)। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनपद मऊ के अमिला से सटे गोफा प्राथमिक विद्यालय के बगल मे उपस्थित हजारों महिला पुरुष के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यहां की जनता ने पार्टी और उसके संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल को हमेशा अपार स्नेह दिया है। उन्होंने कहा कि मऊ की धरती ने डा.. सोनेलाल पटेल को सिक्कों से तौलकर अपना सम्मान और स्नेह प्रकट किया था, जिसे पार्टी कभी नहीं भूल सकती। उन्होंने कहा कि जब डा. सोनेलाल पटेल की तबीयत खराब थी, तब विपक्षी दलों ने मान लिया था कि अपना दल समाप्त हो जाएगा। लेकिन जनता के अपार स्नेह और सहयोग ने पाटी को नई ताकत दी। पहली बार चुनाव में जनता ने भरपूर समर्थन देकर उन्हें बंपर मतों से विजयी बनाया।

संक्षिप्त समाचार

शैलपुत्री की पूजा

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। शारदीय नवरात्र को लेकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही भक्तों द्वारा कलश स्थापित करके एवं घरों में भी लोग व्रत रहकर माता दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा उपासना कर रहे हैं । माता दुर्गा के जहां भिन्न-भिन्न रूप है। वहीं भक्तों द्वारा रविवार को प्रथम दिन विभिन्न दुर्गा मंदिरों में कलश स्थापित कर माता शैलपुत्री की पूजा उपासना की जा रही है । नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित दुर्गा मंदिर, चौक स्थित दुर्गा मंदिर, मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, कैलेंडर तिराहा स्थित दुर्गा मंदिर आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्त माता दुर्गा को चुनरी नारियल विभिन्न फल को मां दुर्गा के समक्ष कलश स्थापित कर पूजा उपासना किया।

त्योहारों को देखते हुए खाद्य विभाग का छापा

मऊ। सहायक आयुक्त (खाद्य)मऊ, मंजूषा सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने देकवारा, कोपागंज स्थित मेसर्स नयन डेयरी पर औचक छापेमारी की। मिलावट के संदेह में स्किम्ड मिक्स मिल्क, सोडियम कार्बोनेट, खोया, स्किम्ड मिल्क पाउडर, घी एवं मिल्क क्रीम के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला भेजे जाने की काररवाई की गई। निरीक्षण के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में भंडारित 60 लीटर दूध, जिसकी अनुमानित कीमत 2,400 रुपये तथा 90 किला. ग्राम मिल्क क्रीम, जिसकी अनुमानित कीमत 27,000 रुपये है, को नियमानुसार मौके पर नष्ट करा दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में १५३ मरीजों की जांच कर दी दवाएं

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन स्थानीय साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत करहां समेत चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया गया। इस दौरान चारों स्वास्थ्य केंद्र मिलकर चिकित्सकों ने 153 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा दी । इस मौके पर डाक्टर जावेद अहमद, डाक्टर संजय चौहान, डाक्टर बलवंत, फार्मासिस्ट हंसराज यादव, उपासना राय, रितेश कुमार ,शिवम पांडे समेत अस्पताल की एएनएम स्टाफ नर्स अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात रहे।

घोसी की ऐतिहासिक रामलीला का मुकुट पूजन के साथ आगाज

घोसी(मऊ)। नगर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ शनिवार देर शाम पारंपरिक श्रीमुकुट पूजन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान सहित भगवान शिव और ब्रह्मा के मुकुटों का पूजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही रामलीला मंचन की तैयारियों ने परंपरागत रूप से गति पकड़ ली। नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने पुरोहित अनिल मिश्र के मंत्रोच्चार के बीच मुकुट पूजन कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया।

मां दुर्गा के नौ स्वरूप और आध्यात्मिक यात्रा

नवरात्र हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। भक्त व्रत रखते हैं, मंदिरों में दर्शन करते हैं और मां से सुख, शांति तथा समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि नवरात्रि नौ दिनों तक ही क्यों मनाई जाती है? इसके पीछे केवल धार्मिक मान्यता ही नहीं, बल्कि पौराणिक कथाएं, अंक ज्योतिष और आध्यात्मिक विचार भी हैं। चलिए इसके बारे में विस?तार से जानते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महिषासुर नाम का एक शक्तिशाली असुर था। उसके अत्याचारों से देवता और मनुष्य परेशान थे। उसे वरदान प्राप्त था, जिसके कारण देवताओं के लिए उसे हराना कठिन हो गया था। तब सभी देवताओं की शक्तियों से मां दुर्गा प्रकट हुईं। कुछ धार्मिक कथाओं में देवी और महिषासुर के बीच भयंकर युद्ध का वर्णन मिलता है। मान्यता है कि यह युद्ध नौ दिनों तक चला। मां दुर्गा ने अपने अलग-अलग रूपों और शक्तियों से असुर की सेना का सामना किया। अंत में दसवें दिन महिषासुर का वध हुआ और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इसी विजय की याद में नौ दिनों तक नवरात्र और दसवें दिन विजयादशमी मनाई जाती है। न्यूमेरोलॉजी में अंक 9 को विशेष महत्व दिया जाता है। अंक ज्योतिष में इसे पूर्णता, ऊर्जा और परिवर्तन का प्रतीक माना जाता है। गणित में भी नौ की एक दिलचस्प विशेषता है। किसी संख्या को नौ से गुणा करने पर प्राप्त उत्तर के अंकों का योग कई बार नौ ही पाया जाता है। उदाहरण के लिए, 9 को 2 से गुणा करने पर 18 मिलता है। अब 1 और 8 को जोड़ें, तो उत्तर 9 आता है। इसी तरह 9 को 5 से गुणा करने पर 45 मिलता है और 4 तथा 5 का योग भी 9 होता है। इसलिए अंक ज्योतिष में इस अंक को पूर्णता और निरंतरता से जोड़कर देखा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में मानव शरीर को नौ द्वारों वाला नगर भी कहा गया है। सामान्य रूप से इन नौ द्वारों में दो आंखें, दो कान, दो नथुने, मुंह, जननेंद्रिय और गुदा शामिल हैं। इस विचार का उल्लेख भगवद्गीता में भी मिलता है, जहां शरीर को नौ द्वारों वाले नगर के रूप में समझाया गया है। इसका आध्यात्मिक अर्थ यह है कि मनुष्य अपनी इंद्रियों के माध्यम से बाहरी दुनिया से जुड़ता है। नवरात्र के नौ दिनों को आत्मचिंतन, इंद्रियों पर नियंत्रण और मन को शुद्ध करने के अवसर के रूप में देखा जाता है। यह भी एक कारण हो सकता है कि नवरात्र को नौ दिनों तक मनाया जाता है। नवरात्र के प्रत्येक दिन मां दुर्गा के एक स्वरूप की पूजा की जाती है। इन नौ स्वरूपों को नवदुर्गा कहा जाता है। इनमें मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री शामिल हैं। इन सभी स्वरूपों के अपने अलग-अलग धार्मिक और आध्यात्मिक अर्थ हैं। इसलिए भी नवरात्र को नौ दिन तक मनाया जाता है।



मां दुर्गा ने अपने अलग-अलग रूपों और शक्तियों से असुर की सेना का सामना किया। अंत में दसवें दिन महिषासुर का वध हुआ और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इसी विजय की याद में नौ दिनों तक नवरात्र और दसवें दिन विजयदशमी मनायी जाती है।

धार्मिक ग्रंथों में मानव शरीर को नौ द्वारों वाला नगर भी कहा गया है। सामान्य रुप से इन नौ द्वारों में दो आंखें, दो कान, दो नथुने, मुंह, जननेंद्रिय और गुदा शामिल हैं। इस विचार का उल्लेख भगवद्गीता में भी मिलता है, जहां शरीर को नौ द्वारों वाले नगर के रूप में समझाया गया है। इसका आध्यात्मिक अर्थ यह है कि मनुष्य अपनी इंद्रियों के माध्यम से बाहरी दुनिया से जुड़ता है। नवरात्र के नौ दिनों को आत्मचिंतन, इंद्रियों पर नियंत्रण और मन को शुद्ध करने के अवसर के रूप में देखा जाता है। यह भी एक कारण हो सकता है कि नवरात्र को नौ दिनों तक मनाया जाता है।





मैहर का पौराणिक महत्व

नवरात्र का उत्सव मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, शारदीय नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और व्रत करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और जीवन में आने वाले संकट दूर हो जाते हैं। शारदीय नवरात्र के दौरान हर तरफ मां दुर्गा के भजन सुनने को मिलते हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मैहर का अर्थ है माई का हार। जब भगवान शिव माता सती के पार्थिव शरीर को लेकर तांडव कर रहे थे, तब इसी स्थान पर सती का हार गिरा था, जिसकी वजह से यह अत्यंत पवित्र शक्तिपीठ माना जाता है।

स्थित त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां शारदा के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां शारदीय नवरात्र में कई सुंदर भजन सुनने को मिलते हैं, जिनमें अंगना पधारो मोरी शारदा भवानी... भी प्रमुख रूप से शामिल है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मैहर का अर्थ है माई का हार। जब भगवान शिव माता सती के पार्थिव शरीर को लेकर तांडव कर रहे थे, तब इसी स्थान पर सती का हार गिरा था, जिसकी वजह से यह अत्यंत पवित्र शक्तिपीठ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां मां भवानी बुद्धि और शक्ति की देवी शारदा के रूप में भक्तों का कल्याण करती हैं। यह भजन मां शारदा को समर्पित एक बेहद लोकप्रिय और भावपूर्ण गीत है। इसके बोलों में एक भक्त की गहरी आस्था, प्रेम और माता के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना देखने को मिलती है। इस पंक्ति का सीधा अर्थ है कि हे मेरी मां शारदा भवानी! आप मेरे आंगन पधारिए। यहां आंगन का अर्थ भक्त का मन और हृदय है। इस भजन के द्वारा भक्त मां से विनती कर रहा है कि वे त्रिकूट पर्वत से उतरकर उसके जीवन और हृदय में निवास करें। वैसे तो सालभर यहां देवी के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त आते हैं, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्र के दौरान मैहर की छटा देखने लायक होती है। इस दौरान लाखों की संख्या में भक्त मां भवानी का आशीर्वाद लेने त्रिकूट पर्वत पहुंचते हैं।

नवरात्रि का आध्यात्मिक अर्थ और महत्व

नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें। नव का अर्थ है नौ और रात्रि का अर्थ है रात। रात्रि आराम और ताजगी प्रदान करती है। रात के दौरान,आप नींद के माध्यम से अंदर की ओर मुड़ते हैं और सुबह आप तरोताजा और आराम महसूस करते हुए उठते हैं। उसी तरह, नवरात्रि या नौ रातें साल का वह समय होता है जब आपको गहन विश्राम का अनुभव करने का मौका मिलता है। यह गहन विश्राम सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति और रचनात्मकता लाता है।



नवरात्रि यानि माता के 9 दिन। हर साल 2 बार नवरात्रि आती हैं। एक चैत्र नवरात्रि दूसरी शारदीय। दोनों ही नवरात्रियों का खास महत्व होता है। सिर्फ धार्मिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक तौर पर भी व्यक्ति इसका फायदा उठा सकता है। इन दिनों में साधना करने से व्यक्ति अपनी चेतना के स्तर को और बढ़ा सकता है। ये दिन आत्मसाक्षात्कार में भी फायदेमंद होते हैं। नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें। नव का अर्थ है नौ और रात्रि का अर्थ है रात। रात्रि आराम और ताजगी प्रदान करती है। रात के दौरान, आप नींद के माध्यम से अंदर की ओर मुड़ते हैं, और सुबह आप तरोताजा और आराम महसूस करते हुए उठते हैं। उसी तरह, नवरात्रि या नौ रातें साल का वह समय होता है जब आपको गहन विश्राम का अनुभव करने का मौका मिलता है। यह गहन विश्राम सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति और रचनात्मकता लाता है। इस अवधि के दौरान किए गए उपवास, ध्यान, प्रार्थना और अन्य आध्यात्मिक अभ्यास इस गहरे आराम को लाने में मदद करते हैं। यहां तक कि इस समय के दौरान इंद्रियों पर कंट्रोल करने से भी हम विश्राम की अवस्था पा सकते हैं। यही कारण है कि धार्मिक तौर पर इस समय खान-पान और लाइफस्टाइल से जुड़े नियम बताए गए हैं। हमारी आत्मा अजर है अमर है और इस ब्रह्मांड में अनादिकाल से है। हमारी आत्मा ही है जो इस ब्रह्मांड की ऊर्जा का स्रोत बनकर उससे कनेक्ट कर सकती है। नवरात्रि के 9 दिनों में इन्हीं ब्रह्मांडीय ऊर्जाओं तक पहुंचा जा सकता है क्योंकि कुछ सूक्ष्म ऊर्जाएं इन दिनों हमारे साथ खुद कनेक्ट करने की कोशिश करती हैं। ये हमें आत्मा की खोज के लिए प्रेरित करती हैं। नवरात्रि के समय किया गया ध्यान, मंत्रजाप और प्रार्थना ना सिर्फ मन की शांति का कारण बनते हैं बल्कि यह हमें हमारी आत्मा से जोड़ते हैं। जब भी हम अपनी आत्मा के साथ कनेक्शन बनाते हैं तब हम सकारात्मक ऊर्जा से ओत प्रोत हो जाते हैं।

नवरात्रि में रंगों का महत्व

पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। इस दिन नारंगी रंग के वस्त्र धारण करना शुभ माना जाता है। दूसरे दिन सफेद रंग मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी। इस दिन सफेद रंग के वस्त्र धारण करने की परंपरा है। तीसरे दिन लाल रंग मां चंद्रघंटा की आराधना की जाएगी। इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है। चौथे दिन रॉयल ब्लू मां कूष्मांडा की पूजा होगी. इस दिन रॉयल ब्लू यानी गहरे नीले रंग के वस्त्र धारण किए जा सकते हैं। पांचवें दिन पीला रंग मां स्कंदमाता की पूजा की जाएगी। इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। छठे दिन हरा रंग मां कात्यायनी की पूजा होगी। इस दिन हरे रंग के वस्त्र धारण करना शुभ माना जाता है। हरा रंग प्रकृति, विकास और नई ऊर्जा का प्रतीक है। सातवें दिन स्लेटी रंग मां कालरात्रि की पूजा की जाएगी। इस दिन स्लेटी यानी ग्रे रंग के कपड़े पहनने की परंपरा बताई जाती है। आठवें दिन गुलाबी रंग अष्टमी तिथि पर मां महागौरी की पूजा की जाती है। इस दिन गुलाबी रंग के वस्त्र धारण किए जा सकते हैं। नौवें दिन बैगनी रंग नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस दिन बैंगनी रंग के वस्त्र धारण करना शुभ माना जाता है।

श्री ग्रहयंत्रेश्वर/नवग्रहेश्वर माहात्म्यम् ...(काल चक्र)

महादेव उवाच-पूर्वभागे तु भैरवस्य स्थापितं ग्रहयंत्रकम्। यत्र साक्षाद्ग्रहा:सर्वे स्तुवन्ति भैरवं विभुम् ॥ 1 ॥ भैरवस्याज्ञया ते वै फलं यच्छन्ति कर्मणाम्। तत्रैव कालकूपोऽस्ति यत्र काल:स्वयं स्थित: ॥ 2 ॥ तत्रैव सन्निधौ वत्स! घृष्णेशो ज्योतिरव्ययम्। सूक्ष्मरूपेण वसति काशीवासिहितेरत: ॥ 3 ॥ मदाज्ञया यदा जातो भैरव: काशिकापुरे। न देवा:आगतास्तत्र ग्रहा मायाविमोहिता: ॥ 4 ॥ ततो देवेन्द्रवाक्येन भीतास्ते शरणं ययु:। चक्रुस्तत्र महायंत्रं शिवलिङ्गं च पावनम् ॥ 5 ॥ आगमोक्तविधानेन मम पूजां प्रचक्रिरे। भैरवस्य प्रसादेन निर्भयास्ते तदाऽभवन् ॥ 6 ।। महादेव बोले-हे नारद! भगवान कालभैरव के सम्मुख पूर्व दिशा में एक नवग्रह यंत्र स्थापित है, जहाँ साक्षात् नौ ग्रह एकत्र होकर नित्य उनकी स्तुति और आराधना करते हैं। कालभैरव के निर्देशानुसार ही ये ग्रह काशीवासियों को उनके प्रारब्ध और कर्मों के अनुरूप फल प्रदान करते हैं। इसी स्थान के समीप नवग्रहेश्वर लिंग प्रतिष्ठित है और हे पुत्र! यहीं वह सुप्रसिद्ध काल-कूप भी स्थित है, जिसमें स्वयं काल पुरुष विराजमान हैं। इसी कूप के सान्निध्य में भगवान घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग अपने मूल स्थान से आकर सूक्ष्म रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। पूर्व काल में, जब मेरे आदेश से कालभैरव यहाँ स्थापित हुए, तब कुछ समय काल पश्चात समस्त देवी-देवताओं ने यहाँ उपस्थित होकर उनकी वन्दना की, किंतु मायावश ग्रहों के अधिपति नहीं आए। तत्पश्चात, जब इंद्र ने उन्हें कालभैरव की महिमा और रहस्य से अवगत कराया, तब वे भयभीत होकर एक साथ यहाँ पधारे। उन सभी ने भैरव के सम्मुख एक नवग्रह यंत्र निर्मित किया और उसके ऊपर शिवलिंग की स्थापना कर आगम मंत्रों द्वारा मेरा पूजन एवं स्तवन किया। नारद उवाच- नमस्ते देवदेवेश शिवनारायणाव्यय। यंत्रं तदागमं विधिं पूजाया वद मे प्रभो ॥ 7 ॥ गोपनीयं प्रयत्नेन तन्मे कथय सुव्रत। भक्तोऽस्मि तव दासश्च त्वत्प्रसादाभिकाङ्क्षी वै ॥ 8 ॥ नारद जी बोले- हे नाथ! हे शिव-



नारायण! यदि आप मुझे अपना अनन्य सेवक स्वीकार करते हैं, तो कृपा कर मुझे उस नवग्रह यंत्र, विशिष्ट आगम मंत्रों और ग्रहों द्वारा संपन्न की गई उस पूजा विधि का विस्तारपूर्वक बोध कराएं। हे महादेव! यह विषय अत्यंत गोपनीय होने पर भी मुझ पर कृपा कर इसे प्रकट करें। महादेव उवाच- नारद! त्वं स्वभावज्ञश्चज्ञलोऽपि हरिप्रिय:। अतस्तुभ्यं प्रवक्ष्यामि विधिमेतदनुत्तमम् ॥ 67 ॥ गोपनीयं सदा ह्येतद्यथा नारी निजं धनम्। मदीयं पञ्चायतन-भक्तानामेव चाधिकार: ॥ 68 ॥ ग्रहा! श्रृणुत मद्वच: भैरवो मम विग्रह:। अस्यैवाज्ञा मदाज्ञा हि पालनीया प्रयत्नत: ॥ 69 ॥ इदं च स्थापितं लिङ्गं ग्रहयंत्रेश्वरं स्मृतम्। अस्य दर्शनमात्रेण ग्रहपीडा विनश्यति ॥ 70 ॥ कलौ तु मन्दबुद्धीनां मनुजानां हितैषिणा। प्रतिपन्नवर्मी यावत् शुक्लपक्षे च भक्तित: ॥ 71 ॥ य: पठेत्विधिमेतं वै पश्येल्लिङ्गं च पावनम्। ग्रहदोषविनिर्मुक्त: सालोक्यं मोक्षमाप्नुयात् ॥ 72 ॥ किमन्यत् श्रोतुमिच्छास्ति तव देवर्षिसत्तम? ॥ 73 ॥ महादेव बोले- हे नारद! यद्यपि आपका स्वभाव चंचल है, किंतु आपकी अनन्य नारायण-भक्ति को देखते हुए मैंने यह विधि आपको बताई है, परंतु इसे सदैव गुप्त रखना। जिस प्रकार एक कुलवधू की मर्यादा का अधिकार उसके आत्मीय जनों तक सीमित रहता है, उसी प्रकार इस गुप्त विधि पर अधिकार केवल मेरे पंचायतन स्वरूप के अनन्य भक्तों का ही होगा। अत: हे नारद! इसे अपनी नारायण-भक्ति के समान ही सुरक्षित रखना। मेरे प्रकट होते ही नवग्रहों को अभय प्राप्त हुआ और मेरी प्रसन्नता देखकर कालभैरव भी शांत हुए। मैंने ग्रहों से कहा-हे ग्रहपतियों! ये प्रभु कालभैरव मेरी ही शक्ति हैं, आप सभी नित्य इनका अनुसरण करें और इनकी आज्ञा को मेरी ही आज्ञा मानें। तुम्हारे द्वारा स्थापित यह शिवलिंग संसार में ग्रहयंत्रेश्वर के नाम से विख्यात होगा। जो कोई भी सात्विक आगम पद्धति से यहाँ पूजन करेगा, उसके पूर्वजन्मों से लेकर वर्तमान तक के समस्त ग्रह-जनित दोष पूर्णत: समाप्त हो जाएंगे। हे ग्रहों! तुम सभी नित्य प्रात:काल यहाँ उपस्थित होकर कालभैरव की आराधना करो, इससे तुम्हारे ऐश्वर्य में वृद्धि होगी और तुम्हें मेरी भक्ति प्राप्त होगी। हे नारद! कलिकाल (कलयुग) में मानव अल्प-बुद्धि और व्यर्थ के तर्क-वितर्क से ग्रस्त होगा। उस समय मेरे द्वारा बताई गई सात्विक विधि से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक केवल इस पद्धति का पाठ और शिवलिंग के दर्शन मात्र से मनुष्य भीषण कष्टों से मुक्त हो जाएगा और अंतत: आवागमन के चक्र से छूटकर सालोक्य मोक्ष को प्राप्त करेगा। हे नारद! अब आप और क्या सुनना चाहते हैं?